जबलपुर
गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-10
वर्ष : 20, अंक : 169
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 30
न्यून. 19


## खबर संक्षेप

### इलैयाराजा के स्टूडियो को बम से उड़ाने की धमकी



**चेन्नई।** चेन्नई के टी नगर में मशहूर संगीतकार इलैयाराजा के स्टूडियो को मंगलवार को एक ईमेल से बम की धमकी मिली। इसी तरह की धमकी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के दफ्तर को भी आई। ईमेल में कहा गया कि स्टूडियो में बम लगा है। बम निरोधक दस्ता (बीडीडीएस) टीम ने स्टूडियो में तलाशी ली, लेकिन कुछ नहीं मिला।

### भारत का 6.74% निर्यात बढ़ा, अमेरिका में शटडाउन



**नई दिल्ली।** ट्रंप प्रशासन के भारी टैरिफ के बावजूद भारत ने निर्यात में मजबूती दिखाई है। वहीं, अमेरिका में शटडाउन के कारण श्रम मंत्रालय महंगाई का आंकड़ा जारी नहीं कर पाया। सितंबर 2025 में देश का निर्यात 6.74 प्रतिशत बढ़कर 36.38 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह वृद्धि तब हुई है, जब अमेरिका जैसे देश आर्थिक दबावों से जूझ रहे हैं।वहीं, भारत के आयात में भी 16.6% की बढ़ोतरी दर्ज की गई और यह 68.53 अरब डॉलर पर पहुंच गया, वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार अप्रैल-सितंबर के दौरान भारत का कुल निर्यात 3.02% बढ़कर 220.12 अरब डॉलर, जबकि आयात 4.53% बढ़कर 375.11 अरब डॉलर रहा है।

### सीएम ने कहा-जिंदगी से बड़ा कोई काम नहीं, सड़क सुरक्षा नियमों का करें पालन

# सड़क हादसे न्यूनतम हों, मप्र को सुरक्षित यात्रा राज्य के रूप में हम स्थापित करेंगे




सीएम ने कहा कि सरकार ने हादसे के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिकों को 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की योजना शुरू की है

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

जीवन अनमोल है। जल्दबाजी में सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी किसी भी सूरत में उचित नहीं है। दुनिया का कोई भी काम किसी की जिंदगी से बड़ा नहीं होता, इसलिए चाहे जितनी भी जल्दी हो, सड़क पर चलते समय सुरक्षा नियमों का पालन करना हर नागरिक का कर्तव्य है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को प्रशासन अकादमी में सड़क सुरक्षा कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने सड़क सुरक्षा से संबंधित 'संजय एप' लांच किया और आईआईटी मद्रास द्वारा तैयार सड़क सुरक्षा रिपोर्ट का विमोचन किया। कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग द्वारा आईआईटी मद्रास और सेव लाइफ फाउंडेशन के साथ सड़क सुरक्षा के लिए दो महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान हुआ। मुख्यमंत्री ने दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने की अपील की।

**मुख्यमंत्री ने कहा- हेलमेट और सीट बेल्ट लगाना कतई न भूलें**

### एडवांस एप्लीकेशन 'संजय एप' का किया शुभारंभ

- डीडीएचआई और सड़क सुरक्षा प्रबंधन पर हुए दो अलग-अलग एमओयू
- आईआईटी मद्रास द्वारा तैयार पुस्तक एवं रोड सेफ्टी रिपोर्ट का विमोचन



### 'लोकपथ एप' में जोड़ा ब्लैक स्पॉट अलर्ट सिस्टम: सिंह



लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल कानून या चालान का विषय नहीं, बल्कि यह एक माइंडसेट का विषय है। हमें नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना होगा, तभी हम दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। मंत्री सिंह ने कहा कि विभाग द्वारा 'लोकपथ एप' विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति सड़क क्षति या दुर्घटना की जानकारी तुरंत साझा कर सकता है। इस एप में ब्लैक स्पॉट अलर्ट सिस्टम भी जोड़ा गया है, जो वाहन चालकों को पहले से चेतावनी देगा कि आगे खतरनाक स्थान है।

### पांच विभाग 'जीरो डेथ रोड सेफ्टी मिशन' पर कर रहे काम: अनुराग जैन



मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कार्यशाला में कहा कि सड़क सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा से जुड़ी सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि अमेरिका में भारत की तुलना में अधिक एक्सीडेंट होते हैं, लेकिन वहां मौतों का प्रतिशत बहुत कम है, क्योंकि लोग नियमों का पालन करते हैं। जैन ने बताया कि राज्य के पांच प्रमुख विभाग मिलकर 'जीरो डेथ रोड सेफ्टी मिशन' पर काम कर रहे हैं।

### अधिकांश दुर्घटनाएं मानवीय त्रुटियों के कारण

आईआईटी मद्रास के रोड सेफ्टी के विशेषज्ञ और मप्र सड़क विकास निगम में स्वतंत्र संचालक प्रोफेसर डॉ. वेंकटेश बालासुब्रमण्यम ने कहा कि जहां अधिकांश दुर्घटनाएं मानवीय त्रुटियों के कारण होती हैं, वहीं लगभग तीन प्रतिशत दुर्घटनाएं सड़क डिजाइन और संकेतकों की कमी जैसी अवसंरचनात्मक कमियों से जुड़ी होती हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि इन कारणों का वैज्ञानिक विश्लेषण कर तकनीकी सुधारात्मक कदम उठाए जाएं, जिससे दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि सटीक डेटा संग्रहण और विभागीय समन्वय सड़क सुरक्षा प्रबंधन की कुंजी है।

### दीपोत्सव 2025: 2000 से अधिक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे

## अवधी, भोजपुरी, ब्रज और फगुआ की सुर लहरियों से गूंजेगी अयोध्या

एक वृहद मंच तीन मध्यम मंच और सात छोटे मंचों पर होगी प्रस्तुति



**एजेंसी ▶▶ अयोध्या**

यहां दीपोत्सव 2025 को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस बार दीपोत्सव में 2000 से अधिक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इनमें उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के करीब 500 कलाकार भी हिस्सा लेंगे। स्थानीय स्तर पर अयोध्या के लगभग 300 स्थानीय कलाकार भी इस भव्य आयोजन में शामिल होंगे। मंचों पर देशभर से आए कलाकार अवधी और भोजपुरी भजन व लोक संगीत की प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

### शोभायात्रा में 22 भव्य झांकियां शामिल होंगी

दीपोत्सव की शोभायात्रा में 22 भव्य झांकियां शामिल होंगी। इन झांकियों पर और उनके आगे-पीछे कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए चलेंगे। रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित इन झांकियों से श्रद्धालुओं को दिव्य अनुभूति होगी। दीपोत्सव 2025 में अयोध्या न सिर्फ भक्ति और आस्था की नगरी बनेगी, बल्कि सांस्कृतिक विविधता का केंद्र भी होगी। अवधी, भोजपुरी, ब्रज और फगुआ की लहरियों से गूंजती अयोध्या अपनी सनातन संस्कृति की झलक पूरे विश्व को दिखाएगी।

### छिंदवाड़ा में कफ सिरप के बाद नई बीमारी

## राजोला में दूषित पानी से ग्रामीणों को उल्टी-दस्त, 233 बीमार हुए

◀ 10 गंभीर मरीज सिंगोड़ी अस्पताल रेफर



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा**

अमरवाड़ा विकासखंड के ग्राम राजोला में ग्रामीणों को उल्टी-दस्त से पीड़ित हो गए हैं। जांच और इलाज के दौरान लगभग 233 लोगों का उपचार किया गया। इनमें से 93 मरीजों को ड्रिप लगाई गई, 10 गंभीर मरीजों को सिंगोड़ी अस्पताल रेफर किया गया।

- कलेक्टर देर रात तक गांव में डटे रहे


### कुए में चार पक्षी मृत मिले, इसी का पानी पी रहे थे लोग

*एसडीएम अमरवाड़ा हेमकरण धुर्वे ने बताया कि जांच के दौरान ग्राम के कुए में चार पक्षियों के मृत मिलने की जानकारी मिली है। संभवतः इसी दूषित पानी के सेवन से ग्रामीणों में बीमारी फैली। कुए के पानी के सैंपल जांच के लिए भेजे, जिनकी रिपोर्ट में पानी दूषित पाए जाने की पुष्टि हुई है। अब कुए को खाली कराया जा रहा है और फिलहाल पेयजल की अस्थाई व्यवस्था अन्य जलस्त्रोत से की गई है।*

KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY
KIIT Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India
KIIT is only 28 years old as an institute (1997 – 2025) and 22 years old as a university.
Organisation in Special Consultative Status with the United Nations Economic & Social Council (UN-ECOSOC)
THE World University Rankings 2026
KIIT placed globally in the Top 501 Cohort
Ranked 259th Globally in Academic Excellence
5th Best in India
Top Performer in India in Three Parameters
Industry Integration
International Outlook
Social Commitment — Strong alignment with SDG goals 4, 10 & 16
KIIT's Rank Over the Years




TIMES HIGHER EDUCATION SUMMARY STATEMENT
"KIIT's performance in THE (Times Higher Education) World University Rankings 2026 reflects a decade of transformation from Local Excellence to Global Excellence. The institution has demonstrated that a socially inclusive university from Odisha can compete with the world's finest through innovation, compassion, and quality education."
"Every state aspires to have an institution ranked among the top 500 globally. I am happy that KIIT, a 28-year-old institution (established in 1997) and a Deemed to be University for 22 years (declared in 2004), has been placed among the premier institutions and universities of the world in the 501 cohort. This accomplishment is a matter of pride for Odisha in particular, and for India as a whole."
Achyuta Samanta (Founder-KIIT, KISS & KIMS)
OTHER RANKINGS
17th Among Indian Universities Ranked by NIRF, Govt. of India — nirf 2025
A++ Grade Accrediated by NAAC
Tier 1 Re-accredited by NBA All Engineering Programs for 6 Years
1st in Odisha, 9th in India Among private universities — QS World University Rankings 2026
ABET (US) Accreditation — IET The Institution of Engineering and Technology
Special Consultative Status by the UN-ECOSOC — Partnership with UN Volunteers
KIIT-DU, Patia, Bhubaneswar, Odisha, India 751024 | kiit@kiit.ac.in | www.kiit.ac.in
KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.




डाउनलोड कीजिए एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | IRDAI Regn No.: 512
अधिक जानकारी के लिए अपने एजेंट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम SMS करें 56767474 पर.
हमें फॉलो करें: LIC India Forever | हमारा व्हॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'
धोखेधड़ी वाले फोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC / MI / 2025-26 / 18 / Hin

जबलपुर
गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**इसरो चीफ वी. नारायणन ने बताया- 2027 में गगनयान मिशन की शुरुआत होगी**

# अंतरिक्ष छोड़िए, भारत अब चांद पर भेजेगा इंसान, 2040 तक हो पाएगा यह करिश्मा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अध्यक्ष वी. नारायणन ने घोषणा की कि भारत 2040 तक चांद पर मानव भेजने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। उनके मुताबिक 2027 में गगनयान मिशन की शुरुआत होगी, और 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन तैयार हो जाएगा। नारायणन ने रांची में बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बिट) मेसरा के 35वें दीक्षांत समारोह में यह बात कही। नारायणन ने बताया कि गगनयान मिशन के लिए तैयारियां तेजी से चल रही हैं। इस मिशन से पहले तीन मिशन मानवरहित होंगे।



फाइल फोटो

## 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन तैयार हो जाएगा

### शुक्र ग्रह का अध्ययन करने के लिए वीनस ऑर्बिटर मिशन को मंजूरी

इसरो प्रमुख ने बताया कि भारत 2035 तक अपना अंतरिक्ष स्टेशन भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन तैयार कर लेगा। इसके शुरुआती मॉड्यूल 2027 तक अंतरिक्ष में स्थापित हो सकते हैं। इसके अलावा, चंद्रयान-4, चंद्रयान-5, एक नया मंगल मिशन और एक खगोलीय वेधशाला मिशन एक्सओएम जैसे बड़े प्रोजेक्ट भी पाइपलाइन में हैं। नारायणन ने कहा कि शुक्र ग्रह का अध्ययन करने के लिए वीनस ऑर्बिटर मिशन को मंजूरी मिल चुकी है। साथ ही, सूरज का अध्ययन करने वाला आदित्य-एल1 मिशन अब तक 15 टेराबाइट से ज्यादा डेटा जमा कर चुका है, जो सूर्य की गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम को समझने में मदद कर रहा है।

### 300 स्टार्टअप स्पेस पर काम कर रहे

इसरो प्रमुख ने कहा कि भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर दे रहा है, लेकिन जलवायु विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे वैश्विक मुद्दों पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए तैयार है। नारायणन ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र ने अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी कंपनियों और स्टार्टअप्स को जोड़कर क्रांति ला दी है। कुछ साल पहले जहां एक-दो स्टार्टअप थे, वहीं आज 300 से ज्यादा स्टार्टअप सैटेलाइट बनाने, लॉन्च सेवाएं देने और अंतरिक्ष डेटा विश्लेषण में काम कर रहे हैं। ये स्टार्टअप कृषि, आपदा प्रबंधन, दूरसंचार, रेल और वाहन निगरानी, और मछली पालन जैसे क्षेत्रों में मदद कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### अवैध संबंधों के आरोप में दो को गोली मारी, 1 की मौत

**बीना।** मालथौन थाना क्षेत्र के नीमखेड़ा गांव में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई।



मृतक की पहचान शुभम दांगी (28) के रूप में हुई है। मृतक पर अपनी चचेरी भाभी के साथ अवैध संबंध का आरोप था। आरोपी चचेरे भाई ने अपने दो बेटों, एक महिला और एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर उसे लाठियों से पीटा, फिर गोली मार दी। फिर गर्दन काटकर लग

### कफ सिरपः डॉ. प्रवीण हाईकोर्ट की शरण में

**जबलपुर।** छिंदवाड़ा जिले के परासिया में जानलेवा कफ सिरप से हुई 26 मासूमों की मौत के मामले में गिरफ्तार आरोपी डॉक्टर प्रवीण सोनी ने हाईकोर्ट की शरण ली है।



सोनी की ओर से जमानत अर्जी दायर की गई है। अर्जी पर 16 अक्टूबर को सुनवाई तय हुई है। इससे पहले, निचली अदालत से डॉ. सोनी की जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है। परासिया क्षेत्र में जिन बच्चों की मौत हुई, उनमें से अधिकांश को सोनी ने ही वह कफ सिरप प्रिस्क्राइब किया था।

### डीआईजी के घर तैनात एएसआई ने की आत्महत्या

**लुधियाना।** रानी झांसी रोड स्थित डीआईजी लुधियाना रेंज सतिंदर सिंह के घर ड्यूटी पर तैनात



एएसआई ने अपने सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। एएसआई तीर्थ सिंह (50) पिछले 5 साल से डीआईजी हाउस में ही ड्यूटी कर रहा था। मंगलवार सुबह उसने सर्विस रिवाल्वर से अपने सिर में गोली मार ली। उसके साथी उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

**रिटायर्ड आबकारी अधिकारी के ये ठाठ..**


**प्रदेश के 8 ठिकानों पर लोकायुक्त की सर्चिंग, आय से अधिक संपत्ति का हो रहा वैल्यूएशन**

# 1 करोड़ कैश, ढाई किलो सोना, विदेशी मुद्रा भी, फिल्मों में निवेश, बेशुमार जमीनें

*जांच में यह भी सामने आया है कि उनके बेटे सूर्यांश भदौरिया फिल्मों में निवेश करते थे। बेटी का भी फिल्मों में पैसा लगाने से जुड़ा लिंक सामने आया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश लोकायुक्त की टीम ने रिटायर्ड आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र भदौरिया के 8 ठिकानों पर छापे मारे हैं। इंदौर में कैलाश कुंज, बिजनेस स्काई पार्क सहित सात और ग्वालियर में इंद्रमणि नगर स्थित घर पर सर्चिंग की जा रही है। सर्चिंग में अब तक एक करोड़ 5 लाख का कैश मिला है। इसमें 5 लाख की विदेशी मुद्रा भी शामिल है।



धर्मेंद्र सिंह भदौरिया

धर्मेंद्र सिंह भदौरिया 1987 में भर्ती हुए थे। अगस्त 2025 में रिटायरमेंट हुआ। इस दौरान उनकी वैध आय करीब दो करोड़ रुपए मानी जा रही है जबकि अभी तक 8 करोड़ रुपए का खर्च सामने आ चुका है। जांच में यह भी सामने आया है कि उनके बेटे सूर्यांश भदौरिया फिल्मों में निवेश करते थे। बेटी का भी फिल्मों में पैसा लगाने से जुड़ा लिंक सामने आया है। लोकायुक्त डीएसपी सुनील तालान ने कहा कि गोपनीय शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की जा रही है। इंदौर के ठिकानों पर सर्चिंग में उज्जैन

**सर्विस में वैध आय करीब दो करोड़ रुपए**

**संपति 10 करोड़ से ज्यादा**



इंदौर में सर्चिंग

» ***लोकायुक्त के अफसरों ने कहा - गोपनीय शिकायत पर हुई कार्रवाई***

» ***इंदौर में कैलाश कुंज, बिजनेस स्काई पार्क सहित सात और ग्वालियर में इंद्रमणि नगर स्थित घर पर सर्चिंग की जा रही, पांच बैंकों में लॉकर***

### 5000 यूरो की विदेशी मुद्रा

भदौरिया के अलग-अलग बैंकों में पांच लॉकर हैं। कई बैंकों में उनके नाम पर अकाउंट भी हैं। इंदौर के काउंटी वॉक इलाके में 4700 वर्गफुट जमीन पर आलीशान बंगले का निर्माण चल रहा है। घर की तलाशी के दौरान टीम को 500 यूरो के 10 नोट मिले, यानी कुल 5000 यूरो की विदेशी मुद्रा भी उनके पास पाई गई है। तालान ने कहा कि भदौरिया के बेटे सूर्यांश ने एक कंपनी बनाकर फिल्म निर्माण किया। इस काम में धर्मेंद्र ने भी पैसा इन्वेस्ट किया था। बेटी अपूर्वा की भी भागीदारी रही।



ग्वालियर में सर्चिंग

### 2020 में हो चुके थे सस्पेंड

इससे पहले 2020 में शराब ठेकों की नीलामी में लापरवाही के चलते उनको निलंबित किया गया था। नीलामी समय पर नहीं होने के कारण उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई थी।

### छापे में अबतक क्या-क्या मिला?

- इंदौर में करोड़ों रुपए की जमीन
- अब तक 1 करोड़ रुपए नगद
- 5 लाख की यूरों में करंसी
- 1.5 किलो सोने के बिस्किट
- एक किलो सोने के जेवर
- 2 किलो से ज्यादा चांदी
- इंदौर में दो प्लैट और बंगला
- करोड़ों रुपए की कार और बाइकें

**फांसी या लीथल इंजेक्शन?**

# सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा क्यों नहीं बदलते वक्त के साथ

» ***याचिका में सम्मानजनक मृत्यु को जीवन के अधिकार का हिस्सा बताया गया***

» ***वकील ने यह भी बताया कि सेना में यह विकल्प पहले से मौजूद***



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने फांसी की सजा पाए कैदियों को लीथल इंजेक्शन का विकल्प देने के मामले में केंद्र सरकार के रुख पर सख्त टिप्पणी की। याचिकाकर्ता ने फांसी की जगह इंजेक्शन को मानवीय विकल्प बताया। अदालत ने सरकार से पूछा कि वह समय के साथ क्यों नहीं बदलना चाहती, जबकि फांसी एक पुरानी प्रक्रिया है। मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर को होगी। याचिका में सम्मानजनक मृत्यु को जीवन के अधिकार का हिस्सा बताया गया है। याचिकाकर्ता के वकील ऋषि मल्होत्रा ने कहा कि कम से कम कैदी को यह विकल्प दिया जाए कि वह फांसी से या इंजेक्शन से मरना चाहता है। इंजेक्शन से मौत जल्दी और मानवीय तरीके से होती है, जबकि फांसी क्रूर और लंबी प्रक्रिया है।

**केंद्र सरकार ने क्या कहा**

### ऐसा विकल्प देना व्यावहारिक नहीं

केंद्र सरकार ने अपने जवाबी हलफनामे में कहा कि ऐसा विकल्प देना व्यावहारिक नहीं है। इस पर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि सरकार समय के साथ बदलाव के लिए तैयार नहीं है। पीठ ने कहा कि समस्या यही है कि सरकार पुराने तरीकों से बाहर नहीं निकलना चाहती। फांसी बहुत पुरानी प्रक्रिया है, समय के साथ चीजें बदल चुकी हैं।

**हाईकोर्ट का आदेश- यूका का जलाया गया जहर जलस्रोत-मानव बस्ती से दूर ले जाएं**

# पीथमपुर में दफन नहीं होगी भोपाल की 'जहरीली राख'

» ***इस कार्य के लिए अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की मदद लेने पर जवाब मांगा***



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पीथमपुर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री की 899 टन जहरीली राख का निष्पादन पीथमपुर में न किया जाए। 8 अक्टूबर को जारी आदेश में कोर्ट ने कहा- इस राख को ऐसे स्थान पर ले जाया जाए जहां मानव बस्ती, पेड़-पौधे या जलस्त्रोत न हों। सरकार द्वारा अब तक उठाए गए कदमों को कोर्ट ने अपर्याप्त बताया है। इस मामले की अगली सुनवाई 20 नवंबर 2025 को होगी। पिछले दो महीनों में यह दूसरी बार है जब हाईकोर्ट ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

### कोर्ट में दिखाया गया वीडियो

एक याचिका में जानकारी दी गई थी कि राख में अभी भी पारे (मर्करी) की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक पाई गई है। सरकार ने कोर्ट को यह दिखाने के लिए एक एनिमेटेड वीडियो प्रस्तुत किया था कि राख रखने का ढांचा आधुनिक और सुरक्षित है, लेकिन कोर्ट इससे संतुष्ट नहीं हुआ। भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड प्लांट में 40 साल से 358 टन जहरीला कचरा पड़ा था।

**दिनदहाड़े मावा व्यापारी के घर डकैती**

# परिवार को कट्टे की नोंक पर बनाया बंधक फिर लूटा

**10 लाख कैश, 12 तोला सोना लेकर फरार**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

मुरैना में एक मावा व्यापारी के घर 5 हथियारबंद बदमाशों ने डकैती दी। बदमाशों ने व्यापारी की पत्नी और बेटी को कट्टे की नोक पर बंधक बनाकर घर से 10 लाख रुपए नकद और 12 तोला सोना लूट लिया। मावा व्यापारी नवल किशोर गुप्ता की बेटी सिमरन ने बताया कि दरवाजा खोलते ही बदमाशों ने उसे अंदर धकेल दिया और मुंह पर कट्टा रखकर उसे बंधक बना लिया। इसके बाद व्यापारी की पत्नी सरोज जब बाथरूम जा रही थीं, बदमाशों ने उनकी कनपटी पर भी कट्टा अड़ा दिया।

**मध्य प्रदेश और राजस्थान में कई बच्चों की मौतें हो चुकी**

# जम्मू-कश्मीर में 3 कफ सिरप ब्रांड्स पर बैन, छिंदवाड़ा में एक और मासूम की मौत

एजेंसी ▶▶ जम्मू/हरिभूमि

न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




जम्मू-कश्मीर के औषधि और खाद्य नियंत्रण संगठन (डीएफसीओ) ने 3 कफ सिरप ब्रांड्स की बिक्री, वितरण और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। ये कदम तब उठाया गया है, जब इन दवाओं की लैब जांच में यह पाया गया कि इनमें जहरीला पदार्थ डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) निर्धारित सीमा से अधिक मात्रा में मौजूद है। इस जहरीले तत्व के कारण पहले ही मध्य प्रदेश और राजस्थान में कई बच्चों की मौतें हो चुकी हैं। इन तीनों दवाओं में रिलीफ सिरप, रेस्पीफ्रेश-टीआर सिरप और कोल्ड्रिफ सिरप शामिल हैं। रिलीफ सिरप एम्ब्रोक्सोल एचसीएल, टरबुटालाइन सल्फेट, गुइफेनेसिन और मेंथॉल युक्त है।

### दो और बच्चे नागपुर में लड़ रहे जिंदगी की जंग

छिंदवाड़ा जिले में बुधवार सुबह



चौरई क्षेत्र की एक और मासूम, 3 साल 6 माह की अम्बिका विश्वकर्मा की नागपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मौत के साथ ही मध्य प्रदेश में सिरप कांड से मरने वाले बच्चों का आंकड़ा अब 26 पर पहुंच गया है।

**मंदसौर में अभाविप के तीन कार्यकर्ता गिरफ्तार**

# युवा उत्सव में आईं कॉलेज छात्राओं का कपड़े बदलते वक्त वीडियो बनाया

» ***फुटेज में चारों छात्र संदिग्ध हरकत करते नजर आए***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

मंदसौर के भानपुरा में सरकारी कॉलेज में मंगलवार को युवा उत्सव के दौरान शर्मनाक घटना सामने आई। यहां कार्यक्रम में हिस्सा लेने आई छात्राओं के कपड़े बदलते समय चार छात्रों ने मोबाइल से फोटो और वीडियो बना लिए। छात्राओं को जब इसकी भनक लगी तो उन्होंने हंगामा



कर दिया। उन्होंने प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रीति पंचोली से इसकी शिकायत की। प्राचार्य ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीसीटीवी फुटेज जांचने के निर्देश दिए। फुटेज में चारों छात्र संदिग्ध हरकत करते नजर आए। इसके बाद डॉ. पंचोली ने चारों छात्रों के खिलाफ भानपुरा पुलिस को लिखित शिकायत दी। पुलिस ने इस मामले के केस दर्ज कर अभाविप के तीन छात्रों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक छात्र फरार है। थाना प्रभारी रमेशचंद डांगी ने बताया कि आरोपियों में उमेश जोशी (22) निवासी प्रेमपुरिया - नगर मंत्री, अभाविप, अजय गौड़ (21) निवासी ग्राम कंवला - नगर सह-महाविद्यालय प्रमुख, अभाविप, हिमांशु बैरागी (20) निवासी ग्राम सानड़ा, कार्यकर्ता, अभाविप शामिल हैं।

*शीर्ष अदालत ने यह नोटिस आईसीयू और सीसीयू सुविधाओं में रोगी सुरक्षा के लिए समान मानक तैयार करने के अपने निर्देशों का पालन करने में विफल रहने पर जारी किया, इनमें मप्र भी*

**अधिकारियों को 20 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश दिया**

# सुप्रीम कोर्ट ने 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सचिवों को किया 'तलब'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) को अवमानना नोटिस जारी किया है। शीर्ष अदालत ने यह नोटिस आईसीयू और सीसीयू सुविधाओं में रोगी सुरक्षा के लिए समान मानक तैयार करने के अपने निर्देशों का पालन करने में विफल रहने पर नोटिस जारी किया है। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस एनके सिंह की खंडपीठ ने यह कारण बताओ नोटिस जारी किया है।



### अब कोई बहानेबाजी नहीं चलेगी

पीठ ने कहा कि न्यायालय के प्रति इस तरह के लापरवाह रवैए के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए? उक्त अधिकारी अगली सुनवाई की तारीख, यानी 20.11.2025 को अपने व्यक्तिगत रूप से पुष्ट कारण बताओ हलफनामो के साथ इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहें। पीठ ने स्पष्ट किया कि किसी भी बहानेबाजी पर विचार नहीं किया जाएगा। न्यायाधीशों ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि जिन अधिकारियों को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है, वे किसी भी पूर्व नियुक्ति या अन्य कार्यक्रम सहित कोई बहाना नहीं देंगे, जिन्हें बुधवार को पारित आदेश को प्राथमिकता देने के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा।

### इस मामले की शुरुआत 2016 में हुई थी

कोर्ट एक ऐसे मामले की सुनवाई कर रहा था जिसकी शुरुआत 2016 में हुई थी। मूल शिकायत प्राइवेट अस्पतालों में कथित चिकित्सा लापरवाही और आईसीयू व सीसीयू के लिए एक समान मानकों के अभाव से संबंधित थी। हालांकि, अपील 2024 में खारिज कर दी गई थी, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने देश भर में सीसीयू के मानकीकरण के व्यापक मुद्दे की निगरानी जारी रखने का फैसला किया।

### इन राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों को सुप्रीम कोर्ट ने किया तलब

डिफॉल्ट राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की सूची में अरुणाचल प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, लद्दाख, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, और दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव शामिल हैं।

Dr. Juneja's
पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets

कब्ज से राहत
गैस से छुटकारा
एसिडिटी से आराम
पेट सफा... तो हर रोग दफा
24x7 Helpline: 91197 88888
www.petsaffa.com
Clinically Tested
गजब का फायदा
अगर आप भी कब्ज, गैस, एसिडिटी जैसी परेशानियों से घिरे हुए है, तो आज ही लीजिए, आयुर्वेदिक पेट सफा ग्रेन्यूल्स। यह पहले दिन से असर दिखाता है, मुंह में चिपकता नही और इसकी आदत भी नहीं बनती।



## 'शगुन कलेक्शन' के साथ फेस्टिव कैम्पेन पेश

# इस धनतेरस, सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने कियारा आडवाणी के साथ लांच किया 'शगुन कलेक्शन'

हरिभूमि न्यूज, मुंबई।

इस धनतेरस, भारत के सबसे विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड, सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने पेश किया शगुन कलेक्शन पीले सोने, हीरे, एंटीक और पोल्की में बारीकी से तैयार किया गया गहनों का एक शानदार संग्रह, जो त्योहारों के उत्सव में एक विशेष अर्थ जोड़ता है। इस सिग्नेचर रेंज के साथ हर अवसर के लिए अलग-अलग कलेक्शन भी हैं एवरलाइट का ट्रेंडी लोटस कलेक्शन, गॉसिप सिल्वर और फैशन ज्वेलरी का समकालीन तत्वा कलेक्शन, पुरुषों के लिए अहम कलेक्शन, और परफेक्ट लव कलेक्शन से हार्ट्स एंड एरो कट डायमंड ज्वेलरी।

सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने कियारा आडवाणी के साथ एक मनमोहक कैम्पेन के ज़रिए त्योहारों की चमक को जीवंत किया है। यह कैम्पेन साथ रहने की काव्यमय अनुभूति को प्रस्तुत करता है जहाँ सोने की हर चमक प्रेम की उजास को प्रतिबिंबित करती है, और सेनको के हर गहने में यादों की मिठास बस जाती है। दिवाली और धनतेरस की जगमग रोशनी के बीच, यह कहानी परिवार और अपनों के बीच साझा किए गए आत्मीय पलों को सजीव करती है पति का सरप्राइज़, मां-बेटी की परंपरा, दादी का दीया जलाने का रिवाज़। हर दृश्य त्योहारों की भावनाओं की उस नर्मी को दिखाता है, जहाँ एहसास खुद रोशनी से भी ज़्यादा चमकते हैं। इन मनोहर दृश्यों के केंद्र में हैं कियारा आडवाणी, जो एक मौन पर्यवेक्षक के रूप में सेनको की आत्मा का प्रतीक बनकर उभरती हैं। वे हर दृश्य से सहजता से गुजरती हैं, एक कहानी को दूसरी से ऐसे जोड़ती हैं मानो स्नेह और परंपरा की सुनहरी डोरी हों। उनकी नज़रों के माध्यम से हम देखते हैं कि कैसे सेनको के गहने जीवन के हर पवित्र अनुष्ठान का हिस्सा बन जाते हैं, और हर उपहार देने की क्रिया को प्रेम और आशीर्वाद की अनंत अभिव्यक्ति में बदल देते हैं।



लांच के अवसर पर सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की डायरेक्टर एवं हेड ऑफ मार्केटिंग एंड डिज़ाइन्स, सुश्री जोइता सेन ने कहाकि धनतेरस आनंद, प्रेम और नई शुरुआतों का पर्व है ऐसा समय जो परिवारों को जोड़ता है और साधारण क्षणों को यादगार बनाता है। इस कैम्पेन के ज़रिए हमने इन उत्सवों के हृदय को कैद करने की कोशिश की है उपहार देने की उत्सुकता, पारिवारिक परंपराओं की गर्मजोशी और उन स्नेहिल पलों की आत्मा जो इस त्यौहार को खास बनाती है। यह फिल्म इन भावनाओं को खूबसूरती से दर्शाती है, यह दिखाते हुए कि कैसे सेनको के गहने जीवन के सबसे निजी पलों का हिस्सा बनते हैं एक पीढ़ी से दूसरी तक प्रेम, आशीर्वाद और यादों को आगे बढ़ाते हुए। शगुन कलेक्शन का हर पीस इसी भावना से बनाया गया है सच्ची कारीगरी, जो परिवारों के उत्सव में भावनाओं का अभिन्न हिस्सा बन जाती है।

### आकर्षक ऑफर्स भी पेश

ग्राहक गोल्ड ज्वेलरी पर रु 700 से 1,000 प्रति ग्राम कैशबैक और डायमंड ज्वेलरी पर 15 फीसदी तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं, साथ ही पुराने सोने के एक्सचेंज पर 100 फीसदी वैल्यू भी प्राप्त कर सकते हैं।

## गौतम अडाणी बोले श्रद्धालुओं के लिए रोपवे बनाना गर्व की बात

# केदारनाथ की कठिन चढ़ाई होगी आसान, केवल 36 मिनट में रोपवे से पहुंच सकेंगे बाबा के धाम


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने बुधवार को सोनप्रयाग को केदारनाथ से जोड़ने वाली रोपवे परियोजना का वीडियो शेयर करते हुए कहा कि केदारनाथ धाम की कठिन चढ़ाई अब आसान होने जा रही है। गौतम अडाणी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि केदारनाथ धाम की कठिन चढ़ाई अब आसान होगी। अडाणी समूह श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल और सुरक्षित बनाने के लिए यह रोपवे बना रहा है। इस पुण्य कार्य का हिस्सा बनना हमारे लिए गर्व की बात है। महादेव सब पर अपनी कृपा बनाए रखें। जय बाबा केदारनाथ! इसके साथ ही गौतम अडाणी ने एक वीडियो भी साझा किया जिसमें इस रोपवे से जुड़ी बातें बताई गई हैं। दो मिनट के इस वीडियो में बताया गया है कि रोपवे की कुल लंबाई 12.90 किलोमीटर की होगी जो सोनप्रयाग से केदारनाथ को जोड़ेगा। इसके साथ ही इस कठिन यात्रा का समय 8-9 घंटे से घटकर सिर्फ 36 मिनट रह जाएगा।

## भारत-सऊदी अरब के बीच द्विपक्षीय बैठक

# पेट्रोकेमिकल में सहयोग बढ़ाने पर जताई सहमति




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और सऊदी अरब ने रसायन और पेट्रोकेमिकल सेक्टर में सहयोग बढ़ाने के लिए एक द्विपक्षीय बैठक आयोजित की। यह बैठक भारत सरकार के रसायन और उर्वरक मंत्रालय के अधीन रसायन एवं पेट्रोकेमिकल विभाग और सऊदी अरब के उद्योग एवं खनिज मंत्रालय के बीच हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सचिव निवेदिता शुक्ला वर्मा ने किया, जबकि सऊदी अरब की ओर से उपमंत्री इंजीनियर खलील बिन इब्राहिम बिन सलमाह ने प्रतिनिधित्व किया। बैठक में दोनों पक्षों ने निवेश बढ़ाने, नए सहयोग क्षेत्रों की पहचान करने और रसायन एवं पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा की।

### आरएंडडी और कौशल विकास में बढ़ाएंगे सहयोग

भारत के पेट्रोलियम, केमिकल और पेट्रोकेमिकल निवेश क्षेत्रों में सऊदी निवेश की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। दोनों देशों की प्रमुख कंपनियों के बीच साझेदारी बढ़ाने के अवसरों पर भी विचार किया गया। बैठक में अनुसंधान एवं विकास और कौशल विकास के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया गया। दोनों पक्षों ने यह सुनिश्चित किया कि यह साझेदारी न केवल आर्थिक बल्कि रणनीतिक रूप से भी दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत बनाएगी। यह बैठक भारत और सऊदी अरब के बीच टिकाऊ और पारस्परिक लाभकारी संबंधों को गहरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## साइबर खतरों के प्रति सजग होगी नौसेना

# समुद्री क्षेत्र में चुनौतियों से निपटने होगा आज मंथन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सैन्य बल साइबर खतरों से निपटने और उनके प्रति सजग रहने को लेकर विशेष सतर्कता बरत रहे हैं। इसी क्रम में भारतीय नौसेना एक महत्त्वपूर्ण संगोष्ठी आयोजित करने जा रही है। इस संगोष्ठी का उद्देश्य समुद्री क्षेत्र में बढ़ते साइबर खतरों की गहन समझ विकसित करना है। इसके साथ ही विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोग को सुदृढ़ कर राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा ढांचे को और अधिक मजबूत बनाना भी इस पहल का उद्देश्य है। यह विशेष कार्यक्रम 16 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री जितिन प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### *विशेषज्ञ पैनल चर्चाओं का करेंगे संचालन*

*साइबर सुरक्षा में आत्मनिर्भरता लाने का यह प्रयास स्वदेशी, सुरक्षित-डिजाइन डिजिटल प्रणालियों और मजबूत सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से किया जा रहा है। संगोष्ठी में विभिन्न मंत्रालयों एवं संगठनों के विशेषज्ञ पैनल चर्चाओं का संचालन करेंगे। यहां प्रमुख रूप से पोत, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय, गेल हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय, भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल शामिल हैं। इनके अलावा राष्ट्रीय महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना सुरक्षा केंद्र, राष्ट्रीय समुद्री फाउंडेशन, और निजी क्षेत्र के अग्रणी विशेषज्ञ भी यहां अपने विचार साझा करेंगे। पैनल में साइबर खतरे और साइबर सुरक्षा से जुड़े कई विषय चर्चा की जाएंगी।*

### » तकनीकी प्रदर्शनी भी होगी आयोजित

इसमें साइबर सुरक्षा को पोर्ट-आधारित विकास, स्मार्ट लॉजिस्टिक्स, ऑफशोर ऊर्जा सुरक्षा, और महत्वपूर्ण नौसैनिक अभियानों के एक प्रमुख सक्षम तत्व के रूप में परिभाषित किया गया है। यहां संगोष्ठी के साथ-साथ डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के सहयोग से एक तकनीकी प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।

HONDA
The Power of Dreams
How we move you.
CREATE ▸ TRANSCEND, AUGMENT

The Honda Joy Fest
Bring Home a Honda, Bring Home Joy
^GET GST BENEFIT UP TO ₹14000/-
INSTANT CASHBACK UP TO ₹5000/-**
LOAN UP TO 100%*
LOW ROI @6.99%*
LOW EMI ₹49* PER DAY

ACTIVA 125
Anniversary Edition



Also Available in Pearl Siren Blue
Special Anniversary Graphics | Exclusive 25th Year Logo | Pyrite Brown Metallic Alloy Wheels
Scan to download
MyHonda-India Customer Connect App
IDFC FIRST Bank
HDFC BANK Credit Card

Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Low EMI offers are applicable for select HMSI models as follows: ₹49/- per day for Shine100 DX ; ₹79/- per day for Shine125, SP125 & CB125 Hornet; ₹1999/- per month for Activa. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st October 2025. **Instant Cashback up to ₹5000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **An instant cashback of flat ₹2000 is applicable on a minimum full swipe transaction of ₹40000, and flat ₹3000 instant cashback on a minimum full swipe transaction of ₹75002. **Instant Cashback up to ₹4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. **The Instant Cashback offers from HDFC Bank and IDFC Bank are valid until 31st October 2025. ^GST benefit is based on a reduction from 28% to 18% GST on the Ex-showroom price of NX 200. ^The actual savings may vary depending on the selected model and state. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

For dealer details scan the QR Code
For more information give a missed call on 7230032200

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: JABALPUR: Sahil Honda - 7771003865; Frontier Honda - 8226001881; Sahil Honda (Madan Mahal) - 7771003899; Sai Honda (Gadasarai) - 9926360842; SKR Honda (Sihora) - 9977448009; Sonico Honda (Dindori) - 9424508485; MP Sahu Honda (Shahpura Dindori) - 9753156094; Balaji Honda (Barela) - 8602391415; J P Honda (Bargi) - 9399374447; Sai Honda (Dhanpuri) - 8319138424; Shri Honda (Gosalpur) - 9732235782; BALAGHAT: Dreams Honda - 8349272776; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376; CHHINDWARA: Akshit Honda (Chourai) - 8989994445; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446; Manish Honda (Sausar) - 9244569009; SEONI: Anurag Honda - 9827112711; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; CHHATARPUR: Namostu Honda - 9407184511; Krishna Honda - 8819966966; Namostu Honda (Badamalera) - 8839039161; KGN Automobiles (Luv Kush Nagar) - 7582807444; Sanvi Honda (Maharajpur) - 9907605858; MANDLA: Rajul Honda - 7642260711; NARSINGHPUR: Amisha Honda - 9425815655; Amisha Honda (Gadarwara) - 9425815655; Sudeep Honda (Kareli) - 8989252525; Amisha Honda (Rajmarg) - 9425815655; Amisha Honda (Kareli) - 9425815655; SHAHDOL: Utsav Honda - 8349283655; G L Honda (Umariya) - 9329523156; Virasini Honda (Anuppur) - 8770423634; Jay Ambe Honda (Kotma) - 9300416285; Keshav Honda (Beohari) - 9425887009; Gautam Honda (Burhar) - 9425182213; Hindustan Honda (Pali) - 9302180568; KATNI: Shri Sahil Honda - 9425156978; Jaishree Honda (Barhi) - 9009705200; Shri Shambhu Automobiles (Vijayraghavgarh) - 7987061672; JCM Aman Motors (Bilahri) - 7566056605; SK Motors (Bahoriband) - 7974267080; Murli Motors (Sleemnabad) - 7999077781; Quadri Honda (Umaria Pan) - 9074210324; SATNA: Krishna Honda - 9109078717; Eagle Honda - 7583808564; Krishna Honda (Chitrakoot) - 9907004730; Krishna Honda (Nagod) - 9179700769; Eagle Honda (Kotar) - 7583808564; Deepak Honda (Ramnagar) - 9098804444; Maa Durga Honda (Rampur Baghelan) - 9425887633; Abhishek Honda (Amarpatan) - 9993676313; SIDHI: Laxmipati Honda - 9826540577; Laxmipati Honda (Rampur Naikan) - 8349790577; Laxmipati Honda (Madwas) - 7049822719; Shubham Honda (Bahari) - 7415825564; REWA: Rewa Maa Honda - 7400980721; Baikunthpur Honda (Baikunthpur) - 9340729825; N.K. Honda (Hanumana) - 8871924845, N.K. Honda (Khatkhari) - 8305168016, N.K. Honda (Gurh Road) - 7694018005, N.K. Honda (Mauganj) - 7694018005; Rewa Maa Honda (university Road) -7400980721; Rewa Maa Honda (Lalgaon) - 8982388380; Dev Wheels Honda (Mauganj) - 9685226689; M.R. Honda (Mangawan) - 9977095984; Prince Honda (Semariya) - 993885882; Pushpendra Honda (Garh) - 9419566621; PANNA: Selection Honda (Panna) - 6260262091; Selection Honda (Amanganj) - 9131955892; Selection Honda (Pawai) - 6260262091; WAIDHAN: Agrasen Honda - 7049925591; Agrasen Honda (Mada) - 6261605785; Agrasen Honda (Dudmania) - 9425161696; BHOPAL: Surana Honda (Koh-E-Fiza) - 9713066121; Sai Samarth Honda - 9109103832; BGS Honda - 7440654321; Om Auto Honda - 9826331339; Power Honda - 9202244444; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504; BGS Honda (Karondh) - 8319133403; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834; Power Honda (Gulmohar) - 07554256062; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 990740405; TIKAMGARH: Arjav Honda - 9806223193; Dhanushdhari Honda (Khargapur) - 9826264954; Ram Ji Honda (Palera) - 9560855084; Jainam Honda (Prithvipur) - 9713029419; Shanti Traders (Jatara) - 8871205164; MORENA: The Roshan Honda - 7532466097; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

## चिंतन

# अफगानिस्तान पर बार-बार हमले क्यों कर रहा पाक

अफगानी विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के भारत दौरे से पाकिस्तान पूरी तरह से बौखलाया हुआ है। झल्लाहट के हालात ये हैं कि उसने एक सप्ताह में लगातार दूसरी बार अफगानिस्तान पर हवाई हमला कर दिया है। हालांकि पाकिस्तान कह रहा है कि वो तालिबान के लड़ाकों पर हमले कर रहा है, जो लगातार पाकिस्तान में आतंकी हमलों को अंजाम दे रहे हैं। बुधवार को पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के तैमानी और स्पिन बोल्डक जिले के सिविलियन इलाके पर बमबारी की है। हमले से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। दावा किया जा रहा है कि इन हमलों में कंधार प्रांत में तालिबान की चौथी बटालियन और छठी बॉर्डर ब्रिगेड पूरी तरह तबाह हो गई है। कई तालिबान लड़ाके और विदेशी लोग मारे गए। इससे पहले पाकिस्तान सुरक्षा बलों और अफगान तालिबान के बीच मंगलवार रात को झड़पें हुई थीं। इसके बाद आज सुबह पाकिस्तानी सेना ने कंधार के स्पिन बोल्डक इलाके में हमला किया। इस हमले में 12 आम लोग मारे गए और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इसके बाद अफगानिस्तान ने पाकिस्तान बॉर्डर पर टैंक भेज दिए हैं, जिसके चलते नए युद्ध की आशंका पैदा हो गई है। जिस तालिबान को निशाना बनाकर पाक सेना हमले कर रही है, असल में वो तालिबान 1990 के दशक में एक छोटा समूह था, जो धार्मिक छात्रों से बना था, तालिबान के नाम का अर्थ ही होता है छात्रों का समूह। साल 2021 में तालिबान ने अफगानिस्तान पर फिर कब्जा कर लिया था और तब से ही तालिबान एक राष्ट्रीय सेना बनाने की कोशिश कर रहा है। पहले उनकी ताकत सिर्फ लड़ाकों की थी, लेकिन अब वे एक संगठित फौज की तरह काम करते हैं। भले ही इस देश की सेना में सैनिकों की संख्या कम है लेकिन उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और संगठित रहना ही उसे अफगानिस्तान में मजबूत बनाती है। वैश्विक दबाव के कारण भले ही तालिबान की सेना आर्थिक रूप से कमजोर है, लेकिन ग्लोबल पावर इंडेक्स 2025 बताता है कि उनकी रैंकिंग कम है, लेकिन स्थानीय युद्ध में वे खतरनाक हैं। ये वही सेना है जिसने अमेरिका जैसी महाशक्ति को अफगानिस्तान में पांव नहीं जमाने दिए। अब तो उनके समर्थन में अफगानिस्तान में टीटीपी के दो गुटों ने पाकिस्तान के खिलाफ एक होने की घोषणा कर दी है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने घोषणा की है कि इसके दो समूह एक हो रहे हैं। इनमें से एक का नेतृत्व कुर्रम जिले के मुफ्ती अब्दुर रहमान कर रहे हैं, और दूसरा खैबर जिले की तिराह घाटी के कमांडर शेर खान हैं। इन दोनों कमांडरों ने टीटीपी की तरफ वफादारी की कसम खाई है। जो पाकिस्तान के लिए बड़ा सिर दर्द बन सकते हैं। असल में अफगान विदेश मंत्री के भारत दौरे के बाद से ही पाक बौखलाया हुआ है। उसे लग रहा है कि भारत-अफगानिस्तान की दोस्ती पाकिस्तान के लिए परेशानी का कारण हो सकती है। अफगान विदेश मंत्री के इस बयान कि वो अपने देश की जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ आतंकवाद के लिए नहीं होने देंगे। इस बयान के बाद पाक की हड़बड़ाहट का आलम ये था कि पाक पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने तो यहां तक कह दिया कि अफगानिस्तान, भारत का पुराना वफादार है। बस इसी के बाद से पाक अफगानिस्तान में हमले कर रहा है। कभी बहाना टीटीपी है तो तालिबान। बहाना जो भी पाकिस्तान के लिए यह अच्छा नहीं होगा। अगर तालिबान अपनी पर आए तो पाक की ईंट से ईंट बजा देंगे।



## विश्व खाद्य दिवस

अरविंद जयतिलक

# भोजन की बर्बादी बनाम भूख से बेहाल जिंदगी

संयुक्त राष्ट्र की 2024 की रिपोर्ट पर गौर करें तो विश्व में हर साल लगभग 1.05 अरब टन खाना बर्बाद होता है जोकि कुल खाद्य उत्पादन का 19 प्रतिशत है। इसका मतलब यह हुआ कि दुनिया भर में हर दिन लगभग एक अरब से ज्यादा थालियां बर्बाद हो जाती हैं। खाने की बर्बादी के मामले में पहला स्थान चीन का है जहां हर साल 9.6 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। दूसरे स्थान पर भारत है जहां हर साल 6.7 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। यह प्रति व्यक्ति के हिसाब से 50 किलो ठहरता है। उचित होगा कि विश्व के अग्रणी देश दुनिया भर में भूख और कुपोषण से बेहाल लोगों की सुध लें। करोड़ों टन जो भोजन बर्बाद हो रहा है उसे जरूरतमंदों तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

आज विश्व खाद्य दिवस है। विश्व खाद्य दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य भूख और कुपोषण को खत्म करने के लिए वैश्विक जागरूकता बढ़ाना, सभी के लिए सुरक्षित और स्वस्थ भोजन सुनिश्चित करना और स्थायी खाद्य प्रणालियों को बढ़ावा देना है। लेकिन विडंबना है कि इस सार्थक उद्देश्य और पहल के बावजूद हर वर्ष करोड़ों टन भोजन बर्बाद हो रहा है। वहीं दूसरी ओर दुनिया में हर दिन करोड़ों लोग दाने-दाने के लिए मोहताज हो रहे हैं। विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति (एसओएफआई) रिपोर्ट-2025 से उद्घाटित हुआ है कि वर्ष 2024 में 63.8 करोड़ से 72 करोड़ लोग जो वैश्विक जनसंख्या का क्रमशः 7.8 और 8.8 प्रतिशत है, भूख का सामना करेंगे। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि कई देशों में बढ़ी हुई मुद्रास्फिति ने क्रय शक्ति को कमजोर कर दिया है जिसके कारण 2030 तक भूख और खाद्य असुरक्षा के उन्मूलन यानि एसडीजी लक्ष्य 2.1 बहुत दूर हो गया है। संयुक्त राष्ट्र की 2024 की ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के 36 देशों में भूख का स्तर बेहद गंभीर है।

संयुक्त राष्ट्र की 2024 की रिपोर्ट पर गौर करें तो विश्व में हर साल लगभग 1.05 अरब टन खाना बर्बाद होता है जोकि कुल खाद्य उत्पादन का 19 प्रतिशत है। इसका मतलब यह हुआ कि दुनिया भर में हर दिन लगभग एक अरब से ज्यादा थालियां बर्बाद हो जाती हैं। खाने की बर्बादी के मामले में पहला स्थान चीन का है जहां हर साल 9.6 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। दूसरे स्थान पर भारत है जहां हर साल 6.7 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। यह प्रति व्यक्ति के हिसाब से 50 किलो ठहरता है। खाने की यह बर्बादी इस अर्थ में ज्यादा चिंतनीय है कि एक ओर जहां दुनिया भर के करोड़ों लोग भुखमरी के शिकार हैं वहीं करोड़ों टन खाना बर्बाद हो रहा है। याद होगा कि गत वर्ष पहले एसोचैम और एमआरएसएस इंडिया की एक रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि भारत में हर वर्ष 440 अरब डॉलर के दूध, फल और सब्जियां बर्बाद होते हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक विश्व के एक बड़े उत्पादक देश होने के बावजूद भारत में कुल उत्पादन का करीब 40 से 50 फीसदी भाग जिसका मूल्य लगभग 440 अरब डॉलर के बराबर है, बर्बाद हो जाता है। देश में हर साल उतना भोजन बर्बाद होता है जितना ब्रिटेन उपभोग करता है। आंकड़ों पर गौर करें तो देश में 2023-24 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 3322.98 लाख मिट्रिक टन था। इसके बावजूद यह अन्न लोगों की भूख नहीं मिटा पा रहा है। ऐसा नहीं है कि यह उत्पादित देश की आबादी के लिए कम है। लेकिन अन्न की बर्बादी के कारण करोड़ों लोगों को भूखे पेट रहना पड़ रहा है। भोजन की कमी से हुई बीमारियों से देश में सालाना हजारों बच्चों की जान जाती है। वैश्विक भूख सूचकांक-2024 के मुताबिक ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत दुनिया के 127 देशों में 105वें स्थान पर रहा। भारत को इस सूचकांक में गंभीर श्रेणी में रखा गया है। भारत का स्कोर 27.3 है जो गत साल से थोड़ा बेहतर है। यहां ध्यान देना होगा कि बर्बाद भोजन को पैदा करने में 25 प्रतिशत स्वच्छ जल का इस्तेमाल होता है और साथ ही कृषि के लिए जंगलों को भी नष्ट किया जाता है। इसके अलावा बर्बाद हो रहे भोजन को उगाने में 30 करोड़ बैरल तेल की भी खपत होती है। बर्बाद हो रहे भोजन से जलवायु



प्रदूषण का खतरा भी बढ़ रहा है। उसी का नतीजा है कि खाद्यान्नों में प्रोटीन और आयरन की मात्रा लगातार कम हो रही है। खाद्य वैज्ञानिकों का कहना है कि कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन की अधिकता से भोजन से पोषक तत्व नष्ट हो रहे हैं जिसके कारण चावल, गेहूं, जौ जैसे प्रमुख खाद्यान में प्रोटीन की कमी होने लगी है। चावल में 7.6 प्रतिशत, जौ में 14.1 प्रतिशत, गेहूं में 7.8 प्रतिशत और आलू में 6.4 प्रतिशत प्रोटीन की कमी दर्ज की गई है। अगर कार्बन उत्सर्जन की यही स्थिति रही तो 2050 तक दुनिया भर में 15 करोड़ लोग इस नई वजह के चलते प्रोटीन की कमी का शिकार हो जाएंगे। यह दावा हार्वर्ड टीएच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ ने अपनी ताजा रिपोर्ट में किया है। एक अनुमान के मुताबिक 2050 तक भारतीयों के प्रमुख खुराक से 5.3 प्रतिशत प्रोटीन गायब हो जाएगा। इस कारण 5.3 करोड़ भारतीय प्रोटीन की कमी से जूझेंगे। गौरतलब है कि प्रोटीन की कमी होने पर शरीर की कोशिकाएं उतकों से उर्जा प्रदान करने लगती हैं। चूंकि कोशिकाओं में प्रोटीन भी नहीं बनता है लिहाजा इससे उतक नष्ट होने लगते हैं। इसके परिणामस्वरूप व्यक्ति धीरे-धीरे कमजोर होने लगता है और उसका शरीर बीमारियों का घर बन जाता है। अगर भोज्य पदार्थों में प्रोटीन की मात्रा में कमी आई तो भारत के अलावा उप सहारा अफ्रीका के देशों के लिए भी यह स्थिति भयावह होगी। इसलिए और भी कि यहां लोग पहले से ही प्रोटीन की कमी और कुपोषण से जूझ रहे हैं। बढ़ते कार्बन डाई आक्साइड के प्रभाव से सिर्फ प्रोटीन ही नहीं, आयरन कमी की समस्या भी बढ़ेगी। दक्षिण एशिया एवं उत्तर अफ्रीका समेत दुनिया भर में पांच वर्ष से कम उम्र के 35.4 करोड़ बच्चों और 1.06 महिलाओं के इस खतरे से ग्रस्त होने की संभावनाएं हैं। इसके कारण उनके भोजन में 3.8 प्रतिशत आयरन कम हो जाएगा। फिर एनीमिया से पीड़ित होने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी। प्रोटीन की कमी से कई तरह की बीमारियों का खतरा उत्पन्न हो गया है। गत वर्ष इफको की रिपोर्ट में कहा गया कि कुपोषण की वजह से देश के लोगों का शरीर कई तरह की बीमारियों का घर बनता जा रहा है। हालांकि यूनाइटेड नेशन के फूड एग्रीकल्चर आर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं के कारण अब भारत में पिछले एक दशक में भूखमरी की समस्या में तेजी से कमी हुई है जिससे कुपोषण का संकट घटा है। यहां ध्यान देना होगा कि दुनिया भर में सालाना जितना अन्न की वैश्विक बर्बादी हो रही है उसकी कीमत तकरीबन 1000 अरब डॉलर है। अन्न की बर्बादी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यदि कुल बर्बाद भोजन को 20 घनमीटर आयतन वाले किसी कंटेनर में एक के बाद एक करके रखें और ऊंचाई में बढ़ाते जाएं तो 1.6 अरब टन भोजन से चांद तक जाकर आया जा सकता है। आंकड़ों के मुताबिक विकसित देशों में अन्न की बर्बादी के कारण 680 अरब डॉलर और विकासशील देशों में 310 अबर डॉलर का नुकसान हो रहा है। ध्यान देने वाली बात यह कि अमीर देश भोजन के सदुपयोग के मामले में सबसे ज्यादा संवेदनहीन और लापरवाह हैं। इन देशों में सालाना 22 करोड़ टन अन्न बर्बाद होता है। जबकि उप सहारा अफ्रीका में सालाना कुल 23 करोड़ टन अनाज पैदा किया जाता है। दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका की ही बात करें तो यहां जितना अन्न खाया जाता है, उससे कहीं अधिक बर्बाद होता है। केवल खुदरा कारोबारियों और उपभोक्ताओं के स्तर पर अमेरिका में हर साल 6 करोड़ टन अन्न बर्बाद होता है। उचित होगा कि विश्व समाज के अग्रणी देश दुनिया भर में भूख और कुपोषण से बेहाल लोगों की सुध लें। करोड़ों टन जो भोजन बर्बाद हो रहा है उसे जरूरतमंदों तक पहुंचाने की महती व्यवस्था सुनिश्चित करें।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## संघ शताब्दी वर्ष

डा. मार्कन्डेय आहूजा



# ऐसी अक्षय ध्येयनिष्ठा को ईश्वर भी अनदेखा नहीं कर सकता

तदन्तः स्फुरत्वक्षया ध्येयनिष्ठा" वाक्य में दार्शनिक, आध्यात्मिक, मनोवैज्ञानिक एवं साधनात्मक गहराई है, और जब इसे भगवद् गीता के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए, तो यह योग, ध्यान, और आत्मनिष्ठा के सार को प्रकट करता है। तद्-अन्तः - उस (ईश्वर, सत्य या ब्रह्म) के भीतर; स्फुरत् - चमकने वाला, प्रकाशित अक्षया - अविनाशी, क्षय-रहित ध्येयनिष्ठा - ध्यान का दृढ़ आधार, एकनिष्ठ ध्यान। भगवद् गीता में यह भाव विशेष रूप से कई श्लोकों से जुड़ता है जैसे तस्मात्सर्वेषु कालेषु मामनुस्मर युध्य च।"अध्याय 8, श्लोक 7) "इसलिए, हे अर्जुन! हर समय मेरा स्मरण करते हुए युद्ध कर।" यहाँ भगवान श्रीकृष्ण यह बताते हैं कि जीवन का हर कर्म ईश्वरनिष्ठ ध्यान में परिवर्तित हो सकता है, यदि मन के भीतर वह अक्षय ध्येय अर्थात् ईश्वर निरंतर स्फुरित रहे। जब मन संसार के नाशवान विषयों में उलझता है, तब उसकी शक्ति क्षीण होती है पर जब ध्यान का केंद्र अक्षय तत्व आत्मा या परमात्मा बनता है, तब वह शक्ति स्फुरित हो उठती है। इस अवस्था में व्यक्ति ध्येयनिष्ठ कहलाता है यानि जिसका ध्यान अडिग और अचल है। कुरुक्षेत्र में अर्जुन जब मोह में था, तब उसका ध्यान नाशवान रिश्तों और परिणामों पर था। पर जब कृष्ण ने उसे गीता का उपदेश दिया ,"मांनुस्मर युध्य च" तब उसके भीतर वही 'तदन्तः स्फुरत्वक्षया ध्येयनिष्ठा' जागी। उसने कृष्ण में ही सब कुछ देखना शुरू किया, तब युद्ध भी साधना बन गया। अब वह भीतर से प्रकाशित हो चुका था, जैसे सूर्य बादलों को चीरकर स्वयं प्रकट होता है। मीरा बाई का जीवन इसका जीवंत उदाहरण है। जब समस्त संसार ने उन्हें ठुकराया, तो उनके भीतर केवल एक ही स्फुरण शेष था "श्याम मेरा एको ध्येय।" उनकी ध्येयनिष्ठा इतनी अक्षय थी कि विष का प्याला भी अमृत बन गया। यह वही अवस्था है जहां भीतर अविनाशी चेतना का प्रकाश हर पीड़ा से तुच्छ है जैसे कोई वैज्ञानिक वर्षों तक एक सिद्धांत पर ध्यान लगाता है, वह बाहरी सफलता या असफलता से नहीं डगमगाता क्योंकि उसके भीतर ध्येय की अक्षय ज्योति जलती रहती है। जब वह ज्योति स्फुरित रहती है, तो बाहरी बाधाएं अर्थहीन हो जाती हैं। यह भी एक रूप है ध्येयनिष्ठा का। राजा जनक योगी भी थे और राजा भी। उनके महल में वैभव था, पर भीतर एकाग्रता अक्षय थी। जब किसी ने पूछा, "राजकाज में लिप्त होकर भी आप योगी कैसे हैं?" जनक ने कहा ,"मेरे कर्म बाहर हैं, पर मेरा ध्यान भीतर है। मैं कर्म नहीं करता, कर्म मुझमें होता है।" यही ध्येय-निष्ठा का अक्षय रूप है। आज भी यह सूत्र अत्यंत प्रासंगिक है। हम चाहे काम में हों, परिवार में हों, संघर्ष में हों -यदि भीतर एक स्थायी ज्योति, एक शांत ध्येय स्फुरित है, तो जीवन साधना बन जाता है। जैसे कोई डॉक्टर अपनी सेवा में ईश्वर को देखे। कोई शिक्षक हर छात्र में चेतना का विस्तार देखे। कोई कलाकार हर रचना में सत्य की झलक खोजे। तब वे कर्म नहीं करते, बल्कि "ध्येय की निष्ठा" में रहते हैं।उनका ध्यान अक्षय हो जाता है। "ध्येय में स्फुरण" के वैज्ञानिक रूप डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने कहा "सपना वह नहीं जो तुम नींद में देखते हो,सपना वह है जो तुम्हें सोने नहीं देता।" कलाम का जीवन "तदन्तः स्फुरत्वक्षया ध्येयनिष्ठा" का आधुनिक प्रतिरूप है।उनके भीतर विज्ञान और राष्ट्रसेवा का एक अविनाशी ध्येय स्फुरित था। कठिन परिस्थितियों, असफलताओं, सीमित साधनों के बावजूद उनका ध्यान 'भारत को आत्मनिर्भर बनाना' था। वे बार-बार असफल हुए, पर उनकी निष्ठा कभी क्षीण नहीं हुई ; वह अक्षय थी। गीता का समान भावः योगस्थः कुरु कर्माणि, संगं त्यक्त्वा धनंजय।" कर्म करो, पर सफलता-असफलता से आसक्त मत हो। कलाम का विज्ञान उसी कर्मयोग का उदाहरण है। वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग की देह लगभग निष्क्रिय हो गई थी, पर उनके भीतर ज्ञान का प्रकाश स्फुरित था। वह अक्षय था वह मनोबल ही उन्हें "ब्लैक होल्स " के रहस्य तक ले गया। उन्होंने कहा ,"मेरा शरीर सीमित है,लेकिन मेरा मन सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की कल्पना करने के लिए स्वतंत्र है।" यह वही अवस्था है जहाँ भीतर की चेतना बाहरी सीमाओं पर विजय पाती है। 'ध्येयनिष्ठ' वैज्ञानिक डॉ. होमी जे. भाभा और डॉ. विक्रम साराभाई भारत के वैज्ञानिक पुनर्जागरण के प्रतीक हैं। सीमित संसाधन, विदेशी दबावों, और आलोचना के बावजूद उन्होंने भारत को अंतरिक्ष और परमाणु शक्ति के मार्ग पर स्थापित किया। उनका ध्येय केवल "तकनीक" नहीं था बल्कि "राष्ट्र की आत्मनिर्भर चेतना।" गीता में कहा है "यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति।" जो मुझे हर जगह देखता है, उसका ध्यान कभी नष्ट नहीं होता। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद का कहना है कि जब ध्यान न किया जाए, बल्कि ध्यान "होने लगे" वही है : तदन्तः स्फुरत्वक्षया ध्येयनिष्ठा।

(लेखक चिकित्सक एवं शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अपने भीतर अच्छा स्वास्थ्य कैसे लाएं?



संकलित

**दर्शन**

क्या आप सचमुच स्वस्थ हैं? स्वास्थ्य का अर्थ है, रोग-मुक्त शरीर, कंपन-मुक्त श्वास, तनाव-मुक्त मन, संकोच-मुक्त बुद्धि, आसक्ति-मुक्त स्मृति, समावेशी अहंकार और दुःख से मुक्त आत्मा। समग्र स्वास्थ्य के लिए व्यायाम, श्वास और ध्यान का अभ्यास आवश्यक है। श्वास ही जीवन है। हमारा जीवन हमारी श्वास में है। यदि कोई श्वास नहीं ले रहा, तो इसका अर्थ है- वहां जीवन नहीं है। ध्यान, प्राणायाम और योगिक अभ्यासों का मुख्य उद्देश्य प्राण या जीवन ऊर्जा को बढ़ाना है। दरअसल प्राण भावनाओं से भी अधिक सूक्ष्म होता है। जब हम सूक्ष्म स्तर पर ध्यान देते हैं, तो स्थूल स्वतः ठीक हो जाता है। जब आप श्वास को संभालते हैं, तो शरीर स्वस्थ हो जाता है। यदि आपकी श्वास गरम, हिलती-डुलती, असमान या असहज है, तो यह रोग का संकेत है। श्वास का पैटर्न शरीर में उपस्थित विषाक्त तत्त्वों और संभावित रोगों की सूचना देता है। हमारी श्वास में अनेक रहस्य छिपे हैं। क्योंकि मन की हर भावना के साथ श्वास की एक विशेष लय जुड़ी होती है। हर लय शरीर के किसी विशेष भाग को प्रभावित करती है। जरा ध्यान से देखें। जब हम प्रसन्न होते हैं तो विस्तार का अनुभव होता है और जब दुखी होते हैं तो संकुचन का। हम इन अनुभूतियों को तो महसूस करते हैं, पर उनके बीच संबंध को नहीं पहचानते। इसलिए जब आप सीधे मन को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हों, तो श्वास के माध्यम से मन को नियंत्रित किया जा सकता है।

# कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति निष्ठा



संकलित

**प्रेरणा**

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खंडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोलाः अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछाः आप कौन हैं? सर्प ने कहाः अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूँ। उस तक पहुँचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूँ। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहाः भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहाः कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमे अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को छद्म की कहीं स्थान नहीं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**आत्मनिर्भर भारत के प्रथम द्रष्टा डा. कलाम**

हर साल 15 अक्टूबर को मनाया जाने वाला विश्व विद्यार्थी दिवस केवल डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती नहीं है, बल्कि यह दिन हर विद्यार्थी और नागरिक के लिए आत्ममंथन का अवसर है। डा. कलाम का जीवन इस बात का प्रमाण है कि कोई भी शुरुआत छोटी नहीं होती, अगर उसमें सपनों की आग और समर्पण की ठंडक हो। रामेश्वरम की एक साधारण गलियों में अख़बार बेचने वाला बालक जब भारत का मिसाइल मैन और बाद में देश का राष्ट्रपति बना, तो उसने न केवल सफलता की परिभाषा बदली, बल्कि यह सिखाया कि सच्ची शिक्षा वह है जो इनसान को बेहतर इनसान बनाती है। वह आत्मनिर्भर भारत के प्रथम द्रष्टा थे। वह विनम्रता, ईमानदारी और कर्त्तव्य के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते हैं। *– प्रदीप साहू, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# दुबई में मसालों से सबसे बड़ी रंगोली बनाई गई

संस्कृति और सामुदायिक भावना का जीवंत संगम पेश करते हुए दुबई के एक बाजार में मसालों से ऐसी रंगोली बनाई गई जिसे खाड़ी देश में 'सबसे बड़ी' रंगोली बताया जा रहा है। मसालों की रंगोली आठ अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक वाटरफ्रंट मार्केट में सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाएगी। छह मीटर लंबाई और छह मीटर चौड़ाई वाली इस विशाल रंगोली को दालचीनी, हल्दी, मिर्च, धनिया और लौंग समेत 60 किलोग्राम से अधिक विभिन्न मसालों का उपयोग करके तैयार किया गया। ये सभी मसाले वाटरफ्रंट मार्केट से ही लाए गए थे। इस अनूठी कलाकृति ने बाजार के प्रांगण को चटकीले रंगों और सुगंध से भर दिया। इसका 'दुबई फेस्टिवल्स एंड रिटेल एस्टेब्लिशमेंट' (डीएफआरई) द्वारा शहर भर में आयोजित दिवाली कार्यक्रमों के तहत एक विशेष समारोह में हाल में आधिकारिक तौर पर अनावरण किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के महावाणिज्य दूतावास के वाणिज्य दूत (पासपोर्ट) सुनील कुमार और डीएफआरई के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम में एकजुटता, संस्कृति और समुदाय की भावना का प्रदर्शन किया गया।



## ऑफ बीट

# क्या पालतू जानवर को चूमना ठीक है?

हाल के दशकों में पालतू जानवरों के साथ हमारे रिश्ते में काफी बदलाव आया है। पालतू जानवरों को पालने का चलन बढ़ा है। हम पालतू जानवरों की देखभाल पर हर साल अनुमानित रूप से 33 अरब डॉलर खर्च करते हैं। पालतू जानवर रखना कई मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य लाभों से जुड़ा हुआ है, लेकिन हमारे पालतू जानवर संक्रामक रोगों को भी आश्रय दे सकते हैं जो कभी-कभी हम तक भी पहुंच सकते हैं। अधिकांश लोगों के लिए, जोखिम कम है। लेकिन गर्भवती महिलाओं और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों को जानवरों से बीमार होने का अधिक खतरा होता है। इसलिए, जोखिमों को जानना और संक्रमण को रोकने के लिए आवश्यक सावधानी बरतना महत्वपूर्ण है। पालतू जानवरों से कौन सी बीमारियां हो सकती हैं? जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाले संक्रामक रोगों को जूनोटिक रोग या जूनोज कहा जाता है। यह ज्ञात है कि साथ रहने वाले जानवरों के 70 से अधिक रोगाणु लोगों में फैल सकते हैं। कभी-कभी, पालतू जानवर जिसमें जूनोटिक रोगाणु होता है वह बीमार लग सकता है। लेकिन अक्सर कोई दृश्यमान लक्षण नहीं हो सकता है, जिससे आपके लिए संक्रमित होने का जोखिम बढ़ जाता है, क्योंकि आपको अपने पालतू जानवर में रोगाणु के आश्रय होने का संदेह नहीं होता है।



## ट्रेंड

### जैसलमेर बस हादसा



जैसलमेर में बस में लगी आग की घटना अत्यंत हृदयविदारक है। इस दुखद हादसे से प्रभावित नागरिकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ है और उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।
**-भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**

### क़ानून का उल्लंघन



क़ानून का उल्लंघन जब अधिकारी करेंगे तो अधिकारियों और उन अपराधियों में क्या अंतर रह जाएगा जो क़ानून तोड़ते हैं। शासन-प्रशासन विधि पर आधारित होना चाहिए किसी की मनमानी पर नहीं। भाजपा ने भ्रष्टाचारीकरण करके, प्रशासन को निरंकुश बना दिया है।
**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### केदारनाथ धाम की चढ़ाई



केदारनाथ धाम की कठिन चढ़ाई अब आसान होगी। अदाणी समूह श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल और सुरक्षित बनाने के लिए यह रोपवे बना रहा है। इस पुण्य कार्य का हिस्सा बनना हमारे लिए गर्व की बात है। महादेव सब पर अपनी कृपा बनाए रखें।
**- गौतम अडानी, उद्यमी**

### ब्रह्मांड की प्रतिक्रिया



आप जो करते हैं और जो किया जाता है, उसके बीच एक पूरा ब्रह्मांड है। उस ब्रह्मांड में जुनून, इरादा....हृदय... निहित है, क्योंकि ब्रह्मांड हृदय के प्रति, आपके मन की तुलना में कहीं अधिक प्रतिक्रिया करता है।
**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# जबलपुर लोकायुक्त व पीएस स्वास्थ्य से जांच रिपोर्ट तलब

### सीएमएचओं मिश्रा के खिलाफ दायर मामले में लोकायुक्त अदालत ने दिये निर्देश

जबलपुर।

लोकायुक्त के समक्ष जबलपुर सीएमएचओं डॉ. मिश्रा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में दर्ज करायी गई शिकायत पर हीलाहवाली होने के आरोप को अदालत ने सख्ती से लिया। विशेष न्यायाधीश मनीष सिंह ठाकुर की अदालत ने मामले में जबलपुर लोकायुक्त व प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग से जांच प्रतिवेदन तलब किया है।अदालत ने सीएमएचओं व स्वास्थ्य आयुक्त के कथन भी पेश करने के निर्देश दिए ।मामले की अगली सुनवाई 3 दिसंबर 2025 को नियत की गई है।

उल्लेखनीय है कि यह मामला समाजसेवी विनय जी डेविड की ओर से दायर किया गया है। अधिवक्ता आरएन तिवारी ने अदालत को बताया कि 22 मई 2024 को सीएमएचओं डॉ. संजय मिश्रा के खिलाफ आवेदक की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसमें डॉ. संजय मिश्रा पर कोषालय प्रणाली (आईएफएमआईएस साफ्टवेयर) में झूठी प्रविष्ठी दर्ज करने, सेवा पुस्तिका के दस्तावेज



में षड्यंत्रकारी छेड़छाड़ कर कूटरचना करने तथा अवैध रूप से संचालित पैथोलाजी लैबों से प्राप्त आय से दूसरी पत्नी के नाम पर संपत्ति खरीदी का आरोप लगाया गया था। इसके बाद लोकायुक्त ने कई पत्र जारी कर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। लेकिन विभागीय अधिकारियों ने जानबूझकर मामले की जांच को दबाये रखा। अनावेदक सीएमएचओं लाभ पहुंचाने की कोशिश की।परिवादी की ओर से कहा गया कि विगत डेढ़ वर्ष से मामले में जांच प्रतिवेदन पेश न करके अनावेदक को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

## हाईकोर्ट से भी धोखाधड़ी के हाईप्रोफाइल मामले की आरोपी महिला को जमानत नहीं

अधीनस्थ अदालत के बाद हाईकोर्ट ने भी धोखाधड़ी के हाईप्रोफाइल मामले की आरोपी गुजराती कालोनी, संजीवनी नगर निवासी बानो बेगम को जमानत देने से इनकार कर दिया। जस्टिस एके पालीवाल की सिंगल बेंच ने कहा कि अपराध की प्रकृति और बैंक ट्रांसेक्शन को देखते हुए जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।आवेदिका की ओर से दलील दी गई कि वह 9 जुलाई से जेल में है। उस पर आरोप है कि उसने शुभ मोटर्स से बड़ी राशि की धोखाधड़ी की है। जांच के बाद चार्जशीट पेश हो चुकी है। उसके बैंक एकाउंट में शुभ मोटर्स से केवल 2 लाख 22 हजार रुपए क्रेडिट हुए हैं। वहीं शासन व आपत्तिकर्ता की ओर से दलील दी गई कि आवेदिका दामाद सोहिब, पुत्र अफसर व अन्य के एकाउंट से कुल 11 लाख 14 हजार रुपए बानो के एकाउंट में ट्रांसफर हुए। छह मार्च से 24 मई के बीच करीब 54 लाख का ट्रांसेक्शन हुआ है। आपत्तिकर्ता महेश केमतानी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज शर्मा और शासन की ओर से उप महाधिवक्ता विवेक शर्मा, शासकीय अधिवक्ता गीतेश ठाकुर व प्रवीण नामदेव ने जमानत का विरोध किया।

## जस्टिस अतुल श्रीधरन के छग की जगह इलाहाबाद हाईकोर्ट तबादले की अनुशंसा

मप्र हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश अतुल श्रीधरन का स्थानांतरण अब छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की जगह इलाहाबाद हाईकोर्ट में किया जाएगा। 27 अगस्त 2025 को सुप्रीम कोर्ट कालेजियम ने उनके छग हाईकोर्ट स्थानांतरण की अनुशंसा की थी। गत 14 अक्टूबर को हुई सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम में केंद्र सरकार के आग्रह पर इस अनुशंसा पर पुनर्विचार किया गया। इसके बाद कॉलेजियम ने जस्टिस श्रीधरन का स्थानांतरण छग हाईकोर्ट की बजाय इलाहाबाद हाईकोर्ट करने की अनुशंसा की। 24 मई, 1966 को जन्मे जस्टिस अतुल श्रीधरन सात अप्रैल, 2016 को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश नियुक्त हुए थे। मार्च, 2018 में उन्हें स्थायी न्यायाधीश बनाया गया था। उन्होंने मप्र शासन के मंत्री विजय शाह के विवादित बयान के मामले में संज्ञान आधारित सुनवाई सहित कई महत्वपूर्ण आदेश पारित किए।



### एक ही दिन में 184 चालान, 64 हजार जुर्माना वसूला

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर पुलिस की सख्ती

हरिभूमि, जबलपुर।

सड़क दुर्घटनाओं में हो रही बढ़ोतरी और मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से मंगलवार 15 अक्टूबर को जबलपुर में यातायात पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। यह कार्यवाही कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर की गई। अभियान के तहत एएसपी यातायात अंजना तिवारी के मार्गदर्शन में टीआई यातायात मालवीय चौक निरीक्षक शिवदयाल सनोडिया एवं उनकी टीम ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने चेकिंग कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की। इस दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालक, सीट बेल्ट न लगाने वाले चारपहिया वाहन चालक और अन्य नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध 74 चालान किए गए, जिनमें से 35 चालान कलेक्ट्रेट स्टाफ के थे।

### एसपी ऑफिस भी नहीं छोड़ा

इसी प्रकार थाना प्रभारी यातायात घमापुर इंद्रा ठाकुर एवं उनकी टीम ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 110 चालान किए गए, जिनमें 8 पुलिस स्टाफ के भी शामिल थे। इसके अलावा कैरब्ज तिराहा, वेस्टलैण्ड खमरिया, ग्लोबल कॉलेज के सामने सहित शहर के अन्य स्थानों पर भी वाहनों की जांच की गई। कुल मिलाकर दिनभर की कार्रवाई में 184 चालान कर 64 हजार 100 रूपये का समन शुल्क वसूल किया गया।

# गोलबाजार पटाखा बाजार पहुंचे कलेक्टर-कप्तान

### -सुरक्षा इंतजामों का लिया जायज़ा, दुकानदारों को दिए निर्देश

हरिभूमि, जबलपुर।

**दीपावली पर्व के मद्देनज़र मंगलवार को कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने संयुक्त रूप से गोलबाजार स्थित पटाखा बाजार का निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने सुरक्षा एवं अग्नि सुरक्षा इंतजामों, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, विक्रेताओं के लाइसेंस, तथा पार्किंग की उपलब्धता का विस्तृत जायज़ा लिया। अधिकारियों ने पटाखा विक्रेताओं को निर्धारित स्थान पर



ही बिक्री करने और सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि प्रत्येक दुकान में पानी व रेत से भरी बाल्टियाँ तथा अग्निशमन यंत्र अनिवार्य रूप से रखें जाएं। विद्युत तारों को सही स्थिति में रखना सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। कप्तान उपाध्याय ने भीड़ नियंत्रण और यातायात को सुचारु रखने के लिए मौके पर मौजूद पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## एल्गिन हॉस्पिटल में आउटसोर्स स्टाफ नहीं मिला वेतन

**जबलपुर।** दिवाली से ठीक पहले रानी दुर्गावती (लेडी एल्गिन) अस्पताल में कामकाज ठप होने की स्थिति बन गई है। बीते चार माह से वेतन नहीं मिलने से परेशान आउटसोर्स सपोर्ट स्टाफ ने बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। अस्पताल के सफाईकर्मी, वार्ड ब्वॉय, अटेंडर, सिक्योरिटी गार्ड सहित अन्य कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से काम बंद कर विरोध जताया।हड़ताल पर जाने से पहले कर्मचारियों ने अस्पताल अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए पूरा मामला अवगत कराया था। कर्मचारियों ने बताया कि वे प्रकाश सिक्योरिटी गार्ड एंड वर्क्स कॉन्ट्रेक्टर के माध्यम से कार्यरत हैं।

### मोहन भागवत और दत्तात्रेय होसबोले रहेंगे मौजूद

# जबलपुर बनेगा आरएसएस की बड़ी रणनीतिक बैठक का केंद्र

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक और संगठनात्मक दृष्टि से अहम मानी जाने वाली नगरी जबलपुर इस बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की एक बड़ी बैठक का गवाह बनने जा रही है। आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की यह तीन दिवसीय बैठक 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले सहित संघ के शीर्ष नेतृत्व के लगभग सभी प्रमुख अधिकारी शामिल होंगे।आरएसएस के सूत्रों के अनुसार, बैठक को लेकर जबलपुर में तैयारियाँ जोरों पर हैं। शहर के एक सुरक्षित एवं विशाल परिसर में कार्यक्रम स्थल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। संघ के स्थानीय पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों और शाखा प्रमुखों को आयोजन की विभिन्न जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। इस आयोजन को लेकर जबलपुर में सुरक्षा व्यवस्था भी सुदृढ़ की जा रही है। शहर में आने वाले वरिष्ठ संघ पदाधिकारियों और अतिथियों के ठहरने, परिवहन और भोजन की व्यवस्थाओं को लेकर विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं।

### क्यों अहम बैठक

संघ के जानकारों के अनुसार, यह बैठक कई मायनों में विशेष है। यह पहला मौका है कि जब बैठक ऐसे समय में हो रही है कि देश में राजनीतिक और सामाजिक परिवर्तन की तेज़ी से हलचल है आने वाले महीनों में कई राज्यों में चुनाव हैं और 2026 में होने वाली जनगणना तथा संगठनात्मक पुनर्गठन जैसे मुद्दे भी सामने हैं। दूसरा, जबलपुर स्वयं संघ की गतिविधियों का एक मजबूत केंद्र रहा है।

## करौंदी में नोटिस जारी होने के बाद बस्ती में हड़कंप

# अवैध निर्माणों को लेकर आर्मी प्रशासन सख्त

जबलपुर।

कैंट क्षेत्र अंतर्गत आने वाले करौंदी इलाके में आर्मी प्रशासन इन दिनों अवैध निर्माण को लेकर सख्त रुख अपनाए हुए है। हाल ही में सैन्य प्रशासन और सेंट्रल ऑर्डिनेंस डिपो (सीओडी) प्रबंधन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए करौंदी के करीब आधा दर्जन परिवारों को धारा पांच ए के तहत नोटिस जारी किए हैं। इस कार्रवाई के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

पूर्व कैंट बोर्ड सदस्य राजीत यादव ने बताया कि इस साल बरसात अधिक होने के कारण करौंदी के करीब छह परिवार राम सिंह, विशाल यादव, नाथू कुशवाहा, गुडा यादव, नीलेश बिरहा और प्रमोद यादव — ने अपने पुराने मकानों की मरम्मत कराई थी। उनका कहना है कि यह मरम्मत कार्य पुराने मकानों की सीमा (प्लिंथ एरिया) के भीतर ही किया गया था, इसलिए इसे अवैध नहीं माना जाना चाहिए। श्री यादव का कहना है की इसके बावजूद सीओडी प्रशासन ने आपत्ति दर्ज करते हुए उक्त परिवारों को नोटिस थमा दिए। सैन्य संपदा अधिकारी ने मकानों को “अवैध निर्माण” बताते हुए उन्हें हटाने के निर्देश जारी किए हैं।

### करौंदीवासियों ने जताया विरोध

नोटिस मिलने के बाद करौंदी के नागरिकों ने सामूहिक रूप से आर्मी स्टेशन सेल कमांडर से मुलाकात की और अपनी आपत्ति दर्ज कराई। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे कई वर्षों से यहां रह रहे हैं और मरम्मत कार्य केवल सुरक्षा व आवश्यकता के लिए किया गया था, न कि नए निर्माण के लिए।सूत्रों के अनुसार, सैन्य प्रशासन ने फिलहाल करौंदीवासियों को आश्वासन दिया है कि मामला रक्षा मंत्रालय को भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार ही आगे बढ़ेगा। यदि मंत्रालय से कार्रवाई के निर्देश आए तो मकानों पर तोड़फोड़ संभव है।




### ऐतिहासिक रूप से बसाया गया करौंदी

जानकारी के मुताबिक, कैंट बोर्ड के वार्ड क्रमांक 7 में आने वाले करौंदी क्षेत्र को तब बसाया गया था जब सेंट्रल ऑर्डिनेंस डिपो (सीओडी) की स्थापना की जा रही थी। उस समय आसपास के ग्रामीणों को विस्थापित करके करौंदी में बसाया गया था। इस प्रक्रिया से जुड़े कुछ दस्तावेज आज भी करौंदीवासियों के पास मौजूद हैं।हालांकि, करौंदी को अब तक सिविल एरिया घोषित नहीं किया गया, जिसके कारण सैन्य प्रशासन इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार का स्थायी निर्माण करने की अनुमति नहीं देता। इसी वजह से यहां के पुराने रहवासी लंबे समय से असमंजस की स्थिति में जी रहे हैं।

### स्पष्ट नीति बनाने की मांग

करौंदी के निवासियों का कहना है कि यदि यह क्षेत्र सिविल एरिया में शामिल नहीं है तो प्रशासन को स्पष्ट नीति बनानी चाहिए ताकि लोग बार-बार नोटिस और कार्यवाही की आशंका से मुक्त रह सकें। वहीं पूर्व मेंबर राजीत यादव ने मांग की है कि बरसात से क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत को अवैध न माना जाए, क्योंकि यह केवल सुरक्षा के लिहाज से जरूरी था।

# रानी कमलापति-निजामुद्दीन के बीच दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलेगी

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल ने दिवाली के पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए रानी कमलापति-हज़रत निजामुद्दीन-रानी कमलापति के मध्य दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी रानी कमलापति से प्रस्थान कर विदिशा, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ग्वालियर, आगरा कैंट, मथुरा स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति से हज़रत निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेन 17 एवं 18 अक्टूबर 2025 को रानी कमलापति स्टेशन से सुबह 07:30 बजे प्रस्थान कर, विदिशा 08:28 बजे, बीना 09:50 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी 12:45 बजे, ग्वालियर 14:20 बजे, आगरा कैंट 16:45 बजे, मथुरा 18:00 बजे पहुँचकर और रात 20:15 बजे हज़रत निजामुद्दीन स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01662 हज़रत निजामुद्दीन से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 17 एवं 18 अक्टूबर 2025 को हज़रत निजामुद्दीन स्टेशन से रात 21:25 बजे प्रस्थान कर मथुरा रात्रि 23:55 बजे, पहुंचकर अगले दिन आगरा कैंट मध्यरात्रि 00:50 बजे, ग्वालियर 02:55 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी 05:35 बजे, बीना 08:10 बजे, विदिशा 09:15 बजे पहुंचकर और सुबह 10:50 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी।



### 3 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाये गए

पश्चिम मध्य रेल से चलने वाली जबलपुर-रायपुर इण्टरसिटी एक्सप्रेस, रानी कमलापति-मदनमहल जनशताब्दी एवं रानी कमलापति-आधारताल इण्टरसिटी एक्सप्रेस ट्रेनों में छह दिनों के लिए अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 11702 जबलपुर-रायपुर इण्टरसिटी ट्रेन में प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर स्टेशन से दिनांक 17 अक्टूर से 22 अक्टूबर तक 01 वातानुकूलित चेयरकार श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा। गाड़ी संख्या 12061 रानी कमलापति-मदनमहल जनशताब्दी ट्रेन में प्रारंभिक स्टेशन रानी कमलापति स्टेशन से दिनांक 17 से 22. अक्टूबर तक 01 द्वितीय चेयरकार श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा। गाड़ी संख्या 22187 रानी कमलापति-आधारताल इण्टरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन में प्रारंभिक स्टेशन रानी कमलापति स्टेशन से दिनांक 17 से 22 अक्टूबर तक 01 द्वितीय चेयरकार श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा।

## सारनाथ एक्सप्रेस 33 दिनों के लिए रद्द

### दिसंबर, जनवरी व फरवरी में नहीं चलेगी यह ट्रेन

पश्चिम मध्य रेलवे के शहडोल, कटनी, मैहर, सतना होकर दुर्ग व छपरा तक चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन को दिसंबर , जनवरी व फरवरी में 33 दिनों के लिए रद्द करने का निर्णय लिया गया है। लिहाजा इस रुट पर यात्रा करने वालें यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। बताया गया है कि रेलवे ने आगामी माहों में कोहरे (फॉग) के चलते जिन रेलगाडियों को रद्द करने का निर्णय लिया है, उनमें इस रूट पर चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस शामिल है. यह ट्रेन दिसम्बर से फरवरी के बीच 33 दिनों तक रद्द कर दी गई है।उल्लेखनीय है कि यह ट्रेन छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश से होकर यूपी, बिहार के लिए काफी महत्वपूर्ण ट्रेन है और इस ट्रेन में यात्रियों का बहुत दबाव रहता हैं। इस ट्रेन का परिचालन रद्द होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा. हर साल सर्दियों में उत्तर भारत के कई हिस्सों में घना कोहरा छा जाता है, जिससे दृश्यता बेहद कम हो जाती है. इससे ट्रेन परिचालन में देरी और रेल हादसों की आशंका बढ़ जाती है।15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन दिसंबर के महीनें में 01, 03, 06, 08, 10, 13, 15, 17, 20, 22, 24, 27, 29 व 31 दिसंबर को निरस्त रहेगी। इसी तरह जनवरी के महीनें में 03, 05, 07, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26, 28 व 31 जनवरी को निरस्त रहेगी। इसी प्रकार फरवरी महीनें में 02, 04, 07, 09, 11 व 14 फरवरी को निरस्त रहेगी। 15160 दुर्ग- छपरा सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन दिसंबर के महीनें में 02, 04, 07, 09, 11, 14, 16, 18, 21, 23, 25, 28, 30 दिसंबर को निरस्त रहेगी। इसी तरह जनवरी महीने में 01, 04, 06, 08, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27 व 29 जनवरी को निरस्त रहेगी, इसी प्रकार फरवरी माह में 01, 03, 05, 08, 10, 12 व 15 फरवरी को निरस्त रहेगी।

### कोच कम्पोजीशन

इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय इकॉनमी श्रेणी, 05 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 01 जनरेटर कार, 01 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे।



## 6वीं वाहिनी के आरक्षकों के परिजनों मिला 10 लाख का चेक

हरिभूमि, जबलपुर।

भारतीय स्टेट बैंक रांझी शाखा में आयोजित एक सम्मान समारोह में 6वीं वाहिनी एसएएफ के दो दिवंगत आरक्षकों के परिवारजनों को 10-10 लाख रुपये के लाइफ इंश्योरेंस चेक प्रदान किए गए। समारोह में कमांडेंट सिद्धार्थ चौधरी, डिप्टी कमांडेंट लामू सिंह श्याम, असिस्टेंट कमांडेंट सुबोध लोखंडे, असिस्टेंट कमांडेंट मेहंती मरावी, तथा स्टेट बैंक क्षेत्रीय प्रबंधक अर्जुन सिंह बिष्ट, चीफ मैनेजर यतेन्द्र गौतम और शाखा प्रबंधक आनन्द बिल्लौरे उपस्थित रहे। अधिकारियों ने दिवंगत आरक्षकों के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए उनके परिवारों को सांत्वना दी।

## शिकायतकर्ता हाईकोर्ट में हुआ हाजिर पुलिस पर लगाये प्रताड़ना के आरोप

# हवाला लूट कांड के शिकायतकर्ता को पुलिस सुरक्षा में भेजा जाए घर, सीसीटीवी फुटेज रखें सुरक्षित

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट में सिवनी पुलिस के द्वारा हवाला लूट कांड के शिकायतकर्ता को बंधक बनाकर रखे जाने को चुनौती देते हुए बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गई है। बुधवार की याचिका की सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता स्वयं हाईकोर्ट में हाजिर हुआ। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच के समक्ष उसने बताया कि पुलिस ने होटल व अन्य स्थानों में रखकर उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया था। कोर्ट ने याचिका का निराकरण करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता जिन स्थानों में पुलिस द्वारा ले जाना बता रहा है वहां के सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर उन्हें सुरक्षित रखा जाये। पुलिस



सुरक्षा में उसे उसके घर भेजा जाये।

नागपुर जिले के जालना की निवासी गंगा बाई परमार की तरफ से बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गई थी।आरोप लगाया कि उसके पति सोहनलाल परमार को सिवनी पुलिस अवैध रूप से बंधकर बनाकर रखे हुए है। उसके पति सोहनलाल की शिकायत पर ही सिवनी हवाला कांड का मामला उजागर हुआ था। पुलिस ने उसे 10 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था और 12 तारीख को जमानत पर छोड़ दिया था। जमानत पर छूटने के बाद उसका पति अपने घर जालना आ गया था। उसी रात जालना पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पुनः सिवनी पुलिस को सौंप दिया। तभी से उसका पति सिवनी पुलिस हिरासत में है। याचिकाकर्ता की तरफ से पैरवी करते हुए अधिवक्ता श्रेयस दुबे ने दलील दी कि याचिकाकर्ता के पति की ट्रांजिट रिमांड नहीं ली गई और उसे मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश भी नहीं किया गया।

सरकार की तरफ से बताया गया कि शिकायतकर्ता पुलिस अभिरक्षा में नहीं है। न्यायपीठ ने गत दिवस याचिका की सुनवाई करते हुए अपने आदेश में कहा था कि शिकायतकर्ता पुलिस अभिरक्षा में नहीं है तो वह व्यक्तिगत हाईकोर्ट में उपस्थित हो। अभिरक्षा में है तो पुलिस उसे 24 घंटो में न्यायालय के समक्ष पेश करें। याचिका पर बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता व्यक्तिगत रूप से स्वयं कोर्ट ने समझ उपस्थित हुआ।

उसने कोर्ट को बताया कि पुलिस ने उसे होटल तथा अन्य स्थानों में रखकर उसके मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। उसके साथ मारपीट की गयी थी। शारीरिक चोट के फोटोग्राफ भी पेश किये गये।

## क्लीनिक का ताला तोड़कर जबरदस्ती पुलिस के घुसने के मामले में हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए एक डॉक्टर के क्लीनिक में पुलिस द्वारा ताला तोड़कर जबरदस्ती घुसने के मामले सुनवाई पूरी कर ली। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट के निर्देश पर भोपाल मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अश्विनी भनवाल और एक सब डिवीजनल ऑफिसर हाजिर हुए। भोपाल जेल में निरुद्ध डॉ. अभिजीत पाण्डेय की मां अलका पाण्डेय की ओर से दायर की गई है। आवेदक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शशांक शेखर ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि डॉ अभिजीत पत्नी को आत्महत्या के उकसाने के आरोप में 25 मार्च 2025 से न्यायिक अभिरक्षा में है। उक्त मामला शहपुरा थाने में दर्ज था। तर्क दिया कि अभिजीत की पत्नी के मामा प्रकाश चंद्र पाण्डेय भोपाल के डिप्टी कलेक्टर हैं। उन्हीं के प्रभाव में आकर ससुराल पक्ष ने दूसरी एफआईआर एमपी नगर थाने में दर्ज करा दी। आरोप यह भी है कि 3 से 9 अप्रैल के बीच डॉ. अभिजीत के क्लीनिक में प्रशासन की टीम संयुक्त निरीक्षण के नाम पर बिना वारंट के पहुंची। एसडीएम के चपरासी की शिकायत के आधार पर उसके खिलाफ जुलाई में तीसरी एफआईआर दर्ज करा दी गई। डिप्टी कलेक्टर के इशारे पर दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई की जा रही है, जो अवैधानिक है। सुनवाई के दौरान बेंच ने पाया कि सीएमएचओ डॉ. अश्विनी भनवाल और कोई सीताराम शर्मा ताला तोड़कर डॉ. अभिजीत के क्लीनिक में घुसे थे।

### सरकार की तरफ से हाईकोर्ट में पेश की गयी जानकारी

## पैर धुलवाकर पीने के मजबूर करने वाले 5 आरोपियों पर लगाया गया एनएसए

**जबलपुर।** दमोह जिले के ग्राम सतरिया में मंदिर के अंदर ओबीसी वर्ग के युवक से पैर धुलवाकर गंदा पानी पीने के मजबूर करने वाले पांच आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस ए के सिंह की डिवीजन बेंच के समक्ष बुधवार को सरकार ने उक्त जानकारी प्रस्तुत की। कोर्ट ने ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव के विरुद्ध की गयी कार्यवाही तथा एनएसए की कार्यवाही के तत्वों के संबंध में कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक दमोह को 16 अक्टूबर की शाम तक हलफनामे के साथ जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी।

दमोह जिले के ग्राम सतरिया मंदिर के अंदर ओबीसी वर्ग के युवक से पैर धुलवाकर गंदा पानी पीने के



मजबूर किये जाने की घटना पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। मामले पर बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने अनूज उर्फ अन्नू पांडे की तरफ से याचिका में हस्ताक्षेपकर्ता बनने तथा हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश पर पुनर्विचार करने का आवेदन प्रस्तुत किया।कहा गया कि पीड़ित व्यक्ति ने पहले आवेदनकर्ता की फोटो में एआई की मदद से जूतों की माला पहनाकर उसे सोशल मीडिया में वायरल की थी। संज्ञान याचिका बुधवार को पंजीकृत हुई है। याचिका के पंजीकृत होने के पूर्व ही आवेदककर्ता सहित अन्य लोगों पर एनएसए की कार्यवाही की गई। तथ्यों का बिना परीक्षण करें हाईकोर्ट ने आधे अधूरे तथ्यों के आधार पर मामले को संज्ञान में लिया है।इस पर पुनर्विचार किया जाए। वहीं पुलिस अधीक्षक की ओर से कहा गया कि अनुज उर्फ अन्नू सहित पांच व्यक्तियों के खिलाफ एनएसए की कार्यवाही की गई है। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने पूर्व में पारित आदेश पर पुनर्विचार करने से इंकार करते हुए आवेदन को खारिज कर दिया। हस्तक्षेपकर्ता बनने का आवेदन स्वीकार करते हुए कोर्ट ने उक्त आदेश जारी किये। कोर्ट ने खबर को प्रकाशित करने वाले सोशल मीडिया को नोटिस जारी करते हुए खबर की वास्तविकता के साक्ष्य प्रस्तुत करने के आदेश जारी किये हैं।

## क्यों नहीं बन रहा उच्च स्तर का क्रिकेट ग्राउंड ?

**जबलपुर।** जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच तो दूर रणजी ट्राफी मैच तक नहीं हो सकता है, क्योंकि उस स्तर के ग्राउंड बनाने की योजना यहां कभी भी बनाई नहीं गई है। तिलहरी खेल परिसर में क्रिकेट ग्राउंड बनाने की योजना 4 वर्ष पूर्व में बनी थी, लेकिन अब उसे बंद कर दिया गया है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने संचालक एवं युवक खेल विभाग भोपाल को नोटिस भेजकर ध्यानाकर्षण कराया है कि नीमखेड़ा में बीसीसीआई द्वारा ग्राउंड बनाने की योजना तथा कार्य पिछले 4 वर्षों से जारी है किन्तु यह ग्राउंड निजी होने के कारण सर्वसाधारण खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध नहीं होगा। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर तथा उज्जैन में शासन ने क्रिकेट ग्राउंड बनाए है, जो सभी के लिए उपलब्ध होकर वहां नियमित रुप से मैच हो रहे हैं। लेकिन जबलपुर के साथ इस बिन्दु पर भेदभाव बरता जा रहा है। वर्ष 2017 से तिलहरी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में न तो रखरखाव के लिए बजट है, न ही ग्राउंडमेन की नियुक्ति की गई है। खेल मैदान ऊबड़-खाबड़ है। ऐसे में खिलाड़ी वहां आने में आनाकानी कर रहे हैं। नोटिस में इन सभी बिन्दुओं पर कार्रवाई करने की मांग की गई।

- तीन सौ से अधिक ट्रेक्टरों की निकाली रैली
- हजारों किसानों ने किया सरकार की नीतियों का विरोध

# संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर किसान यूनियन का जंगी प्रदर्शन

**सिहोरा।** बिजली पानी एंव खाद किसान की मुलभूत आवश्यकता है लेकिन प्रदेश सरकार तीनों चीज की आपुर्ती में पुरी तरह विफल है।अपनी विफलता छुपाने एंव किसानों के आक्रोश से बचने सरकार किसानों पर अव्यवहारिक नियम लादकर किसानों के धेर्य की परीक्षा ले रही है उक्त आशय के वक्तव्य भारतीय किसान युनियन के जिलाध्यक्ष रमेश पटैल ने सिहोरा बस स्टेंड में किसानों के जंगी प्रदर्शन के दौरान व्यक्त किये पटेल ने आगे कहा की सरकार के नुमाइंदे किसानों की पीड़ा को समझे धान की पराली का विनष्टिकरण जटिल प्रक्रिया है जो कम क्षमता के ट्रेक्टर से संभव ही नहीं है। भारत कृषक समाज के के अग्रवाल सहित अनेक किसान नेताओं ने भी सभा को सम्बोधित किया संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सिहोरा में अनेक ग्रामों से पहुंचे हजारों किसानों ने जंगी प्रदर्शन कर ट्रेक्टर रैली निकाली तथा अनेक मांगो के निराकरण का ज्ञापन भी एस डी एम को सौंपा। इस आन्दोलन में कांग्रेस सहित अनेक संगठनों ने भी अपना समर्थन दिया था।




### रैली में हजारों किसान शामिल

किसान मोर्चा ने अनेक छोटे बड़े ग्रामों शहरों से आये हजारों किसानों ने लगभग तीन सैकड़ा से अधिक ट्रेक्टर के साथ विशाल रैली निकाली जो पहरेवा नाका से प्रारम्भ होकर लखराम मोहल्ला,खितौला बाजार, बाबाताल,हरदौल मंदिर, काल भैरव चौक,कटरा मोहल्ला, मझौली बायपास, गढ़िया मोहल्ला,झंड़ा बाजार, आजाद चौक,गौरी तिराहा से होकर पुराना बस स्टेंड पहुंची जहां सभा का आयोजन किया गया। इस विशाल ट्रेक्टर रैली है 26 जनवरी 2021 की यादें ताजा कर दी जब इसी तरह पांच सौ से अधिक ट्रेक्टर के साथ रैली निकाली गई थी।

### पुराने एन एच में भारी जाम

पुराने एन एच सिहोरा पुराना बस स्टेंड में अनेक किसानो ने अपने आडे तिरछे दर्जनों ट्रेक्टर खड़ा कर पूरा रोड जाम कर दिया था जिसे खुलवाने में पुलिस को खासी मशक्कत करना पड़ी किसान मोर्चा के आन्दोलन के चलते करीब दो घंटे तक पुराना बस स्टेंड में जाम लगा लगा या कहें बंधक बना रहा।इससे आम नागरिक यात्री तो परेशान हुए ही साथ ही स्कुल जाने वाले छोटे छोटे बच्चों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### पुलिस बेरीकेडिंग हटाकर शहर में प्रवेश

शिव मंदिर बाबाताल में पहले से मौजूद पुलिस ने बैरीकेडिंग करके शहर के अंदर जाने का रास्ता बंद कर दिया था लेकिन किसानों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा और वे बैरीकेड हटाकर ट्रेक्टरों के साथ शहर के अंदर प्रवेश कर गये चूंकि इस समय दीपावली के चलते झंडा बाजार सहित अनेक स्थानों पर बाजार करने वालो की भीड़ चल रही है उनको कोई परेशानी न हो इसलिए शहर के अंदर प्रवेश को रोका गया था।

### घंटों बंधक बना रहा सिहोरा

किसानो द्वारा निकाली गई ट्रेक्टर रैली इतनी बड़ी और लम्बीं थी की दो तीन घंटों के लिए पूरा सिहोरा बंधक बन गया कोई मार्ग ऐसा नहीं बचा था जहां से कोई वाहन शहर के अंदर प्रवेश कर सके हर तरफ बस ट्रेक्टर ही ट्रेकर नजर आ रहे थे तीन से चार किलोमीटर लम्बी इस रैली में शामिल किसानों का उत्साह देखते ही बन रहा था प्रदेश सरकार की तानाशाही नहीं चलेगी सहित अनेक नारे लगा रहे थे। पुलिस प्रशासन की सक्रियता और सूझबूझ के चलते इतना बड़ा आन्दोलन शांतिपूर्ण संपन्न हो गया।

# पटवारी पर रिश्वतखोरी के आरोप भाकिसं ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**पनागर।** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ तहसील इकाई पनागर ने को तहसील मुख्यालय में मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ ने ज्ञापन में हल्का पटवारी क्रमांक 57 रोशनी माझी पर रिश्वतखोरी और सांठगांठ के गंभीर आरोप लगाए। किसानों का कहना है कि रोशनी माझी वर्षों से पनागर तहसील में पदस्थ हैं, शिकायतें और स्थानांतरण नीति के




बावजूद उनका ट्रांसफर नहीं किया गया है। संघ का आरोप है कि वे किसानों के कार्यों के लिए खुलेआम रिश्वत की मांग करती हैं, अन्यथा कार्य लंबित रखती हैं। इस पर संघ ने तत्काल कार्रवाई व स्थानांतरण की मांग की है। धान भुगतान और खरीदी केंद्र की मांग संघ ने ज्ञापन में यह भी कहा कि चंसोरिया वेयरहाउस, शुभि एग्रो सिमरिया और नर्मदा एग्रो के लंबित धान भुगतान शीघ्र किए जाएं। साथ ही पनागर क्षेत्र में नए धान खरीदी केंद्र खोले जाएं, पर्याप्त बारदानों की व्यवस्था हो और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के अनुसार धान खरीदी सुनिश्चित की जाए। आंदोलन की किसान संघ ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया, तो किसान सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## 2 जुए के फड़ों पर छापा

**जबलपुर।** हनुमानताल और गौरीघाट पुलिस ने अपने अपने क्षेत्र में चल रहे जुए के फड़ पर छापा मारकर 8 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 6 हजार 630 रुपए जब्त किए है। हनुमानताल थाना प्रभारी धीरज राज ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस चौकी सिंधी कैंप के पीछे तुलसीराम राशन दुकान के पास बिजली खंबे के नीचे स्ट्रीट लाईट की रोशनी में जुआ मन्ना खेल रहे सुमित खटीक, समीम उर्फ आरिफ अंसारी, विक्की पटेल, अंकित बेन को गिरफ्तार कर उनके पास से ताश के 52 पत्ते तथा नगदी 4 हजार 150 रूपये जप्त किए है। इसी तरह गौरीघाट पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवधपुरी में दबिश देते हुए जुआ खेल रहे दीपक सिंह, देवेश बर्मन, सचिन प्रधान, सूर्या रैकवार, सौरभ ठाकुर को रंगे हाथ पकड़ा।

# भेड़ाघाट में पर्यटकों को आवागमन में भारी परेशानी, नगर परिषद की लापरवाही उजागर

**भेड़ाघाट।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट के पंचवटी नौका विहार क्षेत्र में पर्यटकों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संगमरमर की वादियों का अवलोकन करने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक सीढ़ियों के रास्ते पहुंचते हैं, लेकिन यहां की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि दुकानदार सीढ़ियों पर सामान फैलाकर बैठे रहते हैं, जिससे रास्ता संकरा हो जाता है और पर्यटकों को आने-जाने में कठिनाई होती है। पर्यटकों की शिकायत है कि अगर गलती से किसी दुकान के सामान को हाथ लग जाए या वह टूट जाए तो दुकानदार मनमाने दाम मांगते हैं। पैसा नहीं देने पर अभद्र व्यवहार भी करते हैं। इसके अलावा, पार्किंग स्थल जैसे साइकिल स्टैंड और फोर व्हीलर स्टैंड के गेट पर ताला लगा दिया जाता है, जिससे पर्यटक सिर्फ एक ही रास्ते से



अंदर-बाहर जा पाते हैं। ऐसे में सीढ़ियों पर दुकानें लगाए जाने के कारण आवागमन और भी मुश्किल हो जाता है।

स्थानीय लोगों और पर्यटकों का कहना है कि नगर परिषद और प्रशासन की ओर से न तो नियमित निरीक्षण किया जाता है, न ही व्यवस्थाओं को सुधारने के प्रयास किए जाते हैं। जबकि भेड़ाघाट के लिए प्रचारित स्लोगन "धुआंधार जलप्रपात और नौका विहार के बिना भेड़ाघाट की यात्रा अधूरी है" लोगों को आकर्षित करता है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग है।

### इनका कहना है

नगर परिषद द्वारा पार्षदों की सहमति से अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया था, लेकिन अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के चलते अब तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया है।

**चतुर सिंह लोधी,** अध्यक्ष
नगर परिषद भेड़ाघाट

### 2 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

# मारपीट से व्यथित होकर की थी आत्महत्या

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत रविनगर, गढ़ा फाटक, बाल भवन के पीछे रूपयों के लेन देन के विवाद पर मारपीट करने पर अपमानित होने से व्यथित एक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दूसरा आरोपी फरार है।

लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार 554 रविनगर गढाफाटक बाल भवन के पीछे निवासी 35 वर्षीय इंद्रकुमार अहिरवार को गत रात लगभग 8.45 बजे जहर का सेवन करने पर भाई उमाशंकर अहिरवार द्वारा उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने चैक कर इंद्रकुमार अहिरवार को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जाँच में लिया है।

मर्ग जांच के दौरान मृतक इंद्रकुमार अहिरवार के परिजनों एवं गवाह के कथन लिए गये जिन्होंने बताया कि गत शाम लगभग 7 बजे इंद्रकुमार की मां श्रीमति पार्वती बाई एवं बड़ा भाई उमाशंकर घर में थे उसी समय इंद्रकुमार घर आकर नीचे जमीन पर लेट गया और दोनों को जहर पीने की बात बताई, परिजन इंद्रकुमार को उपचार हेतु विक्टोरिया ले गये जहां डाक्टर ने इंद्रकुमार को मेडिकल रिफर कर दिया था।

मेडिकल कॉलेज ले जाते समय इंद्रकुमार ने रास्ते में बताया कि रुपयों के लेन देन की बात पर गत रात गोलबाजार में मोहल्लें के हर्ष चौधरी ने तथा उसी दिन रानीताल निवासी गगन सोनकर द्वारा भी घर की पुताई के लेन देन पर से मारपीट की गई। मारपीट से व्यथित व अपमानित होने के कारण इंद्रकुमार ने जहर का इंजेक्शन पी लिया। मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान रात लगभग 10 .30 बजे इंद्रकुमार की मौत हो गई।

पुलिस ने दोनों अरोपियों के विरूद्ध धारा 108 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है। पुलिस ने आरोपी रविनगर गढ़ाफाटक लार्डगंज निवासी हर्ष चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आरोपी गगन सोनकर फरार है।

## शराब के लिए खर्चा नहीं देने पर बदमाश ने की मारपीट

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना अतंर्गत बस स्टेंड बेलखेड़ा में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर एक बदमाश ने एक युवक के साथ मारपीट कर गर्दन, पीठ व कमर में चोटें पहुंचाकर जान से मारने की धमकी दी। बेलखेड़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चौधरी मोहल्ला बेलखेड़ा निवासी 27 वर्षीय संदीप बाल्मीक गत शाम लगभग 7 बजे बस स्टेंड बेलखेड़ा से अपने घर तरफ जा रहा था, उसी समय सुन्दरादेही निवासी मुकेश बाल्मीक उसके पास आया और उससे शराब पीने के लिये 200 रूपये की मांग करने लगा, मना करने पर गाली गलोज करते गर्दन पीठ व कमर में चोटें पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 119(1), 296, 115(2), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### शराब पीने से रोकने पर की वारदात

# शराबी युवक ने की मां की हत्या

**जबलपुर।** सिहोरा थाना अतंर्गत ग्राम रौंसरी में शराब पीने से मना करने की बात से नाराज शराबी बेटे ने अपनी मां की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 13 अक्टूबर की बीती रात लगभग 9.45 बजे 60 वर्षीय कुसुम बाई चौधरी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। वह खटिया पर अचेत पड़ी थी, और उनके माथे और नाक से खून निकल रहा था तथा माथे पर हल्की चोट के निशान थे।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की। मर्ग जांच के दौरान परिजनों ने बताया कि रामकुमार चौधरी शराब पीने का आदी था और आए दिन अपनी मां के साथ गाली-गलौज और मारपीट करता था। उसकी पत्नी सीमा चौधरी 4–5 वर्ष पहले घरेलू हिंसा से तंग आकर मायके चली गई थी। बाद में रामकुमार ने कोल समाज की एक महिला को पत्नी की तरह रखा था, जो भी उसके अत्याचारों से परेशान होकर उसे छोड़कर चली गई।

इसके बाद रामकुमार अपनी मां कुसुम बाई के साथ ही रहता था। परिजन, दामाद और ग्राम कोटवार कई बार समझा चुके थे, लेकिन रामकुमार ने कभी किसी की बात नहीं मानी। घटना वाली रात भी रामकुमार शराब के नशे में घर में गाली-गलौज कर रहा था। जब कुसुम बाई ने उसे डांटा और रोकने की कोशिश की, तो वह गुस्से में आकर मां के बाल पकड़कर मारपीट करने लगा। कुछ देर बाद उसने पड़ोसियों को बताया कि गलती हो गई, मैंने गुस्से में मां को मार दिया। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी बेटे रामकुमार चौधरी के विरुद्ध धारा 103(1) बीएनएस के तहत हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर विवेचना में लिया है।

## सूने घर का ताला तोड़कर जेवरात व नगदी ले उड़े चोर

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत रिफा पब्लिक स्कूल के पास रामनगर में एक वृद्ध के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर और नगदी 40 से 50 हजार रुपए चोरी कर ले गए। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रिफा पब्लिक स्कूल के पास रामनगर निवासी 66 वर्षीय असफाक खान गत 12 अक्टूबर को रिश्तेदारी में कटनी गया था जहां से गत 14 अक्टूबर को दोपहर लगभग 1 बजे घर वापस आया तो देखा कि घर में लगे ताले टूटे पड़े थे अंदर रखी तीनों अलमारी खुली पड़ी थी। आलमारी मे रखे सोने चांदी के जेवर तथा नगदी 40 से 50 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**श्री राहुल चावरे-** डिलाईट कम्पाउंड सिविल लाइन निवासी श्री दीपचंद चावरे के पुत्र श्री राहुल चावरे (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भल्ला थापा-** लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री जंग बहादुर थापा के पुत्र श्री भल्ला थापा (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री प्रहलाद कुमार सिंह-** दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री प्रहलाद कुमार सिंह (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अंजू राजपूत-** लालमाटी चांदमारी ओम कला मंदिर के पास निवासी श्री संजीत राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती अंजू राजपूत (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुशीला शुक्ला-** नयागांव हाउसिंग सोसायटी रामपुर निवासी श्री कौशलेंद्र नाथ शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला शुक्ला (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अखिलेश कुमार रैकवार-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री धरमदास रैकवार के पुत्र श्री अखिलेश कुमार रैकवार (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती भागवती-** जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री राम मिलन की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम




में संपन्न हुआ।

**श्री कृष्ण कुमार तिवारी-** दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री कृष्ण कुमार तिवारी (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री परषोत्तम सिंह ठाकुर-** पुराना कंचनपुर अधारताल निवासी श्री परषोत्तम सिंह ठाकुर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती भगवानी बाई रामानी-** चांदमारी लालमाटी निवासी श्री मिट्ठू लाल रामानी की धर्मपत्नी श्रीमती भगवानी बाई रामानी (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री श्याम लाल विनोदिया-** गली नं. 17, सदर निवासी श्री श्याम लाल विनोदिया (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गनेश बेन-** भरतीपुर गुरंदी बाजार निवासी श्री गनेश बेन (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती इंद्रा देवी थापा-** चंद्रलोक परिसर मानेगांव रांझी निवासी श्री शेर बहादुर थापा की धर्मपत्नी श्रीमती इंद्रा देवी थापा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संदीप यादव-** कजरवारा नई बस्ती निवासी श्रवे आनंद यादव के पुत्र श्री संदीप यादव (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

# इंटरनेट ना होने पर भी कर सकेंगे पेमेंट, आरबीआई का नया ई- रुपया हुआ लांच

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से मुंबई में आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में ऑफलाइन डिजिटल रुपया लांच किया गया है। ऑफलाइन डिजिटल रुपया की खास बात यह है कि, आप इंटरनेट या मोबाइल नेटवर्क के बिना भी डिजिटल पेमेंट कर पाएंगे। आप इसे कैश रुपयों की तरह ही खर्च कर सकते है। इसके लिए बस आपको कोई भी क्यूआर कोड स्कैन या सिर्फ टैप करना होगा और आपका पेमेंट सफलतापूर्वक पूरा हो जाएगा। आप अपने पैसों को डिजिटल तरीके से अपने वॉलेट में रख सकते है।

### क्या है डिजिटल रुपया?

डिजिटल रुपया या ई-रुपया भारत की सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) है। आप इसे भारतीय रुपए का डिजिटल अवतार भी कह सकते है। डिजिटल रुपया का इस्तेमाल आप बिना इंटरनेट के भी कर सकते है। उदाहरण के तौर पर अगर समझे तो, यह डिजिटल रुपया आपके पर्स में रखे कैश की तरह ही है। अंतर सिर्फ इतना है कि यह डिजिटल रुप में उपलब्ध है।



### वॉलेट में रखकर उपयोग कर सकते हैं

आप इसे अपने डिजिटल वॉलेट में रखकर ऑफलाइन इसका उपयोग कर सकते हैं। साथ ही आपके हर लेनदेन पर बैंक खाते का एक्सेस होना जरूरी नहीं है। यूजर्स इन ऐप्स को गूगल प्ले स्टोर या ऐपल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते है। खुद को रजिस्ट्रर करने के बाद आप किसी भी व्यक्ति या बिजनेस को पैसों का भुगतान कर पाएंगे।

### सबसे ज्यादा किसे मिलेगा लाभ?

इस फीचर से सबसे ज्यादा फायदा ग्रामीण और सुदूर इलाकों में रह रहे लोगों को होगा। जिनके यहां इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क की समस्या रहती है। ई-रुपया की सबसे खास फीचर ऑफलाइन पे है। इसके लिए टेलीकॉम कंपनियों की सहायता और एनएफसी आधारित भुगतान का इस्तेमाल किया जाएगा। यानि कि आपको ऑफलाइन भुगतान करने के लिए इंटरनेट की आवश्यकता नहीं होगी। जिससे पैसों की लेनदेन आसानी से हो जाएगी।

### किन बैंकों में शुरु हो रही है यह सुविधा?

डिजिटल रुपया देश के बहुत से बैंकों में वॉलेट के रुप में उपलब्ध करवाए जा रहे है। एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, यस बैंक, एचडीएफसी बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, कोटक महिंद्रा बैंक, केनरा बैंक, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, फेडरल बैंक और इंडियन बैंक में इसकी शुरुआत हो रही है।

## खबर संक्षेप



### टाटा के जमशेदपुर संयंत्र की तीनों पालियों में महिलाएं

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने कंपनी के जमशेदपुर संयंत्र में तीन पालियों में महिला कर्मचारियों को तैनात करने की बुधवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि 21 विभागों में 543 महिला कर्मचारियों के अगले साल एक फरवरी तक तीन पालियों में काम करने की उम्मीद है। यह तैनाती चरणबद्ध तरीके से की जाएगी। टाटा स्टील ने बयान में कहा कि उसकी अभूतपूर्व पहल 'उड़ानः विंग्स ऑफ चेंज' के महत्वपूर्ण विस्तार के तहत मंगलवार को तीनों पालियों में महिलाओं की तैनाती की गई।

### एचडीएफसी एएमसी का मुनाफा 24 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) का सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही में शुद्ध लाभ 24 प्रतिशत बढ़कर 718.43 करोड़ रुपये हो गया।





कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी को 576.61 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। एचडीएफसी एएमसी ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय छह प्रतिशत बढ़कर 1,123.59 करोड़ रुपये हो गई, जो 30 सितंबर, 2024 को समाप्त दूसरी तिमाही में 1,058.2 करोड़ रुपये थी।

### एक्सिस बैंक का शुद्ध लाभ 26 फीसदी घटा

**नई दिल्ली।** एक्सिस बैंक का चालू वित्त वर्ष की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 26 प्रतिशत घटकर 5,089.64 करोड़ रुपये रह गया। इससे पिछले साल की इसी तिमाही में बैंक का शुद्ध मुनाफा 6,917.57 करोड़ रुपये रहा था। बैंक ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 13,745 करोड़ रुपये रही जो पिछले साल की इसी तिमाही की तुलना में दो प्रतिशत अधिक है। एक्सिस बैंक की परिचालन आय जुलाई-सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत घटकर 10,413 करोड़ रुपये रह गई।

### नारेडको ने प्रवीण जैन को नया अध्यक्ष बनाया

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष निकाय नारेडको ने प्रवीण जैन को अपना नया अध्यक्ष और निरंजन हीरानंदानी को चेयरमैन नियुक्त करने की बुधवार को घोषणा की। नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) की ओर से जारी बयान के अनुसार, ट्यूलिप इन्फ्राटेक के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक जैन दूसरी बार अध्यक्ष बने हैं। वह इससे पहले 2015-17 तक नारेडको के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। जैन ने कहा, '' हमारा ध्यान पारदर्शिता को बढ़ावा देने, प्रगतिशील नीतिगत सुधारों का समर्थन करने तथा भारत के व्यापक आर्थिक दृष्टिकोण के अनुरूप सतत विकास को सक्षम बनाने पर होगा।''

### रुपया निचले स्तर से 75 पैसे चढ़कर 88.06 डॉलर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया 75 पैसे के जोरदार उछाल के साथ 88.06 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप और घरेलू बाजारों में तेजी के कारण लगभग चार महीनों में एक दिन के कारोबार में आई सर्वाधिक तेजी है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता को लेकर आशावाद के कारण घरेलू बाजारों में लगभग 0.70 प्रतिशत की तेजी आई।

## हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की नई लिस्ट जारी

# निकल गई अमेरिका की हवा! पासपोर्ट रैंकिंग में टॉप-10 से हुआ बाहर, भारत 85वें पोजीशन पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दुनिया में किस देश की कितनी चलती है और किसकी कितनी इज्जत है, इसका अंदाजा लगाने वाली हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2025 की नई लिस्ट आई है। इसे पासपोर्ट की ताकत का 'रिपोर्ट कार्ड' भी कह सकते हैं। जिस देश का पासपोर्ट जितना ताकतवर होता है, उस देश के लोग उतने ही ज्यादा देशों में बिना वीजा लिए यानी बिना पहले से इजाजत लिए सीधे घूमने जा सकते हैं।

इस साल की लिस्ट ने सबको चौंका दिया है, क्योंकि जो देश खुद को दुनिया का सबसे बड़ा चौधरी समझता है, यानी अमेरिका, उसकी इज्जत को बड़ा झटका लगा है। पूरे 20 साल में पहली बार ऐसा हुआ है कि अमेरिका दुनिया के 10 सबसे ताकतवर पासपोर्ट की लिस्ट से बाहर हो गया है। इधर भारत के लिए भी अच्छी खबर नहीं है, हमारी रैंकिंग भी पहले से नीचे गिर गई है।

**अमेरिका खुद को दुनिया का सबसे बड़ा चौधरी समझता था**
**20 साल में पहली बार शीर्ष दस की सूची से बाहर**

### घट गई अमेरिका की धाक

एक समय था जब अमेरिकी पासपोर्ट का मतलब था कि दुनिया के ज्यादातर दरवाजे आपके लिए खुले हैं। लेकिन अब वो बात नहीं रही। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की 2025 लिस्ट में अमेरिका का नाम 10वें नंबर के भी नीचे चला गया है। इसकी सीधी-सीधी वजह ये है कि अब कई देश अमेरिका को पहले जैसी तवज्जो नहीं दे रहे हैं।



### अमेरिका को सलाम ठोकने वाले दिखा रहे आंखे

जैसे ब्राजील ने साफ-साफ कह दिया कि, जब तुम हमारे लोगों को अपने देश आने के लिए वीजा लगवाते हो, तो हम भी तुम्हारे लोगों से वीजा लेंगे।'

### चीन ने किया रैंकिंग में सुधार

कुछ और छोटे-मोटे देशों ने भी अमेरिका के लिए अपने नियम कड़े कर दिए। मतलब जो देश पहले अमेरिका को सलाम ठोकते थे, अब वो भी उसे आंखें दिखा रहे हैं। इसी वजह से उसकी पासपोर्ट की ताकत घट गई। वहीं चीन ने बीते 10 सालों में अपनी रैंकिंग में काफी सुधार किया है। 2015 में जहां वह 94वें स्थान पर था, अब 2025 में वह 64वें नंबर तक पहुंच गया है। चीन के नागरिक अब 37 देशों में और आसानी से जा सकते हैं।

### भारत का हाल भी बेहाल

इस नई लिस्ट में भारत का पासपोर्ट भी पांच सीढ़ी नीचे खिसक गया है। पिछले साल हम 80वें नंबर पर थे, और अब 85वें नंबर पर आ गए हैं। इसका सीधा मतलब ये है कि अब हम, यानी भारतीय लोग, दुनिया के 57 देशों में ही बिना पहले से वीजा लिए जा सकते हैं। हालांकि कुछ महीने पहले हमारी रैंकिंग सुधरी थी और हम 77वें नंबर तक पहुंच गए थे, लेकिन अब फिर से गिरावट आ गई है। इससे उन लोगों को थोड़ी मायूसी हो सकती है जो बाहर घूमने या काम करने का सपना देखते हैं।



### सिंगापुर शीर्ष पर

एक तरफ जहां अमेरिका और इंग्लैंड जैसे पुराने ताकतवर देश फिसल रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ एशिया के छोटे-छोटे देशों का डंका बज रहा है। इस लिस्ट में सबसे ऊपर, यानी नंबर एक पर सिंगापुर है। सिंगापुर का पासपोर्ट जिसके पास है, वो दुनिया के 193 देशों में बिना किसी रोक-टोक के आ-जा सकता है। सिंगापुर के ठीक पीछे दक्षिण कोरिया (190 देश) और जापान (189 देश) हैं। यानी दुनिया के तीन सबसे ताकतवर पासपोर्ट अब एशिया के देशों के पास हैं।

# सितंबर में बेरोजगारी दर बढ़कर 5.2 प्रतिशत पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पंद्रह वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए बेरोजगारी दर सितंबर, 2025 में मामूली रूप से बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गई। बुधवार को जारी एक सरकारी सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार, अगस्त में बेरोजगारी दर (यूआर) 5.1 प्रतिशत, जुलाई में 5.2 प्रतिशत तथा मई और जून में 5.6 प्रतिशत थी। मई, 2025 में जारी प्रथम पीएलएफएस बुलेटिन के अनुसार अप्रैल में बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत थी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ''15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में बेरोजगारी दर सितंबर, 2025 में थोड़ी बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गई, जो अगस्त, 2025 में 5.1 प्रतिशत थी।

**CHANGE OF NAME**

I, No-15438384K Nk (DVRMT) Suneel Kushwah, resident of Village Gudankhedi, Post Uhar, Tehsil Nateran, District Vidisha, State Madhya Pradesh, PIN 464221, hereby state that in my service documents, my wife's name is mentioned as 'Sandhya Kushwah' instead of 'Sandhya'.

# टेक महिंद्रा के शुद्ध लाभ में 4.4 फीसदी की गिरावट

**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी टेक महिंद्रा का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 4.44 प्रतिशत घटकर 1,194.5 करोड़ रुपये रह गया। यह पिछले साल की समान अवधि के 1,250 करोड़ रुपये से कम है जबकि अप्रैल-जून तिमाही, 2025 के 1,141 करोड़ रुपये से थोड़ा अधिक है। टेक महिंद्रा ने शेयर बाजार को जुलाई-सितंबर, 2025 की तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना दी।आलोच्य अवधि में कंपनी की कुल आय बढ़कर 13,995 करोड़ रुपये हो गई।जो पिछले साल की समान तिमाही में 13,313 करोड़ रुपये और जून तिमाही में 13,351 करोड़ रुपये थी। सितंबर तिमाही में कंपनी का कर-पूर्व लाभ मार्जिन सालाना आधार पर 2.54 प्रतिशत बढ़कर 12.1 प्रतिशत हो गया।

**कार्यालय सेनानी 6 वी वाहिनी विसबल जबलपुर**
Email- co6bn_saf@mppolice.gov.in फोन - 761-2676199 फैक्स 263399

क्रमांक/6वी बटा/बिसब/जबल/साअ/B/5691/2025 दिनांक 09/10/2025

**द्वितीय लघु निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रशासकीय भवनों में मरम्मत कार्य के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में लेखा शीर्ष 2025-05-053-9999-9545-33-001 विभागीय परिसंपत्तियों का संधारण मद में आवंटित बजट के अन्तर्गत प्राक्कलन के अनुसार मरम्मत कार्य कराने हेतु ई - निविदा आमंत्रित है । इच्छुक निविदाकार ई निविदा ऑनलाइन https://mptenders.gov.in पर भेज सकते है ।

सेनानी
6 वी वाहिनी विसबल
जबलपुर

G-20073/25

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड परसिया**

निविदा आमंत्रण सूचना — निविदा जारी करने का दिनांक 09.10.2025

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदाओ हेतु निविदा प्रपत्र डाउन लोड / क्रय करने की दिनांक 09.10.2025 से प्रारंभ है।

कार्य का नाम - छिन्दवाडा जिले के खंड परासिया के कार्यालय भवन का रिपेयरिंग एवं अन्य सुधार कार्य । (बी.ओ. क्यू. के अनुसार)

| ई टेण्डर आई.डी. क्रमांक | निविदा क्रमांक/ दिनांक | कार्य स्थल | अनुमानित लागत (रू) लाख में | अमानत राशि रूपये | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये | बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि/समय | बिड ओपन करने की तिथि/समय | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_ PHED_ 456190_1 | 72/25-26 09.10.2025 | परासिया | 1.77 | 3538 | 2000 | 23.10.2025 05:30 PM | 24.10.2025 05:30 PM | नवीन केन्द्रीकृत पद्धति पर सक्षम श्रेणी में पंजीकृत | 60 दिन |

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, केश-कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त बेवसाइड पर भुगतान कर केवल ऑनलाईन पर ही क्रय किए जा सकते है । विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित बेवसाईड पर देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, केश - कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त बेवसाइड पर भुगतान कर केवल ऑनलाईन पर ही क्रय किए जा सकते है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित बेवसाईड पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड परासिया (म. प्र. )

G-20088/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, नरसिंहपुर**

कमांक / निविदा / 2025 / 3269 — नरसिंहपुर दिनांक 06/10/2025

**निविदा विज्ञप्ति**

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, नरसिंहपुर जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में कपडो की धुलाई की निविदा हेतु योग्य निविदाकारों से निविदा प्रपत्र में दर्शाई गयी गई शर्तो के आधार पर जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में वित्तीय वर्ष 2025 - 26 हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| कार्य का नाम | सुरक्षा निधि | निविदा ऑनलाईन एवं ऑफलाईन जमा करने की अंतिम तिथि | निविदा कार्यालय जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में खोलने का दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में कपडो की धुलाई सेवा कार्य | रुपए 50000.00 अंकन पचास हजार रूपये मात्र। | दिनांक 15.11. 2025 को 17 बजे तक | अनिवार्य सवमिशन लिफाफा क्रमांक अ दिनांक 15.11.2025 |
| | | | तकनीकि प्रस्ताव लिफाफा क्रमांक ब दिनांक 15.11.2025 |
| | | | वित्तीय प्रस्ताव लिफाफा क्रमांक स दिनांक INFORM LATER BY MP- TENDER PORTAL |

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक नरसिंहपुर

3. निविदा प्रपत्र दिनांक 15.10.2025 पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 15.11.2025 को अपरान्ह 5:00 बजे तक म.प्र. शासन के ई टेण्डर पोर्टल https://mptenders.gov.in/ की वेबसाईट से वापिसी अयोग्य 1000.00 रुपए अंकन (एक हजार रुपए ) ईपैमेन्ट कर आनलाईन क्रय किये जा सकते है ।
4. निविदा मान्य करना / बिना किसी कारण निरस्त करने के समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षकर्ता के पास पूर्णत: सुरक्षित रहेगें ।

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक नरसिंहपुर

G-20108/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

**पश्चिम मध्य रेल**

इंजीनियरिंग विभाग, खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है।, **निविदा सूचना क्रमांक**-डी.आर.एम डब्ल्यू- जे.बी.पी.- 147-2025 **दिनांक**-10.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**- वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर क्षेत्राधिकार के अंतर्गत बचे हुए दो विविध कार्यः- **भाग-एः**- सहायक मंडल अभियंता (उत्तर) सतना उप-मंडल के अंतर्गत सतना रेलवे कॉलोनी के पुराने पाईपलाइन का प्रतिस्थापन और व्यक्तिगत जल टैंक की व्यवस्था। **भाग बीः**- सहायक मंडल अभियंता (उत्तर) सतना उप-मंडल के अंतर्गत रीवा स्टेशन के स्टाफ क्वार्टर में पुराने पाइपलाइन का प्रतिस्थापन और व्यक्तिगत जल टैंक की व्यवस्था।, **कार्य का अनुमानित मूल्य**- रु 1,86,31,747/-, **बयाना राशि रूपये**-2,43,200/- **समापन अवधि**-12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवंसमय 15:00 बजे तक**- 04/11/2025, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि**- 04/11/2025, उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https:ireps.gov. पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बार्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

हस्ता.
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में विभिन्न सामान्य कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

1. **निविदा सूचना सं.:** ईएल-जी-ई-ओटी-25-26-21 दिनांक: 08.10.2025
**कार्य का नाम:** विद्युत कार्यों हेतु - **(ए)** दारेकसा स्टेशन पर यात्री प्लेटफॉर्म क्रमांक 4 को ऊँचा करना। **(बी)** JTR स्टेशन पर प्लेटफॉर्म क्रमांक 4 को ऊँचा करना। **(सी)** PMS स्टेशन पर प्लेटफॉर्म क्रमांक 1, 2 और 5 को ऊँचा करना। **(डी)** MUP स्टेशन पर प्लेटफॉर्म क्रमांक 4 को ऊँचा करना।
**निविदा मूल्य:** ₹ 36,59,572/-, **बिड सुरक्षा राशि:** ₹ 73,200/-, **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि:** दिनांक **27.10.2025** से **10.11.2025** के **15:00** बजे तक।
**निविदा खोलना:** दिनांक **10.11.2025** को।
2. **निविदा सूचना सं.:** ईएल-जी-ई-ओटी-25-26-14R1 दिनांक: 08.10.2025
**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल में विद्युत (जी) के ओवरहेड रखरखाव कार्यों के लिए एक वर्ष की अवधि के लिए 02 ट्रक/MUV माउंटेड स्काई लिफ्टर को किराये पर लेना है।
**निविदा मूल्य:** ₹ 20,22,048/-, **बिड सुरक्षा राशि:** ₹ 40,500/-, **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि:** दिनांक **21.10.2025** से **04.11.2025** के **15:00** बजे तक।
**निविदा खोलना:** दिनांक **04.11.2025** को।
अधिक जानकारी हेतु वरिष्ठ डीईई (RS&G)/ नागपुर कार्यालय से संपर्क करें या वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें/डाउनलोड करें।

सहायक मंडल विद्युत अभियंता (जी),
द.पू.म. रेलवे, नागपुर

AIM/30-150

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - सिवनी (म. प्र. )**

विज्ञापन पत्र क्रमांक / 3198 / व.ले.लि. /का.यं./ लो.स्वा.यां. / खण्ड / 2025 — निविदा आमंत्रण सूचना ( संक्षिप्त ) — सिवनी, दिनांक- 08/10/2025

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं । निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं

| निविदा सूचना क्रमांक/ दिनांक | ई- टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू लाख में) | कुल अमानती राशि (रू में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू में) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | ऑन लाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समयय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15/नि.प्र./ 2024-25 दिनांक 08/10/2025 | 2025_PHED_ 456369_1 | कार्यपालन यंत्री, लो.स्वा. यां.वि., खण्ड सिवनी के अंतर्गत शासकीय निवास भवन के सुधार / मरम्मत कार्य एवं कार्यालय भवन में अतिरिक्त भण्डार गृह कक्ष का निर्माण | 6.76 | 13,520.00 | 2,000.00 | 27/10/2025 | 27/10/2025 | 60 दिवस वर्षाकाल छोड़कर | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केंन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |

G-20083/25 — कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - सिवनी (म. प्र. )

**हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**
HINDUJA HOUSING FINANCE
कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
रीजनल ब्रांच ऑफिस: 101-बी, प्रथम तल एनआर के विजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010
Email - auction@hindujahousingfinance.com

**सरफेसी अधिनियम 2002 की सेक्शन 13(2) के तहत डिमांड नोटिस**

सिक्योरिटी इंटरेस्ट ( इंफोर्समेंट ) नियम, 2002 के नियन 3( 1 ) उक्त नियम के सहपठित सेक्शन 13( 2 ) ऑफ सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 ( उक्त एक्ट ) के तहत उक्त नियमों के नियम 3 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13( 2 ) के तहत अधिकारियों के पालन में एचएचएफएल के प्रा.अधिकारी ने उक्त एक्ट की सेक्शन 13( 2 ) के तहत डिमांड नोटिस जारी की थी जिसमें देनदारियों / गारंटरों को उक्त से संबंधित उन्हें जारी नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था, देनदारों व गारंटरों को पुन: देनदारों व गारंटरों को इस नोटिस तिथि से 60 दिनों से निम्न राशि चुकाने को कहा जाता है, देनदार व गारंटर, देय राशि व लोन राशि के भुगतान हेतु प्रस्तुत सिक्योरिटी राशि के विवरण निम्न है -

| उधारकर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक राशि | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| MP/JBR/REWA/A000000623 MP/JBR/REWA/A000000793 श्री सुनील कुमार सिंह श्रीमती प्रीति सिंह श्री सुजीत कुमार सिंह | 09-10-2025 Rs. 1423524/- & Rs. 419441/- | संपत्ति का वह हिस्सा जिसका नाम निगम रीवा वार्ड क्रमांक 2 शेष वार्ड जंक्शन 318 पटवारी हल्का निपनिया 27, सर्वे क्रमांक 337/1 ग्राम निपनिया नगर निगम रीवा, शहरी, रीवा, मध्य प्रदेश, भारत - 486001 है। माप क्षेत्र- 1550 वर्ग फीट, सीमा इस प्रकार है - पूर्व: कृष्णा सिंह का प्लॉट, पश्चिम: रामगोपाल कुशवाहा का प्लॉट, उत्तर: रम्मू का घर, दक्षिण: 15 फीट चौड़ी सड़क |
| MP/JBR/CDWR/A000000436 श्री अशोक शेंडे श्रीमती शीतल शेंडे | 15-10-2025 Rs. 5,03,789/- | संपत्ति ग्राम मौजा रामाकोना P.H.N 10 तहसील सौसर खसरा नंबर 56/1/1 पर स्थित नागपुर - छिंदवाड़ा रोड पर स्थित है। माप क्षेत्र- कुल क्षेत्रफल- 500 वर्ग फीट, सीमा - पूर्व: 15 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम: विक्रेता भूमि, उत्तर: घनश्याम शेंडे का प्लॉट, दक्षिण: विक्रेता भूमि |
| MP/JBR/SEON/A000000222 श्री भगतराम मरावी श्री कमलेश कुमार मरावी श्रीमती लक्ष्मी मरावी | 15-10-2025 Rs. 11,74,850/- | संपत्ति आवासीय घर और भूमि ग्राम पिनराई तहसील धनोरा जिला सिवनी पी.एच.एन. संख्या 44 आर.एन.एम धनोरा तहसील धनोरा जिला सिवनी खसरा संख्या 175/1 पर स्थित है, माप क्षेत्र- कुल क्षेत्रफल- 1107 वर्ग फुट, सीमा इस प्रकार है - पूर्व: दसरु मस्कले का घर, पश्चिम: नेपाल सिंह का घर, उत्तर: सड़क, दक्षिण: अपना प्लॉट |
| MP/CDA/PDHA/A000000042 श्री चेतन जसुतकर श्री ज्ञानेश्वर जसुतकर श्रीमती लीला जसुताकर | 15-10-2025 Rs. 9,32,950/- | ग्राम/मौजा का घर - मरुद पी.एच.एन नंबर 45 बी.नंबर 312 आर.आई. सर्कल - टीगांव तहसील पांढुर्णा, जिला - छिंदवाड़ा आबादी खसरा नंबर 260 में माप क्षेत्र - कुल क्षेत्रफल - 2327 वर्गफुट, सीमा - पूर्व: भूरोआ झुमड़े का मकान, पश्चिम: ग्राम पंचायत भवन, उत्तर: आम रास्ता, दक्षिण: स्कूल |
| MP/JBR/JBLP/A000000637 श्री हरिहर दुबे श्रीमती ज्योति दुबे | 15-10-2025 Rs. 20,52,759/- | संपत्ति का वह पूरा भाग मौजा महाराजपुर क्रमांक 664 पी.एच.नं. 17/20 न्यू 60 आरएनएम महाराजपुरा वार्ड क्रमांक 75 तहसील पनागर जिला जबलपुर पटवारी भित्र खसरा क्रमांक 238/3 और खसरा क्रमांक 238/4 का हिस्सा है, माप क्षेत्र- कुल क्षेत्रफल- 949 वर्ग फीट, सीमांकित क्षेत्र - पूर्व: विक्रेता का शेष भाग, पश्चिम: साइड रोड, उत्तर: दुर्वे का घर, दक्षिण: साइड रोड |
| MP/JBR/NRSP/A000000218 श्री प्रमोद श्रीवास श्रीमती प्रीति बाई | 15-10-2025 Rs. 7,94,995/- | संपत्ति मौजा भोजहिर एन.बी. 355 पी.एच. नंबर 118 आर.एन.एम बोहानी ब्लॉक चावरपाठा तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर आबादी खसरा नंबर 231 में स्थित है। माप क्षेत्र- कुल क्षेत्रफल- 1470 वर्ग फीट। सीमांकित क्षेत्र - पूर्व: सरकारी भूमि, पश्चिम: गोविंद नामदेव का मकान, उत्तर: महेंद्र श्रीवास का मकान, दक्षिण: साइड रोड। |
| MP/JBR/BLGT/A000000253 श्री राजेश कुमार अवचट श्री दीपक अवचट श्रीमती शकुंतला अवचट | 15-10-2025 Rs. 28,29,350/- | संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल जो प्लॉट है, गांव बालाघाट नजूल वार्ड क्रमांक 24 पी.एच.एन 13/1 आर.एन.एम बालाघाट -2 तहसील और जिला बालाघाट एम.पी. खसरा क्रमांक 345/1/17-346/1-347/1-348/1-350/1/17 माप क्षेत्र- कुल क्षेत्रफल- 1509 वर्ग फीट सीमांकित - पूर्व: विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम: विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर: सुरेश पिपलवार की भूमि, दक्षिण: सड़क |
| MP/JBR/BRMN/A000000029 श्री शैलेन्द्र मालवीय श्री जगदीश मालवीय श्रीमती रंजना मालवीय | 15-10-2025 Rs. 10,28,253/- | संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा मौजा चिरह खुर्द एस.नं. 147 पी.एच.नं. 14/124 तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर नगर पालिका खसरा नं. 198/8/1 से बाहर है, माप क्षेत्र- कुल क्षेत्रफल- 825 वर्ग फीट, सीमांकित क्षेत्र - पूर्व: विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम: गीता राजपूत की प्लेट, उत्तर: विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण: कच्चा रास्ता |
| MP/JBR/JBLP/A000000692 श्री सुरेश चौधरी श्रीमती पूनम चौधरी श्री राजेश चौधरी | 15-10-2025 Rs. 28,70,540/- | संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, मौजा कजरवारा (भोंगा द्वार खंदारी लक्ष्मी बाई वार्ड एन.बी. 505 पी.एच.एन. नंबर 23/27 आरएनएम 2 तहसील और जिला जबलपुर खसरा नंबर 11/1 माप क्षेत्र- कुल क्षेत्रफल- 1050 वर्ग फीट सीमांकित - पूर्व: मुलई की भूमि, पश्चिम: साइड रोड, उत्तर: रामनारायण की भूमि, दक्षिण: बस्ती |
| MP/SGR/SAGR/A000000380 श्री शिव राम पटेल श्रीमती देवकी बाई पटेल | 09-10-2025 Rs. 6,94,472/- | सर्वे क्रमांक 150, ग्राम पड़रिया सिहोरा, पटवारी हल्का क्रमांक 19, शहरी, तहसील एवं जिला दमोह, मध्य प्रदेश, 470672। कुल क्षेत्रफल 1957 वर्ग फुट। संपत्ति की सीमा - पूर्व: - सड़क, पश्चिम: - सुदामा पटेल का मकान, उत्तर: - सड़क, दक्षिण: - करोडी पटेल का मकान |

यदि उक्त देनदार / गारंटर उक्त भुगतान एचएचएफएल को नहीं करते हैं, एचएचएफएल उक्त एक्ट की सेक्शन 13( 4 ) व लागू नियमों के तहत पूरी तरह से देनदार / गारंटर के जोखिम, लागत व परिणामों के तहत सिक्योर्ड एसेट के खिलाफ कार्यवाही कर सकते है, विवरण हेतु संपर्क प्रा. अधिकारी संबंधित शाखा ऑफिस हिंदुजा हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड, 101-बी, प्रथम तल एन आर के बिजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर ( म.प्र. ) 452010 एवं मोबाईल नं. Vaibhav Shrivastava - 7987969803, Rajesh Chakotiya - 8435571111, Gourav Naik - 7587748188, Divyank Srivastava - 8318225992, Pankaj Joshi - 96445 23578

दिनांक - 16/10/2025 — प्राधिकृत अधिकारी, हिन्दूजा हाऊसिंग, फायनेंस लिमिटेड

# मुख्यमंत्री ने नगरीय निकायों को दीं 7 हजार करोड़ की सौगातें, सफाई मित्रों को उपहार

*रवींद्र भवन में राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान समारोह एवं कार्यशाला में सफाई मित्रों को किया सम्मानित*

हरिभूमि ▶▶ भोपाल

स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश को आठ पुरस्कार मिले यह गौरव की बात है। प्रदेश मेट्रोपॉलिटन सिटी की ओर बढ़ रहा है। सार्थक बदलाव होगा। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंगलवार को रवींद्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान समारोह एवं कार्यशाला में कही। इसके पूर्व उन्होंने दीप प्रवज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सफाई मित्रों को उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने रिमोट का बटन दबाकर नगरीय निकायों को 7 हजार करोड़ की सौगात दी। कार्यक्रम में महापौर मालती राय और हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता में इंदौर सिरमोर रहा है। उज्जैन, भोपाल और जबलपुर भी सिरमोर हैं। स्वच्छता को लेकर मप्र को 64 प्रकार के पुरस्कार दिए जा रहे हैं। यह प्रदेश के लिए गौरव की बात है। स्वच्छता को लेकर लगातार नगरीय निकाय बेहतर काम कर रहे हैं। इसका परिणाम भी सबके सामने है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को दीपावली से पहले ही साढ़े 22 हजार करोड़ रुपए की सौगात मिल रही है। आज 10 हजार करोड़ रुपए की नमामि नर्मदे योजना प्रारंभ की जा रही है। अमृत 2 योजना के अंतर्गत 7 हजार करोड़ रुपए की सौगात मिल रही है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना की भी शुरुआत हो रही है, जो 5 हजार करोड़ रुपए लागत की है। आगामी 3 वर्षों में लगभग 20 हजार करोड़ रुपए की योजनाएं मूर्तरूप लेंगी।

**मेट्रोपॉलिटन सिटी की ओर बढ़ रहा है प्रदेश, सार्थक बदलाव होगा: डॉ. यादव**

**प्रदेश के कई निकायों के अधिकारी, कर्मचारी, सफाई मित्र, जनप्रतिनिधि हुए शामिल**





### सिंहस्थ-2028 का आयोजन विश्व के लिए उदाहरण बनेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ-2028 उज्जैन का ही नहीं, विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक मेला है। इसके लिए विशाल स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। यह विश्व के लिए उदाहरण बनेगा। पृथ्वी पर जल से ही जीवन की उत्पत्ति हुई है, इसीलिए सिंहस्थ जैसे आयोजनों में पवित्र नदियों में जल को नमन करते हुए स्नान का महत्व है।

### मंच पर बैठे सफाई मित्रों की ओर ध्यान आकर्षित कराया

जब मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर, भोपाल, जबलपुर, उज्जैन आदि शहरों में सफाई को लेकर बात कर रहे थे, तभी उन्होंने मंच पर बैठे सफाई मित्रों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि यह सब बदलाव सफाई मित्रों की मेहनत है। नगर निगम, निकाय, अधिकारी, एनजीओ, सफाई मित्रों के सहयोग से प्रदेश का नाम देशभर में रोशन हो रहा है।

◆ स्वच्छता को लेकर मध्य प्रदेश को 64 प्रकार के पुरस्कार दिए जा रहे हैं। यह प्रदेश के लिए गौरव की बात

### सफाई मित्रों का सम्मान गर्व की बातः दुबे

नगरीय प्रशासन विभाग के एसीएस संजय दुबे ने संबोधित करते हुए कहा कि मप्र लगातार आठ से नए आयाम गढ रहा है। सफाई मित्रों ने अच्छा काम किया है। उनका सम्मान गर्व की बात है।

### संस्कारों में स्वच्छता लाना होगी: मंत्री प्रतिमा बागरी

नगरीय विकास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि मानसिक रूप से स्वच्छता का बीड़ा उठाया जाए और संस्कारों में इसे लाएं। आज शहर साफ-सुथरे नजर आ रहे हैं। प्रदेश में तेजी से विकास हो रहा है। यह प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

## खबर संक्षेप

### राजपत्रित अधिकारी संघ ने माना सीएम का आभार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के साढ़े चार लाख पेंशनर्स को सातवें वेतनमान पर दो प्रतिशत महंगाई राहत राशि बढ़ाने पर मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ ने संरक्षक डीके यादव और प्रातांध्यक्ष संतोष गांधी ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार माना है। संघ के संरक्षक डीके यादव और प्रातांध्सक्ष संतोष गांधी ने बताया कि सातवें वेतनमान की पेंशन पा रहे पेंशनर्स की पेंशन अब 53 से बढ़कर 55 प्रतिशत हो जाएगी। यह लाभ 1 सितंबर 2025 से मिलेगा। जनवरी 2025 में कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी, लेकिन महंगाई राहत में नहीं हुई थी। यही बढ़ोतरी अब की गई है। डीके यादव ने मुख्यमंत्री से केंद्र के समान तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत दीपावली से पहले दिए जाने की मांग भी की है।

### देश आंबेडकर के संविधान से चलेगा: उमंग

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से प्रदेश में



हाल ही में हुई तीन घटनाओं का उल्लेख करते हुए प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि देश बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान से चलेगा, न कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वाट्सएप यूनिवर्सिटी से। प्रदेश में हो रही घटनाएं मुझे भीतर तक विचलित कर रही है। सिंघार वर्तमान में छत्तीसगढ़ के दौरे पर हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि दमोह में हुई जातिवादी घटना, ग्वालियर में अनिल मिश्रा का बेतुका बयान या भोपाल की सड़कों पर लगाए गए पोस्टर, ये सभी घटनाएं समाज में समानता के बजाय विभाजन को बढ़ावा देती हैं। पूरी कांग्रेस और राहुल गांधी देश के संविधान की रक्षा के लिए समर्पित हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- भारत को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में मध्यप्रदेश निभाएगा अग्रणी भूमिका

# स्वदेशी उत्पाद अपनाकर व कारीगरों का समर्थन कर एक मजबूत भारत के निर्माण में कर सकते हैं योगदान

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव, भाजपा राष्ट्रीय महासचिव ने भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के सम्मेलन को किया संबोधित

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पाद अपनाकर और भारतीय उद्यमियों और कारीगरों का समर्थन कर हम एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को भोपाल के अपेक्स बैंक समन्वय भवन भोपाल में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक रूप से भारत में व्यापार व्यवसाय समृद्ध रहा है।

अनुशासित जीवन पद्धति जियो और जीने दो के विचार का अनुसरण करने के परिणाम स्वरूप भारतीय समाज सदैव पुष्पित पल्लवित होता रहा है। पिछली सरकारों की लाइसेंस, कोटा, परमिट जैसी नीतियों से देश की मुद्रा का अवमूल्यन हुआ और समाज द्वारा संचालित व्यवस्थाओं में भी शासकीय हस्तक्षेप के दुष्परिणाम सामने आने लगे।

» *आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में लिया हिस्सा*

» *प्रदेशवासियों को स्वदेशी अपनाने के लिए किया प्रेरित*



### पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय नीतियों से बना आम आदमी का जीवन सुगम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और पहल से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की साख और आर्थिक सामर्थ्य स्थापित हुई है। उनके मार्गदर्शन में व्यापार-व्यवसाय और कर व्यवस्था में लागू सरल और पारदर्शी नीतियों ने आम आदमी के जीवन को सुगम बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। प्रदेश में उद्योग तथा निवेश गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए जारी गतिविधियों से स्वदेशी को बल मिलेगा। डॉ. यादव ने आगामी दिनों में आ रहे त्यौहारों में स्वदेशी सामग्री का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए उपस्थित जनसमुदाय को प्रेरित किया।

### दिलाई गई स्वदेशी अपनाने की शपथ



कार्यक्रम में आत्मनिर्भर भारत की लक्ष्य प्राप्ति के लिए स्वदेशी स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए नई पीढ़ी को पारिवारिक,सामाजिक जीवन में भारतीय भाषाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। पर्यावरण के प्रति सजग रहकर स्वदेशी और प्रकृति-अनुकूल उत्पादों का प्रयोग करने तथा देश के पर्यटन स्थलों को प्राथमिकता देने का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम को सांसद व राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी ने भी संबोधित किया।

### आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश ही आत्मनिर्भर भारत का मजबूत स्तंभ हैः महासचिव अरुण

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश ही आत्मनिर्भर भारत का मजबूत स्तंभ है। डबल इंजन सरकारों से आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का संकल्प साकार होगा। घर-घर स्वदेशी का मंत्र हमारी शक्ति के रूप में समूचे विश्व के सामने प्रदर्शित हो, इसी लक्ष्य को लेकर देश-प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा इस बात पर चिंतन करते हैं कि देश कैसे आत्मनिर्भर बने। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर ही स्वदेशी का यह अभियान देश भर में चलाया जा रहा है और पार्टी के कार्यकर्ता समाज के साथ मिलकर इस अभियान को एक जनआंदोलन बनाने के लिए काम कर रहे हैं। मप्र का पार्टी संगठन देश के सभी राज्यों में अव्वल माना जाता है और आने वाले समय में भी प्रदेश का पार्टी संगठन नं.-1 ही रहने वाला है।

इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा सिंह जादौन, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के प्रदेश संयोजक रणवीर सिंह रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

अरुण सिंह ने कहा कि लंबे समय तक कांग्रेस की सरकारें रहीं, लेकिन उन्होंने कभी देश के इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के बारे में नहीं सोचा। यूपीए की सरकार के समय देश में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर महज 2.5 लाख करोड़ रुपए खर्च किए जाते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आज इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हर साल 12 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रही है।




### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की बिहार चुनाव में काफी डिमांड

*मीडिया से चर्चा के दौरान बिहार सरकार द्वारा महिलाओं को रोजगार के लिए 10 हजार रुपए देने की बात पर राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि विश्व की कोई भी सरकार हो उसकी प्राथमिकता होती है, सबसे पहले यही कहती है कि हमारी सरकार लोगों के विकास के लिए काम कर रही है। अगर हम प्राथमिकता के आधार पर उनके खाते में 10 हजार रुपए दे रहे हैं तो ये मानकर चलिए कि उनको सक्षम बनाने की कोशिश सरकार कर रही है कि आप भी आजीविका के माध्यम से आईए और आप भी रोजगार करके देश की विकास दर में अपना योगदान दीजिए। बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार को लेकर अरुण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी प्रचार में जाएंगे। यहां के मुख्यमंत्री डॉ. यादव की बिहार चुनाव में काफी डिमांड है। वो जाएंगे और प्रचार करेंगे।*

## जापान में अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमका रायपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम महापौर मीनल चौबे जापान के टोयोटा नगर में 14 से 16 अक्टूबर तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय महापौर सम्मेलन 2025 में रायपुर नगर निगम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। यह तीन दिवसीय वैश्विक मंच विश्व के नगरों और संयुक्त राष्ट्र संस्थाओं के बीच सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीय क्रियान्वयन और नवाचारपूर्ण शहरी विकास पर केंद्रित है। महापौर मीनल चौबे ने इस अवसर पर रायपुर नगर निगम की स्वच्छता, हरित विकास और नागरिक भागीदारी पर आधारित पहल की जानकारी दी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रायपुर की सकारात्मक पहचान मजबूत की। चर्चाओं में प्लास्टिक पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने, विद्यालयों में कचरे का पृथक्करण तथा घटाओ, पुनः प्रयोग करो, पुनर्चक्रण करो की जागरूकता को शिक्षा स्तर पर शामिल करने जैसे विषय प्रमुख रहे।

## झांसा देकर महिला शिक्षिका से छह लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

वर्क फ्राम होम के झांसे में आकर एक महिला शिक्षिका ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गई।

ठगों ने प्रोफाइल लेकर टास्क और अधिक कमाई का लालच देकर महिला से करीब छह लाख रुपए की ठगी कर डाली। पीड़िता ने कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि इंस्टाग्राम पर एक वर्क टू होम जॉब के विज्ञापन में रुचि दिखाने पर उससे संपर्क किया गया। वाट्सएप नंबर लेकर पहले उसकी व्यक्तिगत जानकारी जैसे नाम, उम्र, पेशा आदि ली गई। फिर उसे रिव्यू और टास्क करने के लिए कहा गया, जिसके एवज में शुरुआत में 200, 300, 1100 और 710 कुल 5000 रुपए का भुगतान किया गया। टास्क पूरा करने पर उसे 5000 हजार वापस भी मिले, जिससे महिला का भरोसा जीत लिया गया। इसके बाद उसे वीआईपी मेंबरशिप देने और ज्यादा पैसे कमाने के झांसे में बार-बार अलग-अलग खातों में पैसे जमा करवाए गए, लेकिन जब उसने पैसे निकालने (विड्राल) की कोशिश की, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। कुल मिलाकर महिला से छह लाख की ठगी की गई। कोतवाली थाना में अपराध दर्ज किया गया है।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन की अध्यक्षता में कैबिनेट में हुआ निर्णय

# सोयाबीन उत्पादक किसानों को लाभान्वित करने भावांतर योजना को मिली स्वीकृति

**प्रदेश में आरएएमपी योजना को सैद्धांतिक रूप से लागू किए जाने की स्वीकृति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में खरीफ वर्ष 2025 में प्रदेश के सोयाबीन के किसानों को लाभांवित किए जाने के लिए भारत सरकार की प्राईज डिफिसिट पेमेन्ट स्कीम लागू की गई है, जो प्रदेश में भावांतर योजना कहलाएगी। प्रदेश में सोयाबीन भावांतर योजनांतर्गत 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 तक सोयाबीन का विक्रय, राज्य की अधिसूचित मंडियों में किया जाएगा।

प्रदेश की मंडियों में 14 दिनों के सोयाबीन के विक्रय मूल्य के वेटेड औसत के आधार पर सोयाबीन के मॉडल रेट की गणना की जाएगी। न्यूनतम समर्थन मूल्य से विक्रय दर, मॉडल रेट अंतर की राशि पंजीकृत कृषकों के पोर्टल पर दर्ज बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से अंतरित की जाएगी। एमएसपी 5328 रुपए है।



### सरदार पटेल कोचिंग प्रशिक्षण योजना 2021 में नए प्रावधान सम्मिलित करने की मंजूरी

कैबिनेट ने प्रदेश के सरदार पटेल कोचिंग प्रशिक्षण योजना वर्ष 2021 के विद्यमान प्रावधानों के साथ अन्य प्रावधानों को सम्मिलित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 5 हजार युवाओं को विभिन्न रोजगारोन्मुखी प्रतियोगी परीक्षाओं का निःशुल्क परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कैबिनेट ने आरक्षक (विसबल) 620 अरुण सिंह भदौरिया, 15वीं वाहिनी विसबल, इंदौर को प्रधान आरक्षक (विसबल) के पद पर क्रम से पूर्व पदोन्नति प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया हैं।

### प्रदेश में (आरएएमपी) योजना को सैद्धांतिक स्वीकृति

कैबिनेट ने भारत सरकार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, नई दिल्ली की एमएसएमई योजना को प्रदेश में सैद्धांतिक रूप से लागू किए जाने की स्वीकृति दी गई हैं। योजनान्तर्गत प्रदेश के लिए स्वीकृत बजट 105 करोड़ 36 लाख रुपए के तहत राज्यांश की 30 प्रतिशत राशि 31 करोड़ 60 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

### रेशम समृद्धि योजना में इकाई की कुल लागत राशि रुपए 5 लाख होगी

वर्तमान में कुल लागत इकाई राशि रुपए 3.65 लाख होती थी, जिसमें 2.0875 लाख राज्य शासन से राज्य सहायता प्राप्त होती थी। इकाई की लागत राशि 5 लाख रुपए होगी। उसमें से सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को केन्द्रांश राशि 2.50 लाख, राज्यांश राशि 1.25 लाख एवं हितग्राही का अंश राशि 1.25 लाख तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को केन्द्रांश राशि 3.25 लाख, राज्यांश राशि 1.25 लाख एवं हितग्राही का अंश राशि 0.50 लाख होगा।

### रेशम समृद्धि योजना' के क्रियान्वयन की सैद्धांतिक स्वीकृति

*कैबिनेट ने भारत सरकार की सिल्क समग्र-2 योजना को 25% राज्यांश के साथ, राज्य में रेशम समृद्धि योजना के रूप में क्रियान्वयन की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। योजना के तहत हितग्राहियों को रेशम उत्पादन संबंधी 23 गतिविधियों में सहायता प्राप्त होगी, जिसमें सामान्य वर्ग के हितग्राही को इकाई लागत की 75 प्रतिशत और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को 90 प्रतिशत आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसमें क्रमशः 25 प्रतिशत एवं 10 प्रतिशत हितग्राही अंश रहेगा। योजना के क्रियान्वयन से मलबरी, वन्या और पोस्ट ककून क्षेत्रों में हितग्राहियों की सतत रोजगार उपलब्ध होने के साथ उनकी आय में वृद्धि होगी।*

## 100 से ज्यादा माओवादियों ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के माओवादी हिंसा प्रभावित बस्तर अंचल में माओवाद विरोधी अभियानों को अभूतपूर्व सफलता मिली है।

राज्य सरकार की प्रभावी 'माओवादी समर्पण नीति' की बदौलत कांकेर और सुकमा जिलों में एक साथ 100 से अधिक माओवादियों ने हथियार डाल दिए हैं। इस सामूहिक आत्मसमर्पण को बस्तर में शांति की वापसी की दिशा में एक बड़ा और निर्णायक कदम माना जा रहा है।

### शांति प्रक्रिया को मिली गति

यह सामूहिक आत्मसमर्पण इस बात का प्रमाण है कि माओवादियों की विचारधारा खोखली साबित हो रही है। अब तक 500 से अधिक माओवादियों का पुनर्वास किया जा चुका है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन बड़े समर्पणों से बस्तर में विकास कार्य और शांति प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ेगी। यह न केवल सुरक्षा बलों की बड़ी जीत है, बल्कि उन स्थानीय समुदायों की भी जीत है, जो अब हिंसा मुक्त भविष्य की ओर देख रहे हैं। बस्तर अब 'बंदूक' नहीं, बल्कि 'विकास' की बात कर रहा है।



### कांकेर में शीर्ष कैडरों का समर्पण

*कांकेर जिले के पखांजुर थाना क्षेत्र में सक्रिय 60 से अधिक माओवादियों ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वालों में राजू सलाम, कमांडर प्रसाद और मीना सहित कई बड़े माओवादी भी शामिल हैं। अधिकारियों ने इस घटना को सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों से प्रभावित होकर मुख्यधारा में लौटने का परिणाम बताया। सभी समर्पित माओवादियों को सरकारी नीति के तहत नकद प्रोत्साहन, आवास और व्यावसायिक प्रशिक्षण पैकेज प्रदान किए जाएंगे।*

### सुकमा: 27 माओवादियों का आत्मसमर्पण

*सुकमा जिले में माओवादी विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। कुल 27 सक्रिय माओवादियों ने हथियार डालकर आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें दो हार्डकोर माओवादी शामिल हैं, जो पीएलजीए बटालियन-01 में सक्रिय थे। आत्मसमर्पित माओवादियों पर कुल 50 लाख रुपए का इनाम था, जिसमें एक पर 10 लाख, तीन पर 8-8 लाख, एक पर 3 लाख, दो पर 2-2 लाख और नौ पर 1-1 लाख रुपए का इनाम घोषित था। समर्पण करने वालों में 10 महिलाएं और 17 पुरुष शामिल हैं। इनमें एक सीवायसीएम, 15 पार्टी सदस्य और 11 अग्र संगठन से जुड़े सदस्य हैं। यह आत्मसमर्पण सुकमा पुलिस मुख्यालय में बुधवार को आयोजित एक समारोह में हुआ। सुकमा एसपी सुनील शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति और नियद नेल्ला नार योजना के साथ-साथ अंदरूनी इलाकों में बढ़ते सुरक्षा कैंपों के दबाव ने माओवादियों को मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित किया। इस सफलता में जिला बल, डीआरजी, विआशा, एसटीएफ, सीआरपीएफ की 02, 74, 131, 151, 216, 217 वाहिनी और कोबरा 203 बटालियन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसमर्पित माओवादियों ने संगठन में जबरन भर्ती, हिंसा और संसाधनों की कमी को समर्पण का कारण बताया।*

# डायरिया का प्रकोप, ग्रामीण दहशत में

## 458 घरों पर डोर टू डोर किया सर्वे, 127 लोगों को अब तक दिया उपचार

# 374 उल्टी दस्त से पीड़ितों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

डायरिया के प्रकोप को लेकर मंगलवार देर रात्रि कलेक्टर हरेंद्र नारायन रजोला पहुंचे थे। जहां बीमार प्रत्येक मरीजों को मिल रहे इलाज का जायजा लिया था तथा रात्रि में एसडीएम के साथ स्वास्थ्य विभाग के आधा दर्जन से ज्यादा डाक्टरों राजस्व जनपत पीएचई सहित अन्य अधिकारियों को गांव में पीड़ितों का उचित इलाज हेतु रुकवाया गया था। इस मामले में बुधवार को भाजपा जिला अध्यक्ष अमरवाड़ा विधायक सहित दर्जनों कार्यकर्ता रजोला पहुंचे थे तो वही कांग्रेस जिला अध्यक्ष और अमरवाड़ा विधान सभा प्रभारी सहित अन्य नेताओं के पहुंचने से ग्राम का माहोल ही बदल गया और राजनीतिक समर्थन सहित आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। अब भी मरीजों का इलाज ग्राम पंचायत भवन में अस्थाई अस्पताल बनाकर किया जा रहा है।




### आज दो मरीजों को छिंदवाड़ा रिफर किया था

ब्लाक मेडीकल आफिसर करुष ठाकुर ने बताया कि 458 घरों पर डोर टू डोर सर्वे किया गया जिसमें 374 मरीज सामने आए थे जिन्हें उल्टी दस्त की शिकायत थी 127 लोगों को अब तक उपचार दिया गया है जो पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं और जिन्हें अभी उल्टी या दस्त की शिकायत है उनका उपचार किया जा रहा है हालत अभी समान है वहीं आगे बताया की जब तक पूरी तरह हालात सामान नहीं होते स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पर ही रहेगी।

### भाजपा जिला अध्यक्ष विधायक के साथ पहुंचे



उल्टी दस्त से बीमार मरीजों से मिलने जिला भाजपा अध्यक्ष शेष राव यादव अमरवाड़ा विधायक कुंवर कमलेश शाह रजोला पहचें इन्होंने पंचायत भवन में भर्ती मरीजों से हाल जाना और उपचार से संतुष्ट होने की बात कही। वही जिस कुआ और पानी टंकी में दूषित पानी दिया जा रहा था उसका निरीक्षण किया और प्रशासनिक अधिकारियों को दोषियों पर कार्रवाई करने तथा पिए जल संसाधन को सही करने की बात कही। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार हर पीड़ितों के साथ है किसी ग्रामीणों की समस्या हमारी समस्या। विधायक ने कहा की हमने अधिकारियों को उचित व्यवस्था करने कहा है हालात अभी सामान है जो जरूरत ग्रामीणों को होगी उसे पूरा किया जाएगा।इस दौरानजिला अध्यक्ष शेषराव यादव, विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह, महामंत्री विजय पांडे, अजय सक्सेना, संजय पटेल, योगेंद्र प्रताप राणा, विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा, मुकेश सूर्यवंशी,प्रकाश ठाकुर,माइकल पहाड़े, विजेंद्र चौहान,सोनू सरसवार सहित स्थानीय लोग सामिल थे।



### स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्राम राजोला में उल्टी दस्त बुखार के मरीजों को दिया जा रहा सतत उपचार

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छिंदवाड़ा के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने के लिये जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय गठित टीम द्वारा चिकित्सकीय स्वास्थ्य सुविधायें प्रदान की गई । संयुक्त टीम के द्वारा सर्विलेंस कार्य किया जा रहा है तथा विभागीय टीम एवं मैदानी कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर सर्वे के दौरान 458 घरों में सर्वे कार्य किया गया है, जो निरंतर जारी है। ग्राम राजोला के ग्राम पंचायत भवन व आंगनवाडी केन्द्र में 10 बिस्तरीय अस्थाई अस्पताल में 374 मरीजों को त्वरित उपचार सुविधा उपलब्ध कराई गई हैं एवं 141 मरीजों को आई.व्ही. फ्लूइड के माध्यम से उपचार प्रदान किया गया हैं। सभी मरीजों को आवश्यक दवाईयां वितरित की गई है। 02 मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उन्हें उपचारित किया जा रहा हैं। जिला स्तरीय चिकित्सकीय टीम जिसमें डॉ.धीरज दावंडे, डी.एच.ओ. डॉ.राहुल नाग, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. हर्षवर्धन लोनकर, डॉ. सुमित मोहबे, डॉ. अजय राजपूत, डॉ. सुनील कुमार बाजिया एवं ब्लॉक स्तरीय टीम से बी.एम.ओ. डॉ.करुष ठाकुर, आर.बी.एस. के चिकित्सक डॉ. अहमद, बीपीएम श्री अखिलेश देशमुख, सी.एच.ओ., ए.एन.एम. व एम.पी.डब्ल्यू. तथा विकासखंड स्तरीय सभी टीम के द्वारा सर्वे कार्य कराते हुये मरीजों को सतत उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही हैं। ग्राम में मरीजों की सामान्य स्थिति होने तक यह टीम तैनात रहकर निरंतर स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करेंगी। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है। सी.एम.एच.ओ. डॉ. नरेश गोन्नाडे द्वारा ग्राम के सभी लोगों से अपील की गई है कि स्वच्छ व साफ पानी का सेवन करें, अपने आस-पास साफ-सफाई रखें, उल्टी दस्त होने की स्थिति में शीघ्र ही चिकित्सकीय जांच व उपचार प्राप्त करें। साथ ही मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि वे नियमित रूप से घर-घर सर्वे कार्य करते हुये उल्टी-दस्त एवं बुखार के मरीजों को तत्काल स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराये।

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष और पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी भी पहुंचे



कांग्रेस जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे सहित अन्य कांग्रेसी नेता भी दोपहर को रजोला पहुंचे और मरीजों से मिले और उपचार संबंधी जानकारी ली। ग्रामीणों से उन्होंने कहा की कमलनाथ जी ने इस मामले में पीड़ितों की मदद की बात कही है अगर कोई समस्या है तो कांग्रेस हर संभव मदद के किए खड़ी है। वही जिले के सांसद पर कटाक्ष करते हुए कहा की बीस किलो मीटर की दूरी पर डायरिया फेला है परंतु सांसद को यहा आने की फुरसत नहीं है अगर किसी को दिखे हैं तो बताओ। मरीजों से मिलने के बाद नल जल स्त्रोतों को भी देखने गए थे जहां की खबरे सामने आई थी। इस दौरान विश्वनाथ ओकटे अजय मेद सेलू सेंगर चंपालाल कुर्चे धीरन शाह महेश धुर्वे आशीष जैन आसिफ मिस्किनी घनश्याम पटेल जुनैद राजेश पटेल फिरोज खान अनिल सल्लाम राजू रविंद्र धुर्वे केतन पटेल सहित अन्य सामिल थे।

### नई पाइप लाइन बिछाई गई

पीएचई के अधिकारी जल खनन वाले स्रोतों को साफ और दुरुस्त करने पर लगे रहे, पूर्व में जिस पानी टंकी और कुआं से पानी सप्लाई किया जा रहा था उसे बंद कर दिया गया है एक नए शासकीय बोर से नई पाइप लाइन बिछाकर पानी टंकी पर जोड़ा गया है और उसकी टेस्टिंग पर लोगों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्थाएं की जा रही है। वही दो दिनों से गांव में टैंकरों के माध्यम से पानी सप्लाई किया जा रहा था।

---

## बाबा साहेब की प्रतिमा को लेकर बमनोरा कलां में बवाल



पुलिस बल तैनात, भीम आर्मी और हिंदू संगठन आमने-सामने

**बड़ा मलहरा। जिले के घुवारा क्षेत्र के ग्राम बमनोरा कलां में मंगलवार देर शाम बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किए जाने को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। बताया जा रहा है कि मंदिर परिसर की भूमि पर रातों-रात प्रतिमा स्थापित की गई, जिसके बाद भीम आर्मी और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए।**

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम बड़ामलहरा, एसडीओपी और क्षेत्र के सभी थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। देर शाम तक दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक होती रही। प्रशासन ने लोगों को समझाइश देकर किसी तरह स्थिति को नियंत्रण में लिया, लेकिन पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि भूमि को लेकर पहले से विवाद चल रहा था, ऐसे में बिना अनुमति प्रतिमा स्थापित करना उकसावे की कार्रवाई है। वहीं भीम आर्मी का कहना है कि यह भूमि सार्वजनिक है और बाबा साहेब की प्रतिमा लगाना उनका संवैधानिक अधिकार है। प्रशासन ने शांति बनाए रखने की अपील करते हुए क्षेत्र में पुलिस बल तैनात कर दिया है। अधिकारियों ने कहा है कि भूमि और अनुमति संबंधी दस्तावेजों की जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार दोनों पक्षों में देर रात तक बातचीत का दौर जारी रहा। प्रशासन ने सख्त चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या माहौल बिगाडने की कोशिश करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## शादी का झांसा देकर बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** थाना नागौद पुलिस ने शादी का झांसा देकर एक नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान विजय कुमार प्रजापति 25 वर्ष के रूप में हुई है,जो ग्राम गुलुआ, पवइया का रहने वाला है। घटना का विवरण नागौद पुलिस को पीड़िता के पिता ने अपनी बेटी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की और लापता लड़की की तलाश में जुट गई। 14 अक्टूबर को लड़की को ढूंढ निकाला गया। पूछताछ के दौरान पीड़िता ने बताया कि ग्राम गुलुआ,पवइया के विजय प्रजापति ने उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया था और उसके साथ गलत काम (दुष्कर्म) किया। पीड़िता के बयान के आधार पर नागौद थाने में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी मामला दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर ही पुलिस ने आरोपी विजय कुमार प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने के बाद उसे न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतना के निर्देश पर, एसडीओपी नागौद के मार्गदर्शन में,थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पांडे के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। आरोपी को पकड़ने में निरीक्षक अशोक पांडे,उपनिरीक्षक आर.पी. वर्मा (चौकी प्रभारी पौड़ी), प्रधान आरक्षक राजेंद्र पांडे और पंकज मिश्रा की भूमिका रही।

### स्लीमनाबाद क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम और हो गए चंपत

## आधी रात को बदमाशों ने ज्वेलर्स दुकान से लाखों के जेवरात किये चोरी, हवाई फायर से मची दहशत

जिले में एक के बाद एक हो रही वारदातों से दहशत का माहौल बना हुआ है। अभी कुछ दिन पहले बरही फिर कटनी में हुई चोरी के बाद तेवरी स्थित ज्वेलर्स दुकान में आधी रात को चोरो ने वारदात को अंजाम दिया। बेखौफ बदमाश वारदात को अंजाम देकर आसानी से फरार हो जाते हैं।







हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत तेवरी में भाव्या ज्वेलर्स की दुकान में बड़ी चोरी की वारदात हुई। मंगलवार -बुधवार कि दरमियानी रात अज्ञात चोरो ने भाव्या ज्वेलर्स से लगभग 12 लाख रूपये के सोने -चांदी के जेवरात ओर नकदी चुरा ली है।वारदात के दौरान बदमाशो ने हवाई फायरिंग भी की, जिससे इलाके मै दहशत फ़ैल गई। यह घटना देर रात करीब 2 बजे हुई, जब चोरो ने दुकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। दुकान संचालक के शोर मचाने पर बदमाशो ने बंदूक से हवाई फायरिंग की ओर मौके से फरार हो गये।

दुकान संचालक विपिन सोनी ने बताया कि चोरो ने लगभग 8 किलो चांदी, 15 ग्राम सोना ओर 15 से 20 हजार रूपये नकद चुराए है। चोरी किये गये माल की क़ीमत 10 से 12 लाख रूपये आँकी गई है। चोरी की यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे मै कैद हो गई है। फुटेज मै तीन से चार अज्ञात बदमाश वारदात को अंजाम देते हुये स्पष्ट दिखाई दे रहे है। स्लीमनाबाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को जाँच के लिए अपने कब्जे मै लें लिया है। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस प्रशासन मै हड़कंप मच गया।

### एसपी व एएसपी ने मौका स्थल का किया निरीक्षण

घटना की जानकारी लगते ही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ओर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार डेहरिया तत्काल घटनास्थल तेवरी पहुंचे। उन्होंने भाव्या ज्वेलर्स का बारीकी से निरीक्षण किया ओर स्लीमनाबाद थाना प्रभारी को गंभीरता से जाँच कर खुलासा करने के निर्देश दिए।

### इनका कहना है

इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार डेहरिया ने बताया कि अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है!फारेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची जो घटना के हर पहलु पर वैज्ञानिक जाँच कर रही है!जल्द से जल्द इस बड़ी चोरी को अंजाम देने वालें आरोपियों को पकड़कर खुलासा किया जायेगा।

---

### अब तक 24 बच्चों की मौत, पिछले तीन सप्ताह से वेंटीलेटर पर थी बच्ची

## सिरपकांड: जहरीले सिरप ने फिर ली मासूम अंबिका की जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

बच्चों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आरोपी डॉक्टर और कंपनी मालिक के अलावा कुछ अन्य दुकानदार, स्टॉकिस्ट और एक महिला एनालिस्ट पर कार्यवाही की गई है। गैर इरादतन हत्या के आरोप में एफआईआर हुई है। जांच के बाद और आरोपी सामने आ सकते है। बुधवार को एसआईटी ने श्रीसन फार्मास्युटिकल कंपनी की 61 वर्षीय कैमिकल एनालिसिस को गिरफ्तार किया है। किडनी फेलियर मामले में फिर बढ़ा आंकड़ा कोल्ड रिफ कफ सिरप से किडनी फेलियर के मामलों में लगातार बढ़ रही मौतों के बीच एक और दर्दनाक खबर सामने आई है। ककई बोहना निवासी 3 वर्षीय अंबिका विश्वकर्मा की नागपुर के न्यू हेल्थ सिटी हॉस्पिटल में बीती रात मौत हो गई।



अंबिका को 14 सितंबर को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था, जहां लगातार इलाज चल रहा था। लेकिन हालत में सुधार न होने से बच्ची ने दम तोड़ दिया।अब तक कोल्ड रिफ कफ सिरप से कुल 24 बच्चों की मौत हो चुकी है।वर्तमान में केवल एक बच्चा, कुणाल यदुवंशी, का उपचार एम्स नागपुर में जारी है।प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग इस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं, प्रभावित परिवारों में शोक और आक्रोश का माहौल है।

### वो तो गए , पर सिस्टम को आईना दिखा गए

परासिया :- किडनी फेलियर से परासिया विधानसभा क्षेत्र के 22 बच्चों की मौत हो गई । इसके लिए एक कफ सिरप को जिम्मेदार ठहराया गया है । बच्चे तो चले गए , लेकिन सिस्टम को आईना दिखाए ।जहरीले कफ सिरप से 22 बच्चों की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए । सिस्टम और उसके नुमाइंदे जिनकी जिम्मेदारी है लोगों की सुरक्षा , स्वास्थ्य आदि , क्या उस सिस्टम ने , उसके नुमाइंदो ने अपना काम ईमानदारी से किया , यदि किया तो फिर 22 बच्चों की मौत क्यूँ हुई ? यह केवल अमानक दवाइयों का ही मामला नहीं है , बल्कि खान - पान की हर चीज जो बाजार में आ रही है , सबकी गुणवत्ता को शक के दायरे में ला दिया है । आए दिन अमानक दवाइयों , वस्तुओं की बाजार में मिलने की खबरें सामने आ रही है । जो बच्चे गए उनकी माँओ की गोद सूनी हो गई । परिजन बच्चों को याद कर ग़मगीन हैं । सब चाहते हैं , कि सिस्टम ईमानदारी से काम करे ताकि ऐसी हृदय विदारक घटनाओं की पुनरावृति न हो । यही उनके बच्चों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।

## 4 माह की गर्भवती नवविवाहिता फंदे पर लटकी, मौत

मायके पक्ष ने ससुराल पर लगाए हत्या के आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**छतरपुर। महाराजपुर थाना क्षेत्र के बिकौरा गांव में मंगलवार की देर रात एक 4 माह की गर्भवती नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतका की पहचान जयंती (20) पिता स्व. रमेश पटेल निवासी डिगौनी के रूप में हुई है। करीब 6 माह पहले उसकी शादी धर्मेंद्र पटेल निवासी बिकौरा से हुई थी, जो चंदला अस्पताल में ऑपरेटर के पद पर पदस्थ है।**



घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों के अनुसार शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज को लेकर जयंती को प्रताड़ित कर रहे थे। परिजनों का कहना है कि कई बार उसे दहेज के लिए पीटा भी गया था। बीती रात भी पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद जयंती ने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। परिजनों का आरोप है कि ससुराल पक्ष ने उसकी हत्या कर शव को फंदे पर लटकाया है।

मृतका के मौसिया हल्के भैया निवासी पंचमपुरा ने बताया कि ससुराल पक्ष लगातार मायके की जमीन बेचने और पैसे की मांग कर रहा था। लड़की के शरीर और पैरों पर चोट के निशान हैं। वहीं जयंती की माँ ने बताया कि जयंती 4 माह की गर्भवती थी और ससुराल में उसे छह बार मारा-पीटा गया था। इस बारे में जयंती ने कई बार फोन पर जानकारी भी दी थी। घटना की सूचना मिलते ही महाराजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थाना प्रभारी डी.के. सिंह ने बताया कि तहसीलदार को भी सूचना दी गई है। डॉक्टरों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ईडब्ल्यूएस स्कूल गोरखपुर में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया

# ईडब्ल्यूएस स्कूल मुस्लिम छात्रों को आगे लाने के लिए ईमानदारी से प्रयास कर रही







**गोरखपुर। ईडब्ल्यूएस स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पुष्पराज पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए भारत स्काउट गाइड के पूर्व चीफ कमिश्नर अजय तिवारी, एमआईसी सदस्य राम सोनकर, स्थानीय पार्षद गुण वकील अंसारी एवं श्रीमती अयूब के साथ स्कूल के उपाध्यक्ष एवं संचालक मकबूल अंसारी मंच पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर हरिभूमि के यूनिट हेड अनुरोध पटेरिया की गरिमामयी उपस्थिति भी रही।**

डॉ. पुष्पराज पटेल ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटक व प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनकी रचनात्मकता की सराहना की। श्री अजय तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि ईडब्ल्यूएस स्कूल मुस्लिम छात्रों को आगे लाने के लिए ईमानदारी से प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में छात्रों के अभिभावकों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। यह वार्षिक उत्सव बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना।



## दिवाली के पूर्व मिला नगर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों को तोहफा

**जबलपुर।** जबलपुर संस्कारधानी के महापौर माननीय जगत बहादुर सिंह अन्नू जी, निगम अध्यक्ष मा. रिंकूज विज जी, निगम आयुक्त मा. रामप्रकाश अहिरवार जी द्वारा अधिकारी एवं कर्मचारियों के हित में दिवाली के पूर्व नियमित कर्मचारी 5% DA की पाँचों किस्त के ऐरियर्स का भुगतान। गला ग्रीन का भुगतान सेवानिवृत कर्मचारियो के ग्रेच्युटी का भुगतान दिपावली के पूर्व किया गया लगातार माननीय महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू जी द्वारा निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों के हित एवं शहर हित में लगातार सराहनीय कार्य कर रहे है आज पूरे नगर निगम अधिकारी कर्मचारियो में हर्ष का माहौल है इस उपलक्ष्य मे नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ, मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति / जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी अजाक्स संघ, नगर निगम चालक संघ एवं निगम के समस्त संगठनों माननीय महापौर जी, मा. निगम अध्यक्ष जी, मा. निगम आयुक्त जी का स्वागत कर धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा, अक्षय कोरी, गुलशन जबलपुर, नरसम्लू, राजेन्द्र पटेल, मन्नू पटेल, जगदीश नन्हेट समीम खान, एडवोकेट जी दीपक, दुर्गा राव, विजय सेन, चंद्र मोहन, गोपाल चौधरी काफी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## ग्लोबल हैंड वाशिंग डे पर जागरूकता कार्यक्रम व ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन



**जबलपुर।** यश नर्सरी हायर सेकंडरी स्कूल, अधारताल में ग्लोबल हैंडवाशिंग डे के अवसर पर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स एवं यूनिसेफ के प्रोजेक्ट CLAP के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 60 स्काउट, गाइड एवं कब-बुलबुल ने सक्रिय भागीदारी निभाई, और लगभग 300 विद्यार्थियों को हाथ धोने की सही आदत अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।कार्यक्रम का संचालन जिला संघ जबलपुर के निर्देशन में किया गया, जिसमें सहायक राज्य संगठन आयुक्त श्री ललित कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी, तथा अन्य गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सोनल तिवारी एवं श्रीमती श्रेया तिवारी के मार्गदर्शन तथा गाइड कैप्टेन किरण येवले के नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।गाइड कैप्टेन अंकिता तिवारी, पूजा श्रीवास, रीना कोरी व रिंकू शाह का आयोजन में विशेष सहयोग रहा। विद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए इस जनजागरूकता पहल को सफल बताया।

## पुरानी रंजिश पर युवक को डंडा मारा

**जबलपुर,** । मझगवां थानान्तर्गत कल अपने साथी के मोटर साइकिल से घर लौट रहा युवक जैसे ही घर के सामने से निकला तभी पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला ने उसके सिर में डंडा मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद महिला ने युवक को दुबारा घर के सामने से निकलने पर जान से मारने की धमकी दी है। मझगवां पुलिस ने बताया कि मझवां निवासी सिद्धार्थ वर्मा मजदूरी करता है कल वह अपने साथी वासू की मोटर साइकिल से वासू नामदेव का पंखा लेकर घर लौट रहा था जैसे ही वह नीता चक्रवर्ती के घर के सामने से निकला नीता ने उसके सिर पर पुरानी रंजिश को लेकर डंडे से हमलाकर गंभीर चोटें पहुचायी आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## मप्र स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एवं इंकलाइन बेंच प्रेस चैंपियनशिप संपन्न

### राष्ट्रीय स्तर के लिए खिलाड़ियों का चयन

जबलपुर।

मध्य प्रदेश स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एवं इंकलाइन बेंच प्रेस चैंपियनशिप एवं नेशनल सिलेक्शन ट्राइल प्रतियोगिता साईं बारात घर सैनिक सोसाइटी में संपन्न हुआ जिसमें जिले सागर , रीवा ,उमरिया ,कटनी भोपाल, नरसिंहपुर ,जबलपुर जिला ,जबलपुर कॉर्पोरेशन, विद्युत मंडल एवं शिक्षण संस्थान के महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने हिसा लेकर अपना स्थान साहिल किया विजेता खिलाड़ी आगामी 10 से 13 नवंबर गंगटोक सिक्किम में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने इसके परिणाम कुछ इस प्रकार है




स्ट्रेंथ लिफ्टिंग सब जूनियर चैंपियन ऑफ चैंपियन आर्यन लोधी, जूनियर काव्यांश जैन ,सीनियर सुमित ठाकुर , मास्टर अनिल पटेल इंकलाइन बेंच प्रेस सबजूनियर याद पटेल ,जूनियर बादल परिहार सीनियर परवेज खान ,मास्टर राजा बावरिया महिला वर्ग जूनियर आकृति विश्वकर्मा, सीनियर रेहाना वारसी, स्ट्रेंथ लिफ्टिंग जूनियर प्रियंका यादव ,सीनियर रेहाना वारसी प्रतियोगिता में मुख रूप से मध्य प्रदेश एसोसिएशन के संस्थापक श्री सतीश यादव प्रदेश की सचिव श्रीमती सावित्री यादव आयोजन सचिव हर्ष गोस्वामी, मोहिमद नईम, रेफरी गुरुचरण श्रीवास्तव, लॉरेंस मार्टिन ,अमित सोनकर , प्रदीप पटेल , श्रजल सिंह अक्षय दीवान ,राहुल जैन, इंद्रकांत आदि उपस्थित रहे।



## राज्य स्तरीय जूनियर कुराश प्रतियोगिता में मानकुंवारी हंसा स्कूल बरेला का स्वर्णिम प्रदर्शन

**जबलपुर।** जबलपुर - 11वीं मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय जूनियर कुराश प्रतियोगिता का आयोजन प्रखर मैरिज गार्डन गोटेगांव जिला नरसिंहपुर में जिले में दिनांक 11 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किया गया । प्रतियोगिता में मानकुंवारी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला के कुराश खिलाड़ी खुशी यादव, श्री दुबे, राज चक्रवर्ती ने प्रतियोगिता में अपने आयु एवं वजन में अपने प्रतिद्वंद्वियो को हराकर राज चक्रवर्ती ने स्वर्ण पदक , खुशी यादव ने रजत पदक, श्री दुबे ने कांस्य पदक अर्जित करने में सफल रहे । खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर मानकुंवारी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला शाला संचालक समिति सचिव एस मसीह, शाला संचालक वैभव जोशुवा, प्राचार्या श्रीमती नम्रता जोशुवा,मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडिया संस्थापक अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षक राजकुमार यादव, संयुक्त सचिव जयराज चौधरी ने शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी । समस्त खिलाड़ी मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी के संस्थापक अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षक राजकुमार यादव के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं ।



## राम जानकी अलंकार रत्न से धनंजय वाजपेई सम्मानित

**जबलपुर।** धनुष यज्ञ रामलीला समिति सदर प्रचार मंत्री धनंजय बाजपेई को राम जानकी अलंकार रत्न सम्मानित , उज्जवल भविष्य कामना , इस अवसर पर सीताराम कुरचानिया संदीप चौकसे , बताया सनातन संस्कृति स्वयंभू है श्रेष्ठ धर्म है मानव धर्म सनातन से उत्पन्न हुआ है मनोहर अग्निहोत्री ने कहा राम जगत के पालनहार हैं अभिषेक चौकसे ने बताया सनातन एक जीवन है डॉक्टर शंकर पांडे दिनेश शुक्ला बन्नी महावर शिवदत्त चौबे, नरेश तिवारी शिव शंकर मिश्रा संतोष तिवारी प्रवण अवस्थी प्रकाश सोनी राहुल रजक विजय ठाकुर ओम प्रकाश पाठक सतीश पाठक आदेश दीक्षित अरुण तिवारी प्रमोद तिवारी आकाश नायडू संतोष पटेल आदि उपस्थित थे

## वदीपावली पर्व के पहले एरियर्स की समस्त राशि का भुगतान किया जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की दीपावली का त्योहार करीब है परंतु अभी तक मंहगाई भत्ते के एरियर्स की समस्त बकाया राशि का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है जिससे कर्मचारी अपने को ठगा सा महसूस कर रहा है जबकि इस मंहगाई के दौर में हर कर्मचारी को पैसों की जरूरत होती है ऐसे में यदि कर्मचारियों को एरियर्स की बकाया राशि का भुगतान किया जाता है तो वे अपना सबसे बड़ा दीपावली महापर्व अच्छे से मना सकेंगे 1 अतः संगठन कलेक्टर महोदय से मांग करता है की मंहगाई भत्ते के एरियस की बकाया राशि का भुगतान अतिशीघ्र किया जाए1 संगठन के प्रदेश अध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, रऊफ खान, राजेश सहारिया, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, राजकुमार यादव, फिलिप एंथोनी, विनोद सिंह, एनोस विक्टर, गोपिशाह, धनराज पिल्ले, सुरेंद्र चौधरी, सुधीर अवधिया, मक़सूद कादरी, संतोष चौरसिया, आशीष कोरी आदि ने मांग की है।

## कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना में आवेदन की तिथि 31 तक

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत आवेदन भरने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2025 से बढ़ाकर 31 अक्टूबर 2025 कर दी गई है । इस योजना में कंपनी के नियमित, संविदा, वर्क चार्ज एवं पेंशन प्राप्त कार्मिक आवेदन कर सकते हैं । कार्मिकों से कंपनी ने अनुरोध किया है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन माध्यम से अपने आवेदन पत्र भरना सुनिश्चित करें। कंपनी प्रबंधन ने सभी विभाग प्रमुखों एवं मैदानी कार्यालयों को निर्देशित किया है कि वे अपने अधीनस्थ समस्त पात्र कर्मचारियों को इस तिथि विस्तार की सूचना उपलब्ध कराएं ताकि कोई भी कार्मिक इस योजना का लाभ लेने से वंचित न रह जाए ।

## पावर मैनजमेंट कंपनी के 4 कार्मिकों को मिला समयमान वेतनमान

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के चार कनिष्ठ शीघ्रलेखकों को 35 वर्षीय समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान किया गया है। कंपनी द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए। पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा अब तक 108 कार्मिकों के समयमान वेतनमान के आदेश जारी किए गए हैं। पावर मैनेजमेंट कंपनी के जिन कार्मिकों को चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान किया गया है उनमें कनिष्ठ शीघ्रलेखक नितिन अत्रे, अनिल कुमार ठाकरे, ब्रजेन्द्र भूषण खम्परिया व कमला शंकर पाण्डेय शामिल हैं।

## नैमिषारण्य में एक पग रखने से मिलता है अश्वमेघ यज्ञ का पुण्य

### डॉ. तिवारी की कृति 'नैमिषारण्य - जहां समय चक्र ठहर गया' का विमोचन

**जबलपुर।** वेद व्यास धाम नैमिषारण्य के पीठाधीश्वर पंडित अनिल कुमार शास्त्री ने कहा कि पद्म पुराण के अनुसार नैमिषारण्य तीर्थ में केवल एक पग रखने मात्र से एक अश्वमेघ यज्ञ करने के बराबर पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि गंगा स्नान के लिए चार कोश, काशी में दो कोष और कुरुक्षेत्र में एक कोष पैदल चलने पर एक अश्वमेघ यज्ञ का फल मिलता है, लेकिन नैमिषारण्य में केवल एक कदम रखने से ही यह पुण्य प्राप्त हो जाता है।




पंडित शास्त्री यह उद्गार डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी की नवीनतम कृति 'नैमिषारण्य - जहां समय चक्र ठहर गया' के विमोचन समारोह में व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने नैमिषारण्य तीर्थ की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सतयुग में जब नागराज यहां यज्ञ कर रहे थे, तब कलयुग ने प्रवेश करने का प्रयास किया। क्रोधित होकर नागराज ने कलयुग को श्राप दिया कि जब भी कलयुग नैमिषारण्य में प्रवेश करेगा, उसकी समस्त शक्तियां क्षीण हो जाएंगी। उस श्राप का प्रभाव आज भी विद्यमान है।

इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने अपनी कृति के बारे में बताते हुए नैमिषारण्य तीर्थ से जुड़े अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने पुराणों में वर्णित अनेक धार्मिक कथाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। मंच पर इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती अर्चना तिवारी भी मंचासीन थी।इस अवसर पर जबलपुर की प्रमुख साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया।

## 16 नवंबर को जबलपुर में तीसरे संस्करण का आयोजन

# सूर्या हाफ मैराथन 2025 के लिए पंजीकरण खुले

**जबलपुर।** सूर्या कमांड के अंतर्गत मुख्यालय मध्य भारत एरिया द्वारा 16 नवंबर 2025 को जबलपुर में होने वाले तीसरे संस्करण "सूर्या हाफ मैराथन" के लिए व्यापक पंजीकरण आमंत्रित किए जा रहे हैं। इस मैराथन में विभिन्न दौड़ श्रेणियां 21 किमी (हॉफ मैराथन), 10 किमी, 05 किमी और 03 किमी निर्धारित की गयी हैं। प्रत्येक श्रेणी को विभिन्न आयु वर्ग में विभाजित किया गया है। इस रोमांचक मैराथन का अधिकतर रूट जबलपुर शहर के हरे-भरे वातावरण और प्रसिद्ध स्थलों से होते हुए गुजरेगा। पिछले दो आयोजनों की सफलता और 20 सितंबर 2025 को आयोजित एक जोशीले शहरव्यापी प्रोमो रन के आधार पर, महाकौशल क्षेत्र से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह मैराथन महाकौशल और मध्य प्रदेश राज्य में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में सूर्या हाफ मैराथन की व्यापक लोकप्रियता के कारण, श्रृंखला में 03 प्रोमो रन15 अक्टूबर को चंडीगढ़ और कानपुर में और 16 अक्टूबर 2025 को पटना में प्रोमो रन आयोजित किए जाएँगे। सूर्या हाफ मैराथन 2025, फिटनेस और नागरिक-सैन्य सद्भाव को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए ₹अपनी भावना को ऊर्जा दें, उनके साहस का सम्मान करें₹ थीम को आगे बढ़ा रहा है। कई प्रसिद्ध खेल हस्तियों, डॉ. सुनीता गोदारा, प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मैराथन धावक, एशियाई मैराथन चैंपियन, ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा और सूर्या हाफ मैराथन 2025, फिटनेस और नागरिक-सैन्य सद्भाव को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए अपनी आत्मा को ऊर्जा दें, उनके साहस का सम्मान करें₹ थीम को आगे बढ़ा रहा है। कई प्रसिद्ध खेल हस्तियों और नागरिक गणमान्य व्यक्तियों ने पंजीकरण कराया है और भाग लेने के लिए तैयार हैं, जिससे इस आयोजन के समावेशी और समुदाय-प्रथम सिद्धांत को और बल मिलेगा।

**सरनेम सुधार सूचना**

मेरा नाम नीलू गोस्वामी पति श्री प्रीतम गोस्वामी, निवासी-म.नं. 970, नागपुर रोड, शास्त्री नगर, त्रिपुरी वॉर्ड, सगड़ा, जबलपुर, (म.प्र.) की निवासी हूँ। यह कि मेरा नाम पुराना नाम आरती है, जो कि मेरे आधार कार्ड व पेन कार्ड में दर्ज है। मेरा वर्तमान नाम नीलू गोस्वामी है जो कि मेरे आधारकार्ड एवं पेनकार्ड में दर्ज है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम नीलू गोस्वामी के नाम से जाना एवं पहचाना जाये ।

पुराना नाम- आरती
नया नाम- नीलू गोस्वामी

**सरनेम सुधार सूचना**

मै, राज कुमार कनौजिया पिता श्री गिरधारी लाल कनौजिया, निवासी-1912, साउथ सिविल लाईन के पीछे, थाना सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) का का निवासी हूँ । यह कि मेरे पुत्र युवराज कनौजिया (YOUVRAJ KANOJIYA) उम्र 13 वर्ष केन्द्रीय विद्यालय सी.एम.एम. जबलपुर में कक्षा 9वीं का नियमित छात्र है। यह कि मेरे पुत्र के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा एवं मेरी पत्नी का सरनेम रजक (RAJAK) दर्ज है। जबकि मेरे एवं मेरी पत्नी के आधार कार्ड व अन्य समस्त दस्तावेजों में सरनेम कनौजिया (KANOJIYA ) दर्ज है। यह कि मेरे पुत्र के समस्त शैक्षणिक दस्तोवज एवं आगे के दस्तावेजों में मेरा एवं मेरी पत्नी का सरनेम कनौजिया (KANOJIYA) दर्ज किया जावे।

**In The Court Of IX Judge Class-I, District Court, Jabalpur**
**Presiding Officer:द्वारिका प्रसाद सूत्रकार**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत) (RCS A/0001213/2025)
रोहणी श्रीवास्तव..वादी Vs पुलिस अधीक्षक..प्रतिवादी
Process Id-/2025
पेशी दिनांक:-27/11/2025
प्रेषिती-(1) आम जनता पता-जबलपुर मध्यप्रदेश

यह कि प्रार्थी रोहणी श्रीवास्तव ने आपके विरूद्ध आरसीएस ए दावा वास्ते सिविल मृत्यु की घोषणार्थ बावद के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो अपील की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 10 October 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

मुद्रा न्यायाधीश (डी.पी. सूत्रकार)
नवम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड जबलपुर (म.प्र.)
कृपया ध्यान दे:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# होंडा मोटर साइकल और स्कूटर इंडिया ने सेफ्टी कन्वेंशन आयोजित किया




**जबलपुर।** होंडा मोटरसाइकल और स्कूटर इंडिया ने मध्य प्रदेश के जबलपुर में रोड सेफ्टी कन्वेंशन का आयोजन किया, जिसमें 120 से अधिक स्कूलों के प्रिंसिपल और शिक्षक शामिल हुए। यह पहल एचएमएसआई की चल रही परियोजना 'माइंडसेट डेवलपमेंट फॉर आवर फ्यूचर जनरेशन' का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य बच्चों में शुरू से ही सुरक्षित सड़क व्यवहार विकसित करना है।

यह कन्वेंशन श्री बैजनाथ प्रजापति (उप पुलिस अधीक्षक, ट्रैफिक, जबलपुर), श्री घनश्याम सोनी (जिला शिक्षा अधिकारी, जबलपुर), श्री संजय मेहरा (एडिशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, जबलपुर) और श्री प्रभु नागराज (ऑपरेटिंग ऑफिसर, कॉर्पोरेट अफेयर्स, होंडा मोटरसाइकल और स्कूटर इंडिया) की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया।

सत्रों के दौरान शिक्षकों को 'किड्स माइंडसेट चेंज अवेयरनेस मॉड्यूल्स' से परिचित कराया गया, जो उन्हें छात्रों में सुरक्षित सड़क व्यवहार विकसित करने के तरीकों पर मार्गदर्शन देने के लिए तैयार किए गए हैं। इस कन्वेंशन का उद्देश्य स्कूलों को इन मॉड्यूल्स को अपनी शिक्षण प्रक्रिया में शामिल करने के लिए प्रेरित करना है, ताकि सड़क सुरक्षा का संदेश छात्रों तक प्रभावी रूप से पहुँचाया जा सके।

एक समर्पित पोर्टल के माध्यम से स्कूल इन मॉड्यूल्स को नियमित रूप से एक्सेस और उपयोग कर सकेंगे। कंटेंट को समय-समय पर अपडेट किया जाएगा ताकि सभी छात्रों को लगातार सड़क सुरक्षा के सही अभ्यासों की जानकारी मिलती रहे। स्कूलों को यह सुविधा भी दी गई है कि वे इन सत्रों को लाइव-स्ट्रीम कर सकते हैं या डाउनलोड कर सकते हैं। ये मॉड्यूल्स कई भाषाओं में उपलब्ध हैं, जिससे स्कूल अपनी सुविधा अनुसार इनका उपयोग कर सकें।

## डब्ल्यूडी ब्लू एसएन 5100 एनवीएमई एसएसडी लांच

**भोपाल।** सैनडिस्क ने भारत में डब्ल्यूडी ब्लू एसएन5100 एनवीएमई एसएसडी पेश की है। क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स के लिए बनाई गई यह एसएसडी परफॉर्मेंस के मामले में नए मानक स्थापित करती है। इसे एआई वर्कफ्लो में तेजी लाने, भारी प्रोडक्टिविटी टास्क संभालने और 4के एवं 8के वीडियो एडिटिंग को स्ट्रीमलाईन करने के लिए बनाया गया है। इसमें सैनडिस्क बीआईसीएस8 क्यूएलसी 3डी सीबीए एनएएनडी के साथ सैनडिस्क एनकैश 4.0 टेक्नोलॉजी दी गई है। डब्ल्यूडी ब्लू एसएन5100 एनवीएमई एसएसडी 7,100 एमबी/एस (1टीबी-2 टीबी मॉडल) तक की रीड स्पीड प्रदान करती है। यह 500जीबी से 4 टीबी तक की स्टोरेज क्षमता में उपलब्ध है।

# विश्व आयोडीन अल्पता दिवसः टाटा साल्ट ने शुरू की आयोडीन जागरूकता की मुहिम

**मुंबई।** देश के आयोडीन युक्त नमक के सर्वश्रेष्ठ ब्रांड, टाटा साल्ट ने इस साल विश्व आयोडीन अल्पता दिवस (डब्ल्यूआईडीडी-वर्ल्ड आयोडीन डेफिशियेंसी डे) के मौके पर, देश भर के बच्चों में आयोडीन की कमी से पैदा होने वाले विकारों (आईडीडी) से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।
देश के पहले ब्रांडेड आयोडीन युक्त नमक के रूप में, टाटा साल्ट आयोडीन के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। आयोडीन विशेष रूप से प्रारंभिक बचपन के दौरान मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण सूक्ष्म पोषक तत्व है।




आयोडीन युक्त नमक केवल सरकार द्वारा अनिवार्य किया गया आयोडीन युक्त पदार्थ से कहीं अधिक है जो हमारी रसोई में पाया जाता है। यह हमारे भोजन का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ कई तरीके से हमारे स्वास्थ्य में भी योगदान देता है। नमक का उपयोग व्यापक रूप से होता है, इसलिए यह सार्वभौमिक नमक आयोडीनीकरण (यूएसआई यूनिवर्सल सॉल्ट आयोडाइज़ेशन) कार्यक्रम के ज़रिये आयोडीन के मिश्रण का सबसे आम माध्यम बन गया है। यह आयोडीन अल्पता विकार (आईडीडी) को रोकने में सहायक रहा है।

## केनरा बैंक ऑफिसर्स एसो. ने केनपाल के बैनर तले वंचितों के साथ साझा किया दिपावली पर्व

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल




केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन, जबलपुर तथा भोपाल इकाई ने सीबीओए के जनरल सेक्रेटरी के रवि कुमार के मार्गदर्शन तथा ज्वाइंट जनरल सेक्रेटरी के के त्रिपाठी के नेतृत्व में केनपाल के बैनर तले सेवा आश्रय लाडली बसेरा मातृ छाया जबलपुर में इस वर्ष दिवाली को एक अनोखे अंदाज में मनाया। समाज की सच्ची सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए एसोसिएशन के सदस्यों ने जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के लोगों के साथ दिवाली का पर्व साझा किया। इस अवसर पर सदस्यों ने सेवा आश्रय में छात्राओं को सर्दी के बिस्तर का पूरा सेट तथा मिठाइयाँ, और पटाखे वितरित किए। सभी ने मिलकर न केवल उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी, बल्कि उन्हें यह अहसास दिलाया कि दिवाली की असली रोशनी तभी है जब खुशियाँ सभी तक पहुंचे। एसोसिएशन के के के त्रिपाठी ने कहा कि "सच्ची दिवाली वही है, जहाँ रोशनी हर घर तक पहुंचे और समाज के हर वर्ग को अपनेपन का अहसास हो। केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन ने इस पहल के माध्यम से यह संदेश दिया कि समाज सेवा और सहयोग की भावना ही पर्वों का वास्तविक उद्देश्य है। इस समाज सेवा कार्य में सेवा भारती के अध्यक्ष मुकेश तिवारी, सचिव किशोर, प्रचारक सुरेश अग्रवाल तथा सेवा भारती के अन्य पदाधिकारी एवं सीबीओए जबलपुर से रूपक कमल, दीपशिखा, अभिषेक, सत्यदीप , परितोष, पूर्णिमा त्रिपाठी, गीतांजलि, सनत, आलेख तथा भोपाल के सीबीओए से टी एन वेंडिया,हरि शंकर पाण्डे, पुष्कर पांडे तथा मनीष चतुर्वेदी थे।

## डीटीएच अभियान समझदार बनो, टाटा प्ले लगाओ पेश

**नई दिल्ली।** टाटा प्ले ने डीटीएच अभियान समझदार बनो, टाटा प्ले लगाओ पेश किया है। यह पारंपरिक विज्ञापन से बिल्कुल अलग है। इसमें एआई से बनाया गया एक समझदार उल्लू और एक बुद्धिमान गधा दिखाया गया है। यह ग्राहकों को मजेदार तरीके से टाटा प्ले के फायदों के बारे में बता रहा है। यह अभियान देश में टेलीविज़न के दर्शकों को बेजोड़ मूल्य प्रदान करने के वादे के बारे में बता रहा है। टाटा प्ले के ग्राहक 3,600 रुपए जमा करके पूरे मूल्य के मनोरंजन कार्यक्रम देख सकते हैं। उनके एक-एक पैसे के लिए उन्हें पूरा मनोरंजन मिलता है।

## फोनपे ने पेश किया नेक्स्ट-जेन स्मार्ट स्पीकर

**नई दिल्ली।** फोनपे ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में अपना नेक्स्ट-जेन स्मार्टस्पीकर फोनपे स्मार्टस्पीकर लांच किया। यह नया हाइब्रिड डिवाइस मर्चेंट और ग्राहकों, दोनों के लिए पेमेंट की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इंडस्ट्री इवेंट में इसको लांच करना दिखाता है कि फोनपे, भारतीय मर्चेंट के लिए व्यावहारिक समाधान विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह नया मॉडल पहले के स्मार्टस्पीकर का अपग्रेड है, जिसमें कोई यूपीआई पेमेंट मिलने पर ऑडियो अलर्ट मिलते थे।

## टैक्स लॉ बार एसो. ने किया उच्च न्यायालय के निर्णय का स्वागत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को आदेश दिया कि ऑडिट के प्रकरणों में आयकर विवरणी प्रस्तुत करने की तारीख 30 नवंबर तक बढ़ाने की अधिसूचना शीघ्र जारी करें एवं 16 अक्टूबर को इसकी जानकारी कोर्ट में प्रस्तुत करें । याचिका कर्ता ने आयकर कानून की धारा 44 ए बी के प्रावधानों के विषय में कोर्ट को बताया जिसके अनुसार ऑडिट करवाने की आखिरी तिथि से विवरणी प्रस्तुत करने की तिथि में एक माह का अंतर होना चाहिए। बोर्ड द्वारा ऑडिट करवाने की तिथि 30 सितंबर से बढ़कर 31 अक्टूबर कर दी गई थी परंतु साथ में विवरणी प्रस्तुत करने की तिथि नहीं बढ़ाई गई थी। अदालत ने पिछले 5 वर्षों की तारीखों की जांच की एवं पाया कि हमेशा यह अंतर एक माह या उससे अधिक ही रहता है । विभाग द्वारा कहा गया कि इस विषय में अक्टूबर माह के आखिर में विचार किया जाएगा। परंतु अदालत ने बोर्ड को स्पष्ट निर्देश देते हुए तिथि बढ़ाने की अधिसूचना जारी करने का आदेश दिया। टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मृदुल आर्य ने उच्च न्यायालय के इस निर्णय का स्वागत किया एवं कहा कि ऑडिट की तिथि के साथ ही प्रत्यक्ष कर बोर्ड को विवरणी की तिथि में भी वृद्धि कर देना चाहिए थी, ताकि कर सलाहकार अनावश्यक रूप से परेशान ना हो। अक्टूबर माह में देश का सबसे बड़ा त्योहार दीपावली है।

# आयकर विवरणी प्रस्तुत करने की तारीख 30 नवंबर करने के निर्देश




टोल प्लाज़ा पर लंबी कतारों से मिलेगा छुटकारा

# जियो पेमेंट्स बैंक 'एडवांस इलेक्ट्रोनिक टोल कलेक्शन' का करेगा इस्तेमाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई



जियो पेमेंट्स बैंक को फ़ास्टैग ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन पर आधारित मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोल कलेक्शन सिस्टम को लागू करने के लिए दो टोल प्लाज़ा का कॉन्ट्रैक्ट मिला है। जियो पेमेंट्स बैंक, एक डिजिटल-फर्स्ट पेमेंट्स बैंक है और जियो फ़ाइनेंशियल सर्विसेज़ लिमिटेड की सहायक कंपनी है। इसे गुरुग्राम-जयपुर के बीच शाहजहांपुर और मनोहरपुरा में प्रबंधन के लिए दो टोल प्लाज़ा मिले हैं । मल्टीलेन, फ्री फ्लो टोलिंग सिस्टम, टोल वसूल करने का एक तरीका है जिसमें वाहन की पहचान कर उसे क्लासिफ़ाई करना और टोल चार्ज करना शामिल है। इस नई व्यवस्था में टोल प्लाज़ा पर गाड़ियों को रोकने, धीरे करने या किसी तय लेन में जाने की जरूरत नहीं पड़ती। वाहनों से टोल चार्ज करने के लिए रेडियो फ़्रीक्वेंसी की पहचान, एएनपीआर, डेडिकेटेड शॉर्ट रेंज कम्युनिकेशन और ग्लोबल नैविगेशन सैटेलाइट सिस्टम का इस्तेमाल किया जाता है। इस तकनीक के इस्तेमाल से वाहनों को टोल प्लाज़ा पर रुकना नहीं पड़ेगा और यातायात सुचारु रूप से चलता रहेगा। जियो पेमेंट्स बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ विनोद ईश्वरन ने कहाकि हमारा मिशन हर पेमेंट को डिजिटल बनाना, ढांचागत सुविधाओं को देश के कोने-कोने में पहुंचाना और देश के नागरिकों को बेहतर फाइनेंशियल सर्विस देना है। हम मोबिलिटी की क्षमता को लगातार बढ़ा रहे हैं ताकि टोल वसूल करने का काम बेहतर तरीके से किया जा सके।

# भारत में ईवी क्षेत्र एक बड़ा बदलाव लाने वाली ताकत बनकर उभरा : जूनो इंश्योरेंस



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक वाहन का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले वर्षों में इसके और बढ़ने की उम्मीद है। लोग पर्यावरणीय चिंताओं, सरकारी प्रोत्साहनों और नई तकनीक के कारण इलेक्ट्रिक वाहन खरीद रहे हैं। इस बदलाव की वजह से बीमा उद्योग में भी नया अवसर बन रहा है, जहां विशेष और जरूरत के अनुसार बनाए गए उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं, ताकि ईवी मालिकों की विशेष जरूरतें को पूरा किया जा सके। यह बात जूनो जनरल इंश्योरेंस की मुख्य उत्पाद अधिकारी पूजा यादव ने कही। पूजा ने कहा कि आईइए ग्लोबल ईवी आउटलुक दुनिया भर में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री पिछले साल की तुलना में 25 फीसदी बढ़ी हैं। भारत में इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र एक बड़ा बदलाव लाने वाली ताकत बनकर उभरा है, इसका मूल्य अब 100 अरब डॉलर से अधिक है और यह देश की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान दे रहा है।

## उत्सव गोल्ड के राजस्व में 65 फीसदी की वृद्धि

**मुंबई।** उत्सव सीजेड गोल्ड ज्वेल्स लिमिटेड वित्त वर्ष 26 की पहली छमाही में घरेलू मांग में मजबूती और निरंतर निर्यात प्रदर्शन के कारण साल-दर-साल 65 फीसदी से अधिक की मजबूत राजस्व वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने दशहरा, धनतेरस और दिवाली के त्योहारों के लिए नवोन्मेषी, डिज़ाइन-आधारित कलेक्शंस पर लगातार ध्यान केंद्रित किया, जिससे ग्राहक जुड़ाव और ब्रांड की स्थिति मजबूत हुई। उत्सव ने 18कैरेट और चयनित 14कैरेट शुद्धता में प्राकृतिक और लैब-उगाए हीरों की ज्वेलरी में भी अपने उत्पादों का विस्तार किया।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** – मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** – आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** – वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** – परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

# मंत्री के निज सचिव की पत्नी ने सड़क पर काटा केक, हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निज सचिव राजेंद्र दास ने अपनी पत्नी का बर्थडे सड़क पर सेलीब्रेट किया। पत्नी ने सड़क पर लग्जरी कार की बोनट पर केक काटा, फिर जमकर आतिशबाजी भी की। इस पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। सरकार को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायाधीश अमितेंद्र प्रसाद की खंडपीठ ने सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री इस पर संज्ञान लेकर कार्रवाई करें। साथ ही सरकार को भी कहा कि ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करें।कोर्ट में छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से पक्ष रखने वाले महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की गई है। हालांकि राजेंद्र दास की पत्नी को मुचलके पर छोड़ दिया गया था। ध्यान रहे कि भाजपा नेता राजेंद्र दास की पत्नी का यह बर्थडे सेलिब्रेशन का वीडियो गुरुवार रात का बताया जा रहा है।

**सरकार-स्वास्थ्य मंत्री को निर्देश, कहा-ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करिए**




### मंत्री के पीए और पत्नी गिरफ्तार, मुचलके पर रिहा

मामला जब तूल पकड़ने लगा तो चिरमिरी पुलिस ने स्वास्थ्य मंत्री के पीए राजेंद्र दास और उनकी पत्नी एलिस दास को इस मामले में गिरफ्तार कर मुचलका पर रिहा किया है। चिरमिरी पुलिस ने यह जानकारी दी।

### कांग्रेस ने शेयर किया था वीडियो

कांग्रेस ने सड़क पर बर्थडे सेलिब्रेशन का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। साथ ही पूछा कि क्या हाईकोर्ट का नियम सिर्फ आम जनता के लिए है, भाजपा नेताओं और उनके सहायकों पर नियम लागू नहीं होता क्या? कांग्रेस ने लिखा था कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निज सचिव राजेंद्र दास, जो खुद भाजपा नेता भी हैं। सड़क पर खुलेआम पत्नी का जन्मदिन मना रहे हैं।

## शब्द पहेली - 6020



**बाएँ से दाए**
1. असह्य,नागवार-5
4. कली-3
6. पराया,पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी,सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल,धोखा-3
16. पक्षी,उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा,पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत,मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल,जान-2
27. रसदार-3
28. जगत,दुनिया-2
29. नग,मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र,राधेय-3
5. वश,अधीन-2
7. संपूर्ण,पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली,शुद्ध-3
13. हठ करना,रोना -4
15. हारा हुआ,पराजित-3
16. मशवरा,सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना,स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी,चित-2
28. संपत्ति-2

### शब्द पहेली - 6019 का हल



## सूडोकू नवताल - 6030

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 6029 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |



होम क्लीनिंग या घरेलू काम के दौरान पानी और डिटर्जेंट के संपर्क में ज्यादा रहने से पेरोनाइकिया इंफेक्शन होने का रिस्क रहता है। इसकी क्या वजहें हैं, इसके लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में बता रहे हैं विस्तार से।

# होम क्लीनिंग के दौरान ना बरतें लापरवाही

**प्रिकॉशन**

**शिखर चंद जैन**




दीपावली से पहले हर घर में साफ-सफाई, बरतन, कपड़े आदि धोने के लिए बार-बार पानी का इस्तेमाल करना पड़ता है। इस कारण हाथ या पैर की अंगुलियों में फंगल और बैक्टीरियल इंफेक्शन होने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। इस इंफेक्शन के कारण होने वाला रोग है पेरोनाइकिया। चूंकि होम क्लीनिंग के काम ज्यादातर महिलाएं करती हैं, इसलिए इससे महिलाओं के इंफेक्टेड होने की आशंका अधिक होती है।

**क्या है पेरोनाइकिया:** पेरोनाइकिया या पेरोनिसिया त्वचा का इंफेक्शन है, जो नाखूनों के चारों तरफ होता है। इस इंफेक्शन का कारण बैक्टीरिया या यीस्ट का एक प्रकार (जिसे कैंडिडा कहा जाता है) है। यह इंफेक्शन बैक्टीरिया और यीस्ट के मेल से भी होता है।

**पेरोनाइकिया के प्रकार:** यह मूल रूप से दो प्रकार का होता है।





**एक्यूट पेरोनिसिया:** इस तरह के पेरोनिसिया एकदम से होता है और लंबे समय तक रहता है, खासतौर पर यह अंगुलियों में होता है।

**क्रॉनिक पेरोनिसिया:** क्रॉनिक पेरोनिसिया, अंगुलियों और अंगूठे दोनों में हो सकता है। यह या तो जल्दी ठीक नहीं होता या होकर फिर हो जाता है।

**रोग का कारण:** इस समस्या के कई कारण हो सकते हैं। इस समस्या का एक कारण अपने नाखूनों को काटना या चबाना है लेकिन अधिकतर यह समस्या गीले में यानी पानी के संपर्क में अधिक समय रहने या केमिकल की उपस्थिति में काम करने के कारण होती है। पानी, डिटर्जेंट, साबुन, सोडा, तेल, मसाला और इरिटेंट चीजों के संपर्क में ज्यादा समय तक रहने पर हाथ, पैर की अंगुली के नाखून के पास क्युटिकल का धीरे धीरे क्षरण हो जाता है। कभी-कभी पूरा क्युटिकल समाप्त हो जाता है। क्युटिकल किरेटिन नामक प्रोटीन की एक सीलिंग होती है। यह नेल प्लेट और नेल फोल्ड के अग्रभाग को जोड़ता है। यह नाखून की जड़ों में किसी भी हानिकारक केमिकल, बैक्टीरिया, अवयव आदि को जाने से रोकता है। इसके क्षरण से केमिकल, बैक्टीरिया, फंगस आदि जमा होने लगते हैं। इससे त्वचा लाल होकर सूज जाती है। कई बार वहां मवाद भी भर जाता है। इसे पेरोनाइकिअस एब्सेस कहते हैं। इसके बढ़ जाने पर पायोजेनिक ग्रेनुलोमा होता है। इन कारणों से कभी हल्का तो कभी तेज दर्द होता है।

**डायबिटिक पेशेंट को ज्यादा खतरा:** डायबिटीज रोगियों में यह समस्या सेलुलाइटिस का रूप ले सकती है। यह समस्या स्टेफाइलोकोकस और कोरिनेफॉर्म बैक्टीरिया और कैंडाइडा फंगस के कारण होती है। अंगुली के बीच में पानी लगने के कारण कैंडिडा फंगस के कारण ही अंगुलियों के बीच में लाल सफेद चकत्ते हो जाते हैं। इसमें तेज खुजली भी होती है।

**सावधानी है जरूरी:** इस समस्या से बचने के लिए आप यहां बताई जा रही सावधानियां बरत सकते हैं।

- ज्यादा पानी के संपर्क में ना रहें।
- कपड़ा धोने और बरतन धोने के लिए दस्तानों का प्रयोग करें।
- शुरू में ही नेल क्युटिकल डैमेज को पहचान कर एंटी फंगल और एंटीबायोटिक क्रीम का उपयोग करें।
- नाखून मजबूत करने के लिए बायोटीन पोषक तत्व वाले फूड्स का सेवन करें।

**ट्रीटमेंट:** ऐसे इंफेक्शन के मामलों में डॉक्टर ओफ्लॉक्सासिन, ओरनीडाजॉल, एमॉक्सीक्लेम आदि एंटीबायोटिक दवाएं खाने के लिए देते हैं। ओरल एंटी-फंगल जैसे इंट्राकोनाजॉल, फ्लूकोनाजॉल आदि भी दी जाती है। इसके साथ ही एंटीबायोटिक और एंटी फंगल क्रीम भी दे सकते हैं। कोई भी दवा डॉक्टर की सलाह से ही सेवन करें। *

**(त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. किंशुक सामंत से बातचीत पर आधारित)**

## दीपावली स्पेशल

**अवेयरनेस**

बच्चे, युवा हों या बुजुर्ग सभी दीपावली पूरे उत्साह से सेलिब्रेट करते हैं। लेकिन सेलिब्रेशन के साथ अपनी सुरक्षा और हेल्थ केयर के बारे में कॉन्शास रहना जरूरी है। ऐसा न करने से आपको चोट लग सकती है या आपकी हेल्थ बिगड़ सकती है। खासतौर पर बच्चे और बुजुर्गों की हेल्थ को लेकर अधिक अवेयर रहना चाहिए। इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर्स आपको दे रहे हैं कुछ यूजफुल सजेशंस।

# दीपावली जरूर करें सेलिब्रेट हेल्थ की भी करें प्रॉपर केयर







दीपावली का त्योहार खुशियों और रोशनी का प्रतीक है। घरों में मिठाइयों और पटाखों की रौनक हर उम्र के लोगों को उत्साह से भर देती है। लेकिन इस दौरान पटाखों से होने वाले धुएं और ध्वनि प्रदूषण से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। इसलिए दीपावली में सुरक्षा और स्वास्थ्य का ध्यान रखना उतना ही जरूरी है, जितना उत्सव का आनंद लेना। खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

### स्किन-आइज की सुरक्षा

दीपावली में की जाने वाली आतिशबाजी से स्किन और आइज की सुरक्षा कैसे करें, इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-डर्मेटोलॉजी, **डॉ. संदीप अरोड़ा** कहते हैं, 'दीपावली पर फुलझड़ियों, रॉकेट, चकरी और अनार जैसी तमाम आतिशबाजियों से निकलने वाला धुआं, तेज चमक और उच्च ताप बच्चों और बुजुर्गों की आंखों और त्वचा दोनों के लिए हानिकारक हो सकता है। छोटे बच्चों की आंखें नाजुक होती हैं और बुजुर्गों की आंखें उम्र के साथ संवेदनशील हो जाती हैं, इसलिए इस दौरान विशेष सावधानी रखना बेहद जरूरी है। बच्चों को पटाखे जलाते समय सुरक्षात्मक चश्मा पहनने को कहें। जब वे पटाखे जलाएं या आतिशबाज़ी देख रहे हों तो इसमें लापरवाही ना बरतें, इसके लिए पैरेंट्स उनके साथ रहें। बुजुर्गों को भी धुएं और तेज रोशनी आवाज वाले क्षेत्रों से दूर रहने को कहें। अगर किसी की आंखों में धुआं, धूल या पटाखों की चमक से जलन, खुजली या लालिमा हो जाए तो तुरंत ठंडे पानी से आंखों को धोएं और लगातार समस्या बनी रहने पर डॉक्टर से संपर्क करें। इसके



साथ ही, पटाखों और धुएं से निकलने वाली गर्मी और रसायन बच्चों और बुजुर्गों की त्वचा को प्रभावित कर सकते हैं। खासकर अधजले हुए पटाखों के संपर्क में आने से जलन, लालिमा या सूखापन हो सकता है। इसलिए हाथों और खुले हिस्सों पर हल्का मॉयश्चराइज़र या हैंड क्रीम लगाना जरूरी है। पटाखे जलाने के बाद हाथों और चेहरे को अच्छे से धोना न भूलें। यदि त्वचा में लालिमा, खुजली या जलन बनी रहे तो तुरंत ठंडे पानी से साफ करें और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर की सलाह लें। इस तरह सावधानी बरतकर बच्चों और बुजुर्गों की आंखें और स्किन सुरक्षित रहेंगे और दीपावली का उत्सव बिना किसी स्वास्थ्य जोखिम के मनाया जा सकता है।'

### वायु प्रदूषण से करें बचाव

दीपावली पर पटाखों से निकलने वाला धुआं न केवल वातावरण में प्रदूषण बढ़ाता है, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों की सांस की सेहत पर भी असर डाल सकता है। इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, कानपुर में सीनियर कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी, **डॉ. संदीप कटियार** कहते हैं, 'छोटे बच्चों की फेफड़ों की क्षमता अभी पूरी तरह विकसित नहीं होती और बुजुर्गों के फेफड़े उम्र के साथ कमजोर हो सकते हैं। इसलिए इन दोनों को विशेष सावधानी बरतना जरूरी है। घर में हमेशा खिड़कियां और दरवाजे बंद रखें ताकि बाहर का धुआं अंदर न आए और घर के अंदर के वायु प्रदूषण को कम किया जा सके। अगर बाहर जाना अनिवार्य हो तो मास्क पहनना बेहद जरूरी है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए, ताकि हवा में मौजूद हानिकारक कण फेफड़ों में न जाएं। इसके साथ ही, दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। भोजन हल्का और पचने वाला होना चाहिए, जैसे दलिया, खिचड़ी, सलाद और फल, ताकि शरीर हाइड्रेटेड रहे और पाचन बेहतर हो। इस तरह की सावधानी से दीपावली के उत्सव का आनंद लेने के साथ-साथ सांस और फेफड़ों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है।'

### खान-पान और हाइड्रेशन

दीपावली में मिठाइयों और तली-भुनी चीजों का ज्यादा सेवन पाचन और शुगर लेवल को प्रभावित कर सकता है। इसलिए डाइट को लेकर कॉन्शस रहना जरूरी है। इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, जयपुर में कंसलटेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. रोहित शर्मा** सलाह देते हैं, 'बच्चों को कम मात्रा में मिठाई दें और तली-भुनी चीजों के बजाय भुने चने, मखाने या ड्राय फ्रूट्स खिलाएं। बुजुर्गों को भी सीमित मात्रा में मीठे और तले भुने व्यंजन खाने चाहिए। उनके लिए हल्का भोजन जैसे दाल, खिचड़ी, सलाद और फल बेहतर विकल्प हैं। उनके लिए दिनभर में 6-8 गिलास पानी पीना और नींद पूरी करना भी जरूरी है।'

### पटाखे जलाते समय रहें सावधान



**पटाखे दीपावली** का अहम हिस्सा हैं और हर उम्र के लोग इनका आनंद उठाते हैं। लेकिन इन्हें जलाते समय कुछ सुरक्षा नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है। बच्चों को कभी भी अकेले पटाखे जलाने न दें और हमेशा जिम्मेदार वयस्क की निगरानी में आतिशबाजी करने को कहें ताकि कोई दुर्घटना या चोट न लगे। फर्स्ट एड किट रेडी रखें। आतिशबाज़ियों को हमेशा खुली जगह और सुरक्षित दूरी पर जलाएं, ताकि आस-पास मौजूद लोग, बच्चे या घर के सामान सुरक्षित रहें। जलते पटाखों को हाथ में सीधे न पकड़ें और उन्हें कभी भी किसी सूखी घास, लकड़ी या ज्वलनशील वस्तु के पास न जलाएं, क्योंकि इससे आग लगने का गंभीर खतरा हो सकता है। बुजुर्गों और छोटे बच्चों को धुएं के सीधे संपर्क से बचाना बहुत जरूरी है, क्योंकि पटाखों का धुआं सांस की तकलीफ, एलर्जी और अस्थमा जैसी समस्याओं को बढ़ा सकता है। इसके अलावा, पटाखे जलाने के बाद जले हुए अवशेषों को तुरंत साफ कर देना चाहिए ताकि कोई गलती से उन पर पैर न रख दे या आग न लग जाए। इन सावधानियों का पालन करने से न केवल दीपावली का उत्सव सुरक्षित और आनंदमय बनता है, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा जा सकता है।

### इनका भी रखें ध्यान

दीपावली पर बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना बेहद जरूरी है। बच्चों को पटाखे जलाते समय सावधान रहने को कहें और हमेशा सुरक्षित दूरी पर रहें, इसके लिए पैरेंट्स एलर्ट रहें। बुजुर्गों को भीड़ और धुएं वाले इलाकों से दूर रहने को कहें। पटाखों और धुएं वाले क्षेत्र में संयम रखना जरूरी है ताकि कोई दुर्घटना या स्वास्थ्य



समस्या न उत्पन्न हो। किसी भी आकस्मिक चोट या जलन से निपटने के लिए घर में हमेशा फर्स्ट-एड किट, ठंडा पानी और बर्फ के पैक रखना चाहिए। अगर किसी को पटाखों या धुएं से जलन, या हल्की चोट लग जाए तो तुरंत गुनगुने पानी से प्रभावित हिस्से को धोएं और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से संपर्क करें। बच्चों को किसी भी स्थिति में डॉक्टर की सलाह के बिना दवा न दें, क्योंकि गलत दवा गंभीर परेशानी पैदा कर सकती है।

दीपावली का असली मजा तभी है, जब रोशनी के साथ सेहत भी बनी रहे। बच्चों और बुजुर्गों की आंखों और फेफड़ों की सुरक्षा, स्किन का ख्याल और संतुलित खान-पान का ध्यान रखना उतना ही जरूरी है, जितना पटाखों और मिठाइयों का आनंद लेना। सावधान रहें-सुरक्षित दीपावली मनाएं। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

**डॉक्टर्स एडवाइस**



**डॉ. सुदीप जैन**
**डायरेक्टर-स्पाइन सॉल्यूशंस इंडिया, दिल्ली**

स्पेशल: स्पाइन-डे, 16 अक्टूबर

हमारे शरीर का पूरा ढांचा रीढ़ की हड्डी यानी स्पाइन पर टिका होता है। लेकिन हाल के वर्षों में स्पाइन प्रॉब्लम्स के मामले बहुत तेजी से बढ़े हैं। इसकी वजहें, इसके रोगों के प्रकार, इनके लक्षण, उपचार और बचाव के तरीकों के बारे में यहां जानिए विस्तार से।

# स्पाइन हेल्थ के लिए लाइफस्टाइल रखें सही



रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) की समस्याओं के तमाम कारण हो सकते हैं, लेकिन अस्वास्थ्यकर जीवनशैली भी स्पाइन संबंधी समस्या का एक प्रमुख कारण है। दिनों-दिन रीढ़ से संबंधित समस्याएं दुनिया भर में बढ़ती जा रही हैं और भारत भी इसका अपवाद नहीं है। सच तो यह है कि रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) पर हमारे शरीर की बुनियाद खड़ी होती है। स्पाइन के तीन प्रमुख भाग हैं। पहला, सर्वाइकल (गर्दन), दूसरा थोरेसिक (छाती) और लंबर (कमर का निचला भाग)। स्पाइन में स्थित तंत्रिकाएं (नर्व) दिमाग से संपूर्ण शरीर तक संदेश पहुंचाती हैं। बावजूद इसके, आमतौर पर लोग स्पाइन के स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते।

**स्पाइन प्रॉब्लम्स के लक्षण:** कमर में दर्द और जकड़न महसूस करना। अधिकतर मामलों में यह दर्द कमर के निचले हिस्से यानी लंबर में ज्यादा होता है। गर्दन में जकड़न या दर्द। अनेक लोगों में कमर और गर्दन से संबंधित दर्द दिन की बजाय रात में ज्यादा होता है। कुछ लोग दर्द की समस्या कमर से लेकर कूल्हों तक महसूस करते हैं। अनेक लोगों में व्यायाम करने के बाद या फिर चलने-फिरने की स्थिति में कमर व गर्दन दर्द की समस्या बढ़ जाती है।

**समस्याओं के कारण:** अस्वास्थ्यकर जीवनशैली, जिसके अंतर्गत व्यायाम न करना, मोटापा और गलत खान-पान आदि कई कारण शुमार हैं। इन दिनों स्पाइन संबंधी समस्याओं का एक प्रमुख कारण है गलत पोस्चर्स में बैठना, लेटना। आमतौर पर लोग लैपटॉप या कंप्यूटर पर कार्य करते समय या टेलीविजन देखते वक्त रीढ़ की हड्डी को नेचुरल कर्व में नहीं रखते। एक उम्र के बाद हड्डियों में क्षरण प्रक्रिया शुरू हो जाती है, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्ति का चलना-फिरना और उसकी सक्रियता कम होने लगती है। दिनों-दिन बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं और आनुवंशिक कारण भी हो सकते हैं।

**साइटिका या सियाटिका:** रीढ़ की हड्डी की यह समस्या शरीर की सबसे लंबी नस (नर्व), साइटिक से संबंधित है। साइटिका से संबंधित दर्द कमर के निचले हिस्से से शुरू होकर पैरों तक उतर जाता है। यह दर्द आमतौर पर मरीज के शरीर के एक तरफ वाले भाग जैसे बाएं भाग या दाहिने भाग को प्रभावित करता है। बेशक साइटिका का दर्द दूर हो सकता है। इसे दवाओं के अलावा बर्फ से सिंकाई करने, गर्म सेंक, स्ट्रेचिंग और फिजियोथेरेपी आदि से दूर किया जा सकता है। जब इन सब से मरीज को राहत नहीं मिलती तब सर्जरी का सहारा लिया जाता है।

**स्पाइनल कॉर्ड इंजरी:** जब किसी चोट, आघात या दुर्घटना के कारण 'स्पाइनल कैनाल' में स्थित नसों और कोशिकाओं को नुकसान पहुंचता है तो इसे स्पाइनल कॉर्ड इंजरी कहा जाता है।

**स्पाइनल अर्थराइटिस:** इस प्रकार के स्पाइनल ऑस्टियोअर्थराइटिस में कार्टिलेज को नुकसान पहुंचता है, जिसके कारण प्रभावित वर्टिब्रा, स्पाइन की अन्य वर्टिब्रा के संपर्क में आती है। नतीजतन, पीड़ित व्यक्ति को दर्द महसूस होता है।

**हर्निएटेड डिस्क:** प्रत्येक वर्टिब्रा के बीच डिस्क होती है, जिसके कारण एक वर्टिब्रा दूसरी से आपस में टकराती नहीं है। बावजूद इसके, कुछ कारणो से डिस्क पर प्रभाव पड़ता है और बहुत ज्यादा दबाव पड़ने पर डिस्क क्षतिग्रस्त हो सकती है। इसके कारण रीढ़ की हड्डी में दर्द उत्पन्न होता है।

**स्पाइनल स्टेनोसिस:** जब रीढ़ की हड्डी में मौजूद नसों की जगह सिकुड़ जाती है, तब इस स्थिति में नसों पर दबाव पड़ता है। इसके परिणामस्वरूप मरीज को दर्द, सुन्नता, झुनझुनी, हाथ व पैरों में कमजोरी आदि का एहसास होता है।

**स्कोलियोसिस:** इस समस्या में रीढ़ की हड्डी की बनावट में बदलाव आ जाता है। आमतौर पर बच्चों पर इसका प्रभाव ज्यादा पड़ता है।

**एंकिलोसिंग स्पॉन्डिलाइटिस:** इस समस्या में कमर के निचले भाग और कूल्हों की तरफ दर्द महसूस होता है। इसके अलावा यह दर्द शरीर के अन्य भागों में भी फैल सकता है।

इन समस्याओं से बचने के लिए यहां बताई जा रही बातें मददगार हो सकती हैं।

**संतुलित-पौष्टिक खाना:** हरी पत्तेदार सब्जियों को अपने आहार में वरीयता दें। पत्तेदार सब्जियों में विटामिंस और मैग्नीशियम पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं, जिनसे आपकी रीढ़ की हड्डी के समीप स्थित मांसपेशियां मजबूत होती हैं और रीढ़ की हड्डियां सशक्त बनी रहती हैं। जंक फूड्स और अत्यधिक चिकनाई युक्त खाद्य पदार्थ रीढ़ की सेहत के लिए नुकसानदेह हैं।

**डेयरी उत्पादों का सेवन:** अपने खान-पान में दूध, दही, पनीर, बटर, छाछ आदि को शामिल करें। दूध और इससे निर्मित उत्पादों में कैल्शियम पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, जो रीढ़ को मजबूत रखने में सहायक हैं। इसके अलावा खट्टे फल, बींस, नट्स और ड्राई फ्रूट्स का सेवन करें।

**फिश ऑयल:** फिश ऑयल ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होता है, जो आपकी रीढ़ और इससे संबंधित नाड़ियों (नर्व) को शक्ति प्रदान करता है और इसके साथ ही यह विटामिन-डी का भी अच्छा स्रोत है।

**जरूरी है योग-व्यायाम:** विभिन्न प्रकार के व्यायामों से स्पाइन में लचीलापन बना रहता और इनके समीप स्थित मांसपेशियां मजबूत रहती हैं। अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार व्यायाम करें। इस क्रम में फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लें। अपनी क्षमता के अनुसार नियमित रूप से टहलें, साइकिल चलाएं, स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करें और तैराकी भी कर सकते हैं। योगासन भी रीढ़ की हड्डी को लचीला और सशक्त बनाने में मदद करते हैं, किंतु इनकी शुरूआत किसी योग विशेषज्ञ के परामर्श से ही करें।

ऐसी समस्याओं से बचने के लिए कुछ और बातों पर गौर करें।

- ज्यादा समय तक सीधा खड़े रहने का प्रयास करें।
- अगर आपकी डेस्क जॉब है तो थोड़ी देर के बाद उठकर आस-पास टहल लें।
- बैठने के दौरान पीठ को सहारा दीजिए और पीठ के पीछे गद्दी रखें।
- देर तक सोफे पर या किसी अन्य फर्नीचर पर झुककर बैठने से बचें।
- खड़े होते समय कंधे झुके हुए न रहें, इन्हें सीधा रखें। गर्दन सीधी हो और सिर सीधा सामने की ओर रहे। ऐसी स्थिति में रीढ़ की हड्डी पर खिंचाव और दबाव नहीं पड़ता है। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**



# यूरोप से इंग्लैंड ने सबसे पहले बनाई जगह, अफ्रीकी और एशियाई दिग्गजों ने किया क्वालीफाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

फीफा फुटबाल विश्व कप 2026 के लिए तीन बड़ी टीमें- दक्षिण अफ्रीका, आइवरी कोस्ट और सेनेगल ने अपना टिकट पक्का कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने रवांडा को 3-0 से हराकर अपने क्वालीफाइंग ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। यह 2010 के बाद पहला मौका है जब दक्षिण अफ्रीका फीफा विश्व कप में हिस्सा लेगा। इस जीत के साथ ही नाइजीरिया को अपने ग्रुप में दूसरा स्थान मिला और उसे अब प्लेऑफ के जरिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा।

हालांकि नाइजीरिया ने बेनिन को उसके घरेलू मैदान पर विक्टर ओसिमेन की हैट्रिक की बदौलत 4-0 से हराया। उधर, आइवरी कोस्ट ने कीनिया पर 3-0 की जीत दर्ज कर सीधा क्वालिफिकेशन हासिल किया, जबकि सेनेगल ने मॉरिटानिया को 4-0 से हराकर लगातार तीसरी बार विश्व कप में जगह बनाई। वहीं यूरोप से इंग्लैंड फुटबॉल विश्वकप में क्वालीफाई करना वाला पहला देश है। एशियाई देशों में क्वालिफाई के चौथे दौर में कतर और सऊदी अरब ने अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान पर है।

### इटली, स्पेन ने भी बढ़ाई उम्मीदें

पिछले दो विश्व कप में जगह नहीं बना पाने वाला इटली अब प्लेऑफ में जगह पक्की कर चुका है। उसने इज़रायल को 3-0 से हराया और अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। नॉर्वे फिलहाल तीन अंक आगे है और गोल अंतर में बेहतर स्थिति में है। वहीं स्पेन ने बुल्गारिया को 4-0 से हराकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। स्पेन अब तुर्किये से तीन अंक आगे है, जिसने जॉर्जिया को 4-1 से मात दी।



### इंग्लैंड लगातार आठवीं बार खेलगा फीफा विश्व कप

इंग्लैंड ने लाटविया पर 5-0 की बड़ी जीत के साथ विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई किया और इस तरह यूरोप का पहला देश बना, जिसने टूर्नामेंट में जगह पक्की की। कप्तान हैरी केन ने पहले हाफ में दो गोल दागे, जिससे इंग्लैंड ने अपने ग्रुप में दो मैच शेष रहते शीर्ष स्थान सुनिश्चित कर लिया। इंग्लैंड अब लगातार आठवीं बार फीफा विश्व कप खेलेगा। जर्मन कोच थॉमस ट्यूशेल के नेतृत्व में इंग्लिश टीम ने अब तक क्वालिफाइंग के छह मैचों में एक भी गोल नहीं खाया है।

### कतर और सऊदी अरब की जगह पक्की

एशियाई क्वालिफायर के चौथे दौर में कतर और सऊदी अरब ने अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर विश्व कप 2026 में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। कतर ने दोहा में खेले गए मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 2-1 से हराया, जबकि सऊदी अरब ने जेद्दा में इराक के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला। दोनों टीमें अब एशिया से विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली सातवीं और आठवीं टीम बन गई हैं। कतर दूसरी बार विश्व कप में हिस्सा लेगा। पिछली बार वह मेजबान देश के रूप में खेला था। लेकिन इस बार कतर ने अपने दम पर क्वालीफिकेशन हासिल किया, जो उसके फुटबॉल इतिहास में एक नया अध्याय है। सऊदी अरब अब तक सातवीं बार विश्व कप में हिस्सा लेने जा रहा है। इससे पहले जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, उज्बेकिस्तान और जॉर्डन एशिया से जून में ही विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं।

## खबर संक्षेप



### ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए रोहित-विराट ने भरी उड़ान

**नई दिल्ली।** भारत के ऑस्ट्रेलियाई दौरे का आगाज 19 अक्टूबर से होना है और इसके लिए विराट कोहली व रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों सहित टीम इंडिया के कई खिलाड़ी रवाना हुए। टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली की बात करें तो इन दोनों ने पिछला वनडे मुकाबला भारत के लिए इसी साल मार्च माह में खेला था, जिसके बाद रोहित और विराट ने एक साथ टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। इसके चलते ये दोनों छह महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलते नजर आएंगे। ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम इंडिया एक दो नहीं बल्कि तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलती नजर आएंगे। इसकी शुरुआत 19 अक्टूबर से होनी है। पहला वनडे पर्थ में खेला जाएगा तो उसके बाद 23 अक्टूबर को दूसरा वनडे ऐडिलेड में तो तीसरा वनडे मैच 25 अक्टूबर को सिडनी में खेला जाएगा।

### नॉर्वे ने शुरू की शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर



**नई दिल्ली।** नॉर्वे शतरंज के आयोजकों ने बुधवार को टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर को शुरू करने की घोषणा की, जिसमें हर साल चार प्रतियोगिताएं होंगी और तीनों प्रारुप फास्ट क्लासिक, रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज में एक संयुक्त चैंपियन होगा। नॉर्वे शतरंज के सीईओ केजेल मैडलैंड ने बताया कि टूर्नामेंट के लिए अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के साथ एक दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह प्रतियोगिता 2027 से प्रत्येक साल आयोजित की जाएगी। मैडलैंड ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि यह (टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर) पूरे शतरंज कैलेंडर में सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक बन जाएगा।' उन्होंने कहा कि क्लासिकल प्रारुप में आयोजित होने वाली विश्व चैंपियनशिप और टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर एक साथ चलेंगे, क्योंकि इसे फिडे से मंजूरी मिल गई है।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ हर विकेट पांच विकेट जैसा

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल में समाप्त हुए दूसरे टेस्ट मैच में उन्होंने जो भी विकेट लिया वह उन्हें पांच विकेट जैसा लगा क्योंकि पिच गेंदबाजों के लिए अनुकूल नहीं थी। सिराज ने मंगलवार को समाप्त हुए मैच में तीन विकेट लिए, जिसमें भारत ने सात विकेट से जीत हासिल करके श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। अहमदाबाद में पहले टेस्ट में उन्होंने सात विकेट लिए थे। सिराज को इस शानदार प्रदर्शन के लिए भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।



## रणजी ट्रॉफी : किशन और साहिल ने की 150 रन की अटूट साझेदारी

# इशान ने संभाली पारी, ठोका शतक, झारखंड ने तमिलनाडु के खिलाफ बनाए 307 रन

एजेंसी ▸▸ कोयंबटूर

कप्तान इशान किशन के शतक से झारखंड ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मैच के पहले दिन बुधवार को तमिलनाडु के खिलाफ विषम परिस्थितियों से उबरते हुए छह विकेट पर 307 रन बनाए। भारतीय टीम में अपनी जगह गंवाने वाले किशन दिन का खेल खत्म होने पर 183 गेंद में नाबाद 125 रन बनाकर खेल रहे थे। साहिल राज 64 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। झारखंड पर 200 रन से कम पर सिमटने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन किशन और साहिल ने सातवें विकेट के लिए 150 रन की अटूट साझेदारी करके पारी को संभाला। तमिलनाडु की ओर से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने 51 रन देकर तीन विकेट चटकाए। एक दशक बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर डीटी चंद्रशेखर ने दो विकेट हासिल किए।



### विदर्भ में नगालैंड के खिलाफ पहले दिन बनाए 302 रन

बेंगलुरु में गत चैंपियन विदर्भ में नगालैंड के खिलाफ पहले दिन तीन विकेट पर 302 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज अमन मोखादे ने नाबाद 148 रन की पारी खेली। दिन का खेल खत्म होने पर यश राठौड़ 66 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। ध्रुव शौरे ने भी 64 रन की पारी खेली। कानपुर में सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर केएस भरत (144) के शतक से आंध्र ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ तीन विकेट पर 289 रन बनाए। उन्होंने 244 गेंद की अपनी पारी में 13 चौके मारे। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे शेख रशीद दिन का खेल खत्म होने पर 94 रन बनाकर खेल रहे थे। कटक में ओडिशा ने राजेश धूपर (नाबाद 76) के अर्धशतक से बड़ौदा के खिलाफ पांच विकेट पर 205 रन बनाए।

### बंगाल ने उत्तराखंड को 213 रन पर समेटा


**कोलकाता।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने चार गेंद में तीन विकेट चटकाए, जिससे बंगाल ने रणजी ट्रॉफी क्रिकेट एलीट ग्रुप सी मैच के पहले दिन बुधवार को उत्तराखंड को 213 रन पर समेट दिया। इसके जवाब में बंगाल ने भी पारी की पहली ही गेंद पर कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (00) का विकेट गंवाकर दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर आठ रन बनाए। सुदीप चटर्जी (नाबाद 01) और सुदीप कुमार घरामी (07) स्टंप के समय क्रीज पर थे। बंगाल की टीम अभी उत्तराखंड से 205 रन से पीछे है। चोटों और खराब फॉर्म में बाद लय हासिल करने की कोशिशों में जुटे 35 साल के शमी को बुधवार को अपने शुरुआती 14 ओवर में कोई सफलता नहीं मिली लेकिन उत्तराखंड की पारी के अंतिम लम्हों में उन्होंने रिवर्स स्विंग का जादू चलाया।

### पडिक्कल, करुण और स्मरण का अर्धशतक

**राजकोट।** देवदत्त पडिक्कल, करुण नायर और आर स्मरण के दमदार अर्धशतक की बदौलत कर्नाटक ने बुधवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच के पहले दिन सौराष्ट्र के खिलाफ पांच विकेट पर 295 रन बनाए। पडिक्कल (96 रन, 141 गेंद, 11 चौके) और नायर (73, 126 गेंद, नौ चौके) ने तीसरे विकेट के लिए 146 रन जोड़े। इन दोनों ने उस समय पारी को संवारा जब बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र जडेजा (100 रन पर चार विकेट) ने सलामी बल्लेबाज निकिन जोस और कप्तान मयंक अग्रवाल को पारी की शुरुआत में जल्दी पवेलियन भेजा। दिन का खेल खत्म होने पर स्मरण (नाबाद 66 रन, 120 गेंद, चार चौके, दो छक्के) के साथ अनुभवी श्रेयस गोपाल क्रीज पर डटे थे। जोस और अग्रवाल के केवल 26 रन तक पवेलियन लौटने के बाद कर्नाटक की टीम लड़खड़ा रही थी और पडिक्कल तथा विदर्भ के साथ दो सत्र खेलने के बाद वापस लौटे नायर ने पारी को संवारा।

## वनडे रैंकिंग

# राशिद खान बने नंबर वन गेंदबाज रोहित-विराट एक पायदान खिसके





एजेंसी ▸▸ दुबई

ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को बड़ा झटका लगा है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बुधवार को पुरुष क्रिकेट की ताजा रैंकिंग जारी की। वनडे रैंकिंग में दोनों खिलाड़ी एक-एक पायदान नीचे खिसक गए। अफगानिस्तान के बल्लेबाज इब्राहिम जदरान को बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने का फायदा मिला। वह रैंकिंग में 8 स्थान ऊपर दूसरे नंबर पर पहुंच गए। इससे पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को भी एक पायदान का नुकसान हुआ है। बल्लेबाजों की वनडे रैंकिंग में भारत के नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल शीर्ष पर बने हुए हैं। गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में राशिद खान ने पांच स्थान की छलांग लगाई और शीर्ष पर पहुंच गए है।

### राशिद ने लगाई पांच स्थान की छलांग

गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में राशिद खान ने पांच स्थान की छलांग लगाई और केशव महाराज की बादशाहत खत्म कर दी। राशिद अब वनडे क्रिकेट में नंबर-1 गेंदबाज हैं। टॉप-5 में अन्य गेंदबाजों में श्रीलंका के महेश तीक्ष्णा,इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर और भारत के कुलदीप यादव है। ऑलराउंडर्स की वनडे रैंकिंग में अफगानिस्तान के अजमुल्लाह उमरजई एक पायदान ऊपर शीर्ष स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने सिंकदर रजा को पछाड़ा। अभिषेक की बादशाहत कायम मोहम्मद नबी तीसरे और राशिद चौथे नंबर पर हैं। राशिद को ऑलराउंडर रैंकिंग में 2 स्थान का फायदा हुआ। बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज को एक पायदान का नुकसान हुआ है।

### कुलदीप यादव करियर की सर्वश्रेष्ठ 14वीं टेस्ट रैंकिंग पर

कुलदीप यादव ने आईसीसी की टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 14वीं रैंकिंग हासिल की। कुलदीप ने जारी रैंकिंग में सात स्थान की छलांग लगाई जबकि वेस्टइंडीज के जोमेल वारिकन और कप्तान रोस्टन चेज क्रमशः दो और चार स्थान आगे 30वें और 57वें स्थान पर पहुंच गए। बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पहली पारी में 175 रन बनाने के बाद दो स्थान ऊपर पांचवें, जबकि केएल राहुल 38 और नाबाद 58 रन की पारियों से दो स्थान ऊपर 33वें स्थान पर पहुंच गए।

## विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियन

# प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे तन्वी, उन्नति और रक्षिता

- 800 तन्वी ने इंडोनेशिया की ओई विनार्तो को दी मात
- उन्नति ने अमेरिका की एलिस वैंग को दी शिकस्त



एजेंसी ▸▸ गुवाहाटी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा और रक्षिता श्री रामराज ने बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी ने इंडोनेशिया की ओई विनार्तो को 15-12, 15-7 से हराया जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त उन्नति ने अमेरिका की एलिस वैंग को 15-8, 15-5 से शिकस्त दी। दसवीं वरीयता प्राप्त रक्षिता ने पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए सिंगापुर की आलिया जकारिया को 11-15, 15-5, 15-8 से हराया। तन्वी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए चीन की ली युआन सुन से भिड़ेंगी।

ली ने तीसरे दौर में नौवीं वरीयता प्राप्त लियाओ जुई-ची को 15-12, 15-12 से हराया। रक्षिता श्रीलंका की चौथी वरीयता प्राप्त रानीथमा लियानागे के खिलाफ खेलेंगी, जिन्होंने मलेशिया की लेर क्यू इंग को 15-9, 15-12 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### दत्तू टीटी पर टिकी उम्मीदें

लड़कियों ने पदक की ओर कदम बढ़ाए हैं जबकि लड़कों के एकल वर्ग में भारत की उम्मीदें केवल ज्ञान दत्तू टीटी पर टिकी हैं, जिन्होंने नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में 15वीं वरीयता प्राप्त हमवतन सूर्याक्ष रावत को 11-15, 15-6, 15-11 से हराया। रौनक को हालांकि चीन के ली जी हैंग को कड़ी टक्कर देने के बावजूद 11-15, 12-15 से हार का सामना करना पड़ा।

### भव्य और विशाखा की जोड़ी अगले दौर में

मिश्रित युगल में भव्य छाबड़ा और विशाखा टोप्पो की जोड़ी भी अगले दौर में पहुंच गई। इस 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने आस्के रोमर और जैस्मीन विलिस की डेनमार्क की जोड़ी को 15-13, 15-11 से हराया।
भारत ने टूर्नामेंट में 25 सदस्यीय टीम उतारी है। लड़कियों के एकल वर्ग में खिलाड़ी प्रतियोगिता के इतिहास में अब तक जीते गए 11 व्यक्तिगत पदकों में इजाफा करने की प्रबल दावेदार हैं।

### धीमी ओवर गति के लिए टीम इंडिया पर लगा जुर्माना

**विशाखापत्तनम।** भारतीय महिला टीम पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप के मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए बुधवार को मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। रविवार को विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को तीन विकेट से हराया। भारत को अब रविवार को इंदौर में इंग्लैंड के खिलाफ करो या मरो वाले मुकाबले में उतरना है। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की मिशेल पेरेरा ने यह जुर्माना लगाया क्योंकि भारत ने निर्धारित समय में एक ओवर कम किया था। इस कारण उसके खिलाड़ियों पर उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।'

# विश्व कप क्वालीफायर में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने रोनाल्डो

**लिस्बन।** पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। 40 साल की उम्र में रोनाल्डो ने दिखा दिया कि उनका गोल करने का जुनून अब भी बरकरार है। उन्होंने हंगरी के खिलाफ खेले गए वर्ल्ड कप 2026 क्वालीफायर में दो गोल दागे, जिससे उन्होंने एक नया विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। रोनाल्डो अब विश्व कप क्वालीफायर में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने 22वें मिनट में करीब से गोल दागकर फीफा विश्व कप क्वालिफायर्स में 40वां गोल पूरा किया, जिससे उन्होंने ग्वाटेमाला के पूर्व स्टार कार्लोस रूइज को पीछे छोड़ दिया।



### कमिंस ने कोहली और रोहित को लेकर कही बड़ी बात

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि भारत के खिलाफ रविवार से पर्थ में शुरू हो रही एकदिवसीय श्रृंखला विशेष है क्योंकि यह आस्ट्रेलियाई प्रशंसकों के लिए सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा को खेलते हुए देखने का आखिरी मौका हो सकता है। पीठ की चोट से जूझ रहे 32 वर्षीय कमिंस इस श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। कमिंस ने कहा, 'विराट और रोहित पिछले 15 वर्षों से लगभग हर भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं, इसलिए ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट प्रेमियों के लिए उन्हें यहां खेलते हुए देखने का यह आखिरी मौका हो सकता है।' उन्होंने कहा, 'वे निश्चित रूप से भारत के लिए खेल के चैंपियन रहे हैं और उन्हें हमेशा अच्छा समर्थन मिलता है। जब भी हम उनके खिलाफ खेलते हैं, दर्शक पूरे जोश में रहते हैं।' इस शीर्ष तेज गेंदबाज ने कहा कि वह इस श्रृंखला में नहीं खेल पाने से वह काफी निराश हैं, जिसमें एडिलेड और सिडनी में भी मैच होंगे।

## सात अंक लेकर विश्व कप तालिका में शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया

# बांग्लादेश के खिलाफ दबदबा कायम रखने आज उतरेगा ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी ▸▸ विशाखापत्तनम

अब तक प्रत्येक मैच में दबदबा बनाए रखने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम बांग्लादेश के खिलाफ गुरुवार को होने वाले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके महिला वनडे विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। ऑस्ट्रेलिया चार मैचों में तीन जीत और कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ बारिश के कारण रद्द किए गए मैच में अंक बांटने के बाद सात अंक लेकर विश्व कप तालिका में शीर्ष पर है। ऑस्ट्रेलिया की टीम इस मैच में भारत के खिलाफ पिछले मैच में जीत हासिल करने के बाद उतरेगी।



### हीली ने महिला वनडे में बनाया विश्व रिकॉर्ड

यदि प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया के फॉर्म को लेकर कोई संदेह था तो एलिसा हीली की अगुवाई वाली टीम ने महिला वनडे में विश्व रिकॉर्ड बनाकर इस संदेह को दूर कर दिया तथा इस प्रारुप में संभावित आठवीं खिताबी जीत की अपनी मंशा जाहिर कर दी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 331 रन का लक्ष्य रखा था। हीली ने 102 गेंदों पर 21 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 142 रन की आक्रामक पारी खेली, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने एक ओवर शेष रहते सात विकेट पर 331 रन बना लिए। इससे ऑस्ट्रेलिया ने प्रतियोगिता में भाग ले रही सभी टीमों के लिए खतरे की घंटी बजा दी। यह मैच तब समाप्त हुआ जब एलिस पेरी ने छक्का लगाकर ऑस्ट्रेलिया की जीत सुनिश्चित की।

### बांग्लादेशी टीम का मनोबल बढ़ा हुआ

बांग्लादेश ने अपने पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका को कड़ी टक्कर दी थी, लेकिन वह मैच तीन विकेट के मामूली अंतर से हार गया था। बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना ने स्पिनरों का अच्छा इस्तेमाल किया लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका को जीत हासिल करने से नहीं रोक पाया। इसके बावजूद इस मैच से बांग्लादेश का मनोबल बढ़ा होगा क्योंकि उसके बल्लेबाजों ने पहले की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया। बांग्लादेश को अगर ऑस्ट्रेलिया के सामने कड़ी चुनौती पेश करनी है तो उसके बल्लेबाजों को फिर से अच्छा प्रदर्शन करना होगा।




अधिकृत डीलरः जबलपुरः सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाटः जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुरः आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, मण्डलाः शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुरः रचना हीरो 9289922377, रीवाः बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतनाः स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोलः विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनीः हर्ष हीरो 9289923166, बैढ़नः कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधीः राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, सिवनीः सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरईः श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलरः पथरियाः एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरियाः आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ाः अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारीः श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़ारः श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरीः अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुरः स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ाः शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेवः लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमाः सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहरः वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंजः सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझीः श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरनाः जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासियाः श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलानः साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझीः गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोराः बाईक प्वांट 9826802730, उमरियाः गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनीः रुसिया मोटर्स 9425822392, जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़ः एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, पृथ्वीपुरः महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताईः शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगीः ओम मोटर्स 9685416118, बरगवांः बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरीः श्याम एजेंसी 9981238133, बरहीः अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुरः बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोदः चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसरः श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटनः रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबादः अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोराः भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरईः यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौकाः अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुरः रचना हीरो 8815396340, दमोहः इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240